
उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के होली समारोह में डांस करते पत्रकार और विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार



रामनगर में महिला होल्यारों के साथ नृत्य करतीं राधा की भूमिका में कलाकार। ● अमृत विचार

# रंग बरसे भीगे चुनर वाली... गीत पर जमकर झूमे लोग

## होली महोत्सव में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश व मंडलायुक्त दीपक रावत ने भी की शिरकत

**▸▸ उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का होली उत्सव**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का होली महोत्सव शुक्रवार को रामपुर रोड स्थित शाकुंतलम बैंक्वेट हॉल में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोक कलाकारों ने कुमाऊनी होली गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने रंग बरसे भीगे चुनर वाली होली खेले रघुवीरा... गया। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री महेश शर्मा ने होली की कविताएं और कुमाऊनी गीत गाए। कार्यकम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट भी पहुंचे। कार्यक्रम में राधा कृष्ण की फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही।

राधा कृष्ण के भजन पर केंद्रीय मंत्री भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद सिंह तोलिया, हरिमोहन अरोरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू अधिकारी आदि झूमे।

कार्यकम में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत भी पहुंचे। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में अधिकाधिक मतदान की अपील की। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार ने कुमाऊनी परंपरा जीवंत रखने की अपील की।

इस दौरान उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष विपिन चंद्रा, महानगर अध्यक्ष संजय प्रसाद, महामंत्री दीपक भंडारी, व आशुतोष सिंह, अरविंद मलिक, अंकुर शर्मा, गणेश जोशी, गोविंद सनवाल, अनुज सक्सेना, राजेंद्र सिंह बिष्ट, शमशेर सिंह नेगी, भगवान गंगोला, संजय रावत, दीपक नेगी, समीर बिसारिया, हरीश पांडेय, भानु जोशी, चंद्र प्रकाश, पवन कुंवर, सर्वेश तिवारी, पंकज सक्सेना, दीप बेलवाल, अंकित शाह, शैलेंद्र नेगी, शैलेंद्र भंडारी, अंजली पंत, आदि मौजूद रहे।

इधर, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को रंगोत्सव मनाया गया। नृत्य प्रतियोगिता में तनुजा बृजवासी और ग्रुप ने बाजी मारी, जबकि गायन प्रतियोगिता में हार्मोनियस ग्रुप विजयी रहा। परिसर में होली बैठक प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। स्वर साधना महिला ग्रुप, बाबा नीम करोली महिला ग्रुप, जय काली मां समूह, अलकनंदा समूह, गायत्री समूह, हिम्मतपुर चौवाल ग्रुप ने शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिसमें बाबा नीम करोली महिला ग्रुप विजेता टीम रही। विजेता टीम को 7,100 इनामी राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। इस अवसर पर परिसर निदेशक डॉ. मनीष कुमार बिष्ट, डीन एकेडमिक्स डॉ. एमसी लोहनी, ग्राम प्रधान रुकमणी देवी और तीलू रौतेली से सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता मेघा जोशी आदि उपस्थित रहे।

आईटीओ रोड स्थित सत्या विहार कॉलोनी में शुक्रवार को महिलाओं ने घर-घर जाकर बैठकी होली की। इस अवसर पर गायिका खुशी जोशी, माया नेगी, मनीषा बिष्ट, रेनू कांडपाल, रीता पांडे, लता पंत, शर्मिला बसेड़ा आदि मौजूद रहीं।

लटूरिया बाबा आश्रम, बरेली रोड में मृदुला नारी शक्ति क्लब की ओर से भी होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां महिलाओं ने होली के गीत गाए व जमकर नृत्य किया।

नेशनलिस्ट ऑफ जर्नलिस्ट की ओर से अतिथि रेस्टोरेंट में होली कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पत्रकारों, समाजसेवियों, नेताओं आदि ने शिरकत की। इस अवसर पर होली के गीत व नृत्य किया गया।


लटूरिया बाबा आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में राधा-कृष्ण नृत्य करतीं महिलाएं।


सत्या विहार में होली गायन करती गायिका खुशी जोशी की टोली।


नैनी महिला व बाल विकास समिति के होली महोत्सव में नृत्य करतीं महिलाएं।


कालाढूंगी में होली गीत गातीं महिलाएं।



ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में रंगोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार


राजेन्द्र नगर में आयोजित होली महोत्सव में गीत गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## आरएसएस ने पत्रकारों के साथ मनाई होली

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पत्रकार होली मिलन कार्यक्रम हुआ। जिसमें एक दूसरे के ऊपर रंग लगाए और साथ ही होली गीत भी गाए गए। रामपुर रोड स्थित एक रोस्टोरेंट में होली पर्व पर पत्रकार मिलन समारोह हुआ। आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर ने पत्रकारों से कहा कि होली पर्व एक दूसरे को गले लगाने का त्योहार है। इस मौके पर सह प्रांत प्रचार प्रमुख बृजेश बनकोटी, सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख भगवान सहाय, नगर संघ चालक विवेक कश्यप, जिला प्रचार प्रमुख प्रदीप लोहनी, सह जिला बौद्धिक प्रमुख कमलेश त्रिपाठी, डा. नवीन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पेस स्कूल में भी मनाया गया होली का कार्यक्रम

**हल्दूचौड़ :** पेस पब्लिक स्कूल मोटाहल्दू में होली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक चन्द्र प्रकाश दुर्गापाल व प्रधानाचार्य सतीश चंद्र दुर्गापाल ने किया। कार्यक्रम में चारों सदनों ने होली पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक सीपी दुर्गापाल, प्रधानाचार्य सतीश चंद, धीरज भट्ट, योगेश गुणवंत, भुवन जोशी आदि उपस्थित रहे।


पेस पब्लिक स्कूल के होली कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापक एवं बच्चे।


वुडलैंड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होली उत्सव में शामिल बच्चे।

## वुडलैंड्स स्कूल में बच्चों ने मनाया होली उत्सव

**हल्द्वानी :** वुडलैंड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिम्मतपुर तल्ला में शुक्रवार को होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों को संस्कृति से रूबरू कराया। इस दौरान स्कूल की व्यवस्थापिका रंजना धोनी, अकादमिक निदेशक लता खोलिया एवं बोर्ड संयोजिका पूनम जोशी का विशेष योगदान रहा।

## कालाढूंगी में महिलाओं ने जमकर खेली होली

**कालाढूंगी :** कालाढूंगी, कोटाबाग, बैलपड़ाव व चकलुवा क्षेत्रों में महिलाओं ने जमकर होली खेली। शुक्रवार को महिलाओं ने टोली बनाकर घर-घर जाकर होली के गीत व झोडे गाए। इस दौरान मोहनी पलड़िया, विनीता पलड़िया, दीपा, दिव्या, गंगा देवी, गंगा खनायत, चंपा देवी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## सड़कों पर थिरकी होल्यारों की टोली

**रामनगर :** प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के तत्वावधान में महिला और पुरुष होल्यारों ने नगर में शानदार सांस्कृतिक जुलूस निकाला। राधा कृष्ण का नृत्य व छोलिया नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। पैठपड़ाव से महिला एवं पुरुष होल्यारों का हुजूम अबीर गुलाल उड़ाते हुए कोसी रोड होता हुआ लखनपुर चौक तक पहुंचा। हो हो होलक रे, झुकी आयो शहर में ब्योपारी, हाहा मोहन गिरधारी जैसे गीतों के साथ महिला होल्यारों की टीम झूमते गाते निकली। होल्यारों का दल लखनपुर से घूमकर वापस पैठ पड़ाव में आकर समाप्त हुआ। जुलूस में सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, निवर्तमान सभासद तनुज दुर्गापाल, हेम चंद्र भट्ट, चंपा पांडे, नीमा मठपाल, दीपा कोटिया, मंजू बिष्ट, जानकी बिष्ट, डॉ चन्द्रा जोशी, पूजा सागर, बसंती डंगवाल, नीता पांडे, बसंती जोशी, पुष्पा ध्यानी, सावित्री जोशी, लता कठायत, राधा नैनवाल, लीला रावत, सुमित लोहनी मौजूद रहे।

## आयुष्मान कान्वेंट विद्यालय में होली महोत्सव की धूम

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर स्थित आयुष्मान कॉन्वेंट विद्यालय में होली महोत्सव की धूम मची रही। महोत्सव का शुभारंभ प्रधानाचार्य मीनू त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जल कैसे से भरुं.... जमुना गहरी ..., सिद्धी के दाता... समेत कई होली गीत प्रस्तुत किए। इस दौरान साक्षी जोशी, हरिप्रिया नेगी, वंदना पाण्डेय, लक्ष्मी बोरा, अनिता पांडेय, हेमा, रजनी देवी, संतोष कुमार, प्रीति मंगच्वारी, नीलम जोशी, हेमा बिष्ट, सपना, पूजा पिनारी, निशा, सरिता तिवारी, सरिता मेहरा, गीता बिष्ट, मनीषा आदि मौजूद रहे।

# नायला बिखेर रहीं कौमी एकता के रंग

**▸▸ होली के लिए बना रहीं हर्बल रंग**

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** रंगों के पर्व होली का आगाज हो चुका है। इन दिनों सरोवर नगरी नैनीताल में भी महिलाएं इको फ्रेंडली, हर्बल रंग बनाने में जुटी हुई हैं।

खास बात ये है कि इस बीच मुस्लिम समुदाय की नायला खान भी कौमी एकता के रंग बिखेर रही हैं। वह होली के लिए हर्बल रंग तैयार कर रही हैं। उन्होंने एक किलो रंग बनाने के बाद अपनी दोस्त से रंग बनाने की विधि साझा की। इसके बाद दोनों ने मिलकर करीब 10 किलो रंग तैयार किया। अब इन महिलाओं ने करीब 100 किलो से ज्यादा रंग तैयार कर लिया है। इसकी मांग नैनीताल ही नहीं बल्कि हल्द्वानी, दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई समेत कई अन्य महानगरों में हो रही है। रंगों के त्योहार होली में नैनीताल में मुस्लिम परिवार ने सर्वधर्म एकता की अनूठी मिसाल पेश की है।


हर्बल रंग बनातीं नायला खान। ● अमृत विचार

# पोस्टर में शोराब, निबंध में राजकुमार ने मारी बाजी


पुरस्कार प्राप्त करती विजेता प्रतिभागी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में अर्थशास्त्र विभागीय परिषद की ओर से पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी अनुमिता अग्रवाल ने पोस्टर प्रतियोगिता का विषय "अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता" व निबंध प्रतियोगिता का विषय "उत्तराखंड की आर्थिक व सामाजिक प्रगति में महिलाओं की भूमिका" के विषय पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल में डॉ.निवेदिता अवस्थी व डॉ.ममता भदोला जोशी रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः शोराब अली, मीना घुग्तियाल व लता ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः राजकुमार, मो. जुबेर व ज्योति ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ. रश्मि आर्या आदि मौजूद रहीं।

# पालिका कर्मियों को मिला वेतन का तोहफा

**नैनीताल।** पालिका में नये ईओ और प्रशासक की नियुक्ति के बाद आय बढ़ोतरी की कवायद रंग ला रही है। भवन व सफाई कर वसूली में तेजी के साथ ही पार्किंग टेंडर से अच्छी आय हो रही है। शुक्रवार को वसूली से हुई आय से पालिका कर्मचारियों को वेतन दे दिया गया है। बीते कई वर्षों से खराब वित्तीय प्रबंधन की वजह से कर्मचारियों को वेतन व पेंशन के लिए परेशान होना पड़ता था। दिसंबर में प्रशासक एसडीएम केएन गोस्वामी व ईओ राहुल आनंद की नियुक्ति के बाद आय बढ़ोतरी पर जोर दिया गया। पालिका स्तर पर पहली बार कर वसूली को लेकर सरकार विभागों व निजी उपभोक्ताओं की आरआरसी काट वसूल किया गया। पार्किंग समेत अन्य माध्यमों से आय बढ़ोतरी के प्रयास किये जा रहे हैं। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि होली से पूर्व शुक्रवार को कर्मचारियों को एक माह का वेतन भुगतान कर दिया गया है। साथ ही मासिक ग्रांट के लिए पत्राचार कर दिया गया है।

# स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया


कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल परिसर में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के समापन पर मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता भीमताल

**▸▸ सात दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन**

**▸▸ प्रतिभागियों का एमएसएमई के तहत पंजीकरण किया गया**

**अमृत विचार :** देवभूमि उद्यमिता योजना के तत्वावधान में कुमाऊं विश्वविद्यालय की भीमताल परिसर में सात दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हुआ। अंतिम दिन में सभी प्रतिभागियों का भारत सरकार की एमएसएमई के तहत पंजीकरण किया गया। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी कुमुद उपाध्याय ने बताया कि उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को छठे दिवस में प्रतिभागियों को विषय विशेषज्ञ राकेश तिवारी ने आतिथ्य के क्षेत्र में स्टार्टअप की संभावनाओं पर अपना व्याख्यान दिया। इसके साथ ही विबग्योर सनराइज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक महेश चंद्र पनेरू ने स्थानीय स्तर पर स्टार्टअप की संभावनाओं एवं शुरुआत पर उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी दी।

कार्यक्रम में विबग्योर सनराइज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक महेश चंद्र पनेरू, प्रबंधक सीमा बिष्ट, परिसर से कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आशीष बिष्ट, राकेश तिवारी सहित 48 प्रतिभागी शामिल हुए।

# कुमाऊं की होली का है 400 साल पुराना इतिहास

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** यूं तो पूरे देश में होली का पर्व मनाया जाता है लेकिन कुमाऊं की खड़ी होली का अपना अलग गौरवशाली इतिहास है। यहा होलियार ढोल और रागों पर झूमने पर मजबूर कर देते हैं।

साथ ही गायन में कुमाउनी होली के इतिहास का वर्णन करते हैं। होली के जानकार जहूर आलम बताते हैं कि कुमाउनी होली की शुरुआत 15 वीं शताब्दी में चम्पावत के चंद राजाओं के महल और काली कुमाऊं सुई क्षेत्रों में मानी जाती है। चंद राजवंश के प्रसार के साथ ही यह संपूर्ण कुमाऊं क्षेत्र तक फैली। कुमाऊं की इस होली का इतिहास 400 साल से ज्यादा पुराना है। ढोल की थाप के साथ कदमों की चहलकदमी और राग-रागिनियों का समावेश कुमाउनी खड़ी होली में होता है। कुमाऊं में चम्पावत, पिथौरागढ़ अल्मोड़ा, बागेश्वर में इस होली का आयोजन किया जाता है।

जहां राग दादरा और राग कहरवा में होली गायन के दौरान कृष्ण राधा, राजा हरिश्चंद्र, श्रवण कुमार समेत रामायण व महाभारत काल की कथाओं का वर्णन किया जाता है।

## पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिले

**नैनीताल :** वीकेंड पर होली की छुट्टियों को लेकर सरोवर नगरी पर्यटकों की आमद से गुलजार रहेगी। पर्यटकों ने अभी से शहर के होटलों में एडवांस बुकिंग करवाना शुरू कर दिया है। अब तक नैनीताल के बडे.होटलों में 70% होटलों की ऑनलाइन बुकिंग आ गई है। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने बताया होली के दौरान करीब तीन दिन की छुट्टी है और मैदानी क्षेत्रों में अभी से गर्मी पड़ने लगी है।

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 23 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 35, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे 14

आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी ने किया खुलासा 13

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : आजीवन कारावास काट रहे 28 कैदी किए रिहा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे 28 कैदियों को रिहा कर दिया। ये कैदी 14 साल की सजा काट चुके हैं।

प्रदेश की जेलों में आजीवन सजा काट चुके कैदियों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी रिहा नहीं करने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर उच्च न्यायालय ने जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को कल तक 28 कैदियों को रिहा करने के आदेश दिए। इन कैदियों की 14 साल की सजा पूरी पो गई थी। इनके खिलाफ कोई नकारात्मक रिपोर्ट भी नहीं थी। अपनी सजा काट चुके अन्य कैदियों के मामले में कोर्ट हर शनिवार को सुनवाई करेगी।

मालूम हो कि पिछले 17 मार्च को मुख्य न्यायाधीश ने हल्द्वानी की जिला जेल और सितारगंज की संपूर्णानंद ओपन जेल का निरीक्षण किया। वहां वह उन कैदियों से भी मिली जिनकी सजा पूरी हो चुकी थी, परन्तु उन्हें आज तक रिहा नहीं किया गया। मुख्य न्यायाधीश ने कैदियों के अधिकारों को समझते हुए प्रदेश के सभी जेल प्रबंधकों से इसकी लिस्ट मांगी कि प्रदेश में ऐसे कितने कैदी हैं जिन्होंने आजीवन कारावास का समय पूरा कर लिया है। लेकिन उन्हें अभी तक रिहा नहीं किया गया। जिसमें 167 ऐसे कैदी मिले। मुख्य न्यायधीश ने इसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना पाते हुए स्वतः संज्ञान लेकर गृह सचिव, सचिव न्याय को कोर्ट ने तलब किया था। गृह सचिव द्वारा कहा गया कि उन्होंने कल ही इस विभाग का कार्यभार संभाला है। उन्हें समय दिया जाए।

## तीसरे दिन भी नैनीताल-ऊधमसिंह नगर से नहीं भरे पर्चे

हल्द्वानी/देहरादून



अल्मोड़ा में भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा नामांकन पत्र दाखिल करते हुए, उनके साथ हैं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ● अमृत विचार

- **अल्मोड़ा से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने भरा नामांकन**
- **हरिद्वार संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र रावत ने डिजिटल नामांकन किया**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के तीसरे दिन शुक्रवार को अल्मोड़ा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अजय टम्टा ने नामांकन कराया। हरिद्वार संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत ने डिजिटल नामांकन दाखिल किया। नैनीताल-ऊधमसिंह नगर में कोई नामांकन नहीं हुआ। अल्मोड़ा में एक निर्दलीय प्रत्याशी ने पर्चा भरा। हरिद्वार में पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डी) के ललित कुमार व भारतीय राष्ट्रीय एकता दल के सुरेश पाल ने नामांकन किया। पौड़ी गढ़वाल पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया( डेमोक्रेटिक) की प्रत्याशी सुरेशी देवी कोहली ने नामाकंन दाखिल किया। टिहरी गढ़वाल सीट पर तीसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं हुआ।

नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन भी नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र में किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की ओर से चार सैट नामांकन पत्र लिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी व रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह और डेजिग्नेटेड रिटर्निंग आफिसर मनीष बिष्ट ने बताया कि नामांकन के तीसरे दिन भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने चार सैट नामांकन पत्र लिए। अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा ने नामांकन कराया है। अजय टम्टा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, सौरभ बहुगुणा और अन्य दिग्गजों की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा। शुक्रवार को अल्मोड़ा लोकसभा सीट के लिए कुल दो नामांकन हुए। निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन प्रसाद ने भी रिटर्निंग अधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपकर अपना पर्चा दाखिल किया। हरिद्वार संसदीय सीट पर शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र रावत ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन डाटा भरा गया। इसके अलावा पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डी) के ललित कुमार व भारतीय राष्ट्रीय एकता दल के सुरेश पाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं निर्दलीय अवनीश कुमार व अजय कुमार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के देवेंन्द्र सिंह, सनातन भारत दल के स्वामी दामोदर आचार्य, उत्तराखंड समानता पार्टी के बलबीर सिंह भंडारी व कांग्रेस पार्टी के लिए अर्जुन सैनी ने राजकुमार सैनी के लिए नामांकन पत्र लिए। कुल 18 नामांकन पत्र लिए गए।

पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को एक प्रत्याशी द्वारा नामाकंन पत्र दाखिल किया गया। वहीं चार नामाकंन पत्रों की बिक्री हुई। रिटर्निंग अधिकारी/जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया( डेमोक्रेटिक) की प्रत्याशी सुरेशी देवी कोहली ने नामाकंन पत्र दाखिल किया। टिहरी गढ़वाल संसदीय सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशी बॉबी और राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी की ओर से नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

### एक नजर

#### सीबीआई और यूरोपोल के बीच हुआ समझौता

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और यूरोपीय संघ एजेंसी फॉर लॉ एन्फोर्समेंट ऑपरेशन (यूरोपोल) के बीच सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने के लिए एक कार्य व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सीबीआई ने बयान जारी करके यह जानकारी दी। इस समझौता पर 21 मार्च को यूरोपोल के कार्यकारी निदेशक कैथरीन डी बोले और सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद ने हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर नई दिल्ली और हेग में एक साथ एक आभासी कार्यक्रम में वरिष्ठ सीबीआई और यूरोपोल अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुए।

#### बीआरएस नेता कविता को जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया जिन्हें दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कविता से निचली अदालत में जाने को कहा। पीठ ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती देने वाली कविता की याचिका है, अदालत ईडी को छह सप्ताह में उससे जवाब देने को कह रही है।

#### कर्नाटक में 9.64 करोड़ रुपये की नकदी जब्त

**बेंगलुरु।** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के दौरान 2.75 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है। 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 9.64 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से 9.64 करोड़ रुपये नकद, 15.6 लाख रुपये की मुफ्त वस्तुएं, 22.85 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 7.20 लाख लीटर शराब जब्त की है। 53 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ और 36 करोड़ से अधिक के कीमती धातुएं भी बरामद की गईं हैं।

## कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 28 तक ईडी की हिरासत में भेजा

### शराब नीति के मामले में गिरफ्तारी के बाद ईडी ने मांगी थी 10 दिन की रिमांड

### ईडी ने अदालत से कहा-शराब नीति मामले में केजरीवाल मुख्य साजिशकर्ता

नई दिल्ली, एजेंसी



शराब नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी के एक दिन बाद शुक्रवार को यहां की एक कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

उज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को 28 मार्च को दोपहर दो बजे अदालत में पेश किया जाएगा। अदालत ने मामले में 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करने वाले प्रवर्तन निदेशालय के अर्जी पर आदेश पारित किया। रिमांड पर दिन भर दोनों पक्षों की बहस के बाद अदालत ने कुछ देर के लिए फैसला सुरक्षित कर लिया था, देर शाम ईडी को केजरीवाल की रिमांड दे दी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को एक निचली अदालत से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि वह शराब घोटाले के मामले में अन्य मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मुख्य साजिशकर्ता थे। शराब नीति से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस लिए जाने के तुरंत बाद केजरीवाल को निचली अदालत में पेश किया गया। ईडी ने राउज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा से कहा कि केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति 2021-22 बनाने और उसे लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के तौर पर कई करोड़ रुपये प्राप्त हुए। एजेंसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने अदालत में कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपये मांगे थे। उन्होंने कहा कि धन के लेनदेन से पता चला कि गोवा चुनाव में इस्तेमाल की गई 45 करोड़ रुपये की 'रिश्वत' चार हवाला मार्गों से आई थी।

#### आप व्यक्ति नहीं, कंपनी : राजू

आम आदमी पार्टी संयोजक को कड़ी सुरक्षा के बीच अपराह्न करीब दो बजे अदालत के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद एएसजी राजू ने अदालत से कहा कि हमने 10 दिन की रिमांड के लिए आवेदन दिया है। आप एक व्यक्ति नहीं बल्कि 'कंपनी' है और कंपनी के आचरण के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

#### गिरफ्तारी की आवश्यकता नहीं थी : सिंघवी

केजरीवाल का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति, गिरफ्तारी की आवश्यकता के समतुल्य नहीं है और केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने की आवश्यकता नहीं थी। सिंघवी ने कहा कि मामले में महत्वपूर्ण न्यायिक विवेक की जरूरत है, इसमें लोकतंत्र के बड़े मुद्दे शामिल हैं।

#### मुख्यमंत्री होने का फायदा उठाया : ईडी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया कि शराब घोटाला मामले में अपराध से अर्जित कमाई की बड़ी लाभार्थी रही आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा धनशोधन कराए जाने के लिए अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली का मुख्यमंत्री होने का फायदा उठाया। संघीय एजेंसी ने उनकी हिरासत मांगते हुए धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत गठित विशेष अदालत से कहा कि दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य व्यक्तियों के साथ सांठगांठ करने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी घोटाले के सरगना और मुख्य षड्यंत्रकारी हैं।

## हल्द्वानी में आईएसआईएस ने किया था ट्रायल धमाका

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **अब आईएसआईएस प्रमुख के लिंक को खंगालने में जुटी एजेंसियां**
- **देहरादून के साथ हल्द्वानी लाया जा सकता है प्रमुख हारिस**
- **दिल्ली के बाद गौला नदी से सटे जंगलों में किए थे हल्के धमाके**

**अमृत विचार :** असम से पकड़े गए भारत में आईएसआईएस के प्रमुख देहरादून निवासी हारिस फारुखी के बारे में पुलिस और एनआईए को पिछले साल ही जानकारी हो गई थी। जब दो अक्टूबर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल ने तीन आतंकियों मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अशरफ और मोहम्मद अशरद वारसी को गिरफ्तार किया था। ये तीनों आईएसआईएस के आतंकी हैं और इनसे ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को हल्द्वानी में धमाके के ट्रायल की खबर मिली थी। हालांकि अब हारिस फारुखी एनआईए के कब्जे में है। सूत्र बताते हैं कि उसे देहरादून के साथ ही हल्द्वानी लाया जा सकता है।

पिछले साल अक्टूबर में दिल्ली में गिरफ्त में आए आतंकियों ने पुलिस टीम को बताया था कि उन्होंने हल्द्वानी में रेकी करने के साथ बम धमाके का परीक्षण भी किया था। ये धमाका गौला नदी और नदी किनारे जंगलों में करने की बात सामने आई थी। इस बात की पुष्टि अब हारिस फारुखी ने भी कर दी। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि हल्द्वानी की रेकी की वजह कहीं कोई नया ट्रेनिंग सेंटर खोलना तो नहीं था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली, लखनऊ व मुरादाबाद से तीन संदिग्ध आतंकियों मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अशरफ और मोहम्मद अशरद वारसी को गिरफ्तार किया था। जो कि पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं। तब पता चला कि ये तीनों देश के कई हिस्सों में रेकी कर चुके हैं। ये तीनों हल्द्वानी भी आए थे और बम का परीक्षण किया था। इनके पास से गूगल मैप मिला, जिससे हल्द्वानी में इनके मौजूद होने की पुष्टि हुई।

इन सबकी जांच को एनआईए अब इन्हें पहले देहरादून और हल्द्वानी ला सकती है। जिसके बाद यह पता लगाया जाएगा कि पूर्व में पकड़े गए तीन आतंकी और हारिश में क्या संबंध हैं और हल्द्वानी में इनका क्या प्लान था? हालांकि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने धमाके की बात से इन्कार किया है। जबकि पुलिस मुख्यालय से हारिस से संबंधित हर बिंदु की जांच की बात कही जा रही है।

#### पकड़ा जा चुका माओवादी प्रशिक्षण शिविर

चोरगलिया के जंगलों में माओवादियों का प्रशिक्षण केंद्र पकड़ा गया था। जहां सशस्त्र ट्रेनिंग दी जाती थी। कई माओवादी पकड़े गए थे। उनके पास से राष्ट्र विरोधी साहित्य व असलहे बरामद हुए थे। शिविर के खुलासे के बाद हसपुर खत्ता में पुलिस चौकी स्थापित की गई।

## शारदा नदी में डूबने से मां-बेटी ने गंवाई जान

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** शारदा नदी में डूबने से मां-बेटी की मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद दोनों शव बरामद कर लिए गए। पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मृतक महिला के मायके वालों को घटना की जानकारी दी है। उनके पहुंचने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।

जानकारी के मुताबिक कंचन (27) पत्नी संजय सक्सेना और अपनी सात साल की बेटी दिव्यांशी को लेकर शुक्रवार पूर्वान्ह किसी काम से बाजार गई थी। मां- बेटी एकाएक बैराज मार्ग से लगे शारदा नदी क्षेत्र में चली गई और नदी में डूब गई। पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और दोनों को निकाला। उप जिला चिकित्सालय के डॉ आफ्ताब आलम ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। टनकपुर के घसियारा मंडी निवासी मृतका के पति संजय सक्सेना का टेलरिंग का काम है। वरिष्ठ उप निरीक्षक बीएस बिष्ट ने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद मृतका के मायके वालों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## एएसआई ने शुरू किया भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण

**धार (मप्र)।** एएसआई के एक दल ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में स्थित विवादास्पद भोजशाला/ कमाल मौला मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया।

दल में 10 से अधिक सदस्य शामिल हैं। एएसआई का यह दल सुबह परिसर में पहुंचा, पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक आशीष गोयल एएसआई के दल के साथ मौजूद थे। गोयल ने बताया कि एएसआई दल ने दोपहर तक काम किया और फिर परिसर से चले गए।

## बंगाल में मंत्री के घर ईडी का छापा



- **स्कूल भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई**

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल ने शुक्रवार को राज्य के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित आवास पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी के साथ सुबह करीब सवा नौ बजे सिन्हा के आवास पर पहुंची और इसने तलाशी अभियान शुरू किया। ममता बनर्जी सरकार में एमएसएमई और कपड़ा मंत्रालय का प्रभार संभालने वाले सिन्हा उस समय करीब 90 किलोमीटर दूर मुरारई में अपने पैतृक घर पर थे।

बोलपुर से जाते समय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि वे जांच एजेंसी के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। जब तक मैं वहां पहुंचकर अधिकारियों से बात नहीं करूंगा, मैं नहीं बता पाऊंगा कि क्या हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में मंत्री के आवास पर तलाशी ली गई।

#### हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया

कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कुछ आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया जाए। इस मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी समेत कई लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पूर्व लोकसेवकों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मुख्य सचिव को एक समयसीमा के भीतर उसके समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसमें यह बताया जाए कि वह मामले पर स्वतंत्र रूप से निर्णय ले रहे हैं। न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि मुकदमा चलाने की मंजूरी पर निर्णय लेने में देरी गंभीर खेद का विषय है।

## रिजर्व बैंक के कार्यालय 30, 31 मार्च को खुले रहेंगे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के सरकारी कामकाज से संबंधित कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं चालू वित्त वर्ष के अंतिम दो दिन 30 और 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों के अनुरूप खुली रहेंगी।

सरकारी खातों की वार्षिक बंदी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन 30 मार्च और 31 मार्च को शनिवार और रविवार होने के बाद भी निर्धारित समय तक किए जा सकते हैं। आरबीआई की ओर से कहा गया कि एनईएफटी और आरटीजीएस प्रणाली के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, को रात 12 बजे तक जारी रहेगा।

## बिहार में निर्माणाधीन पुल का हिस्सा ढहा, एक श्रमिक की मौत, नौ घायल

सुपौल/पटना, एजेंसी



- **सुपौल जिले में कोसी नदी पर बनाया जा रहा है पुल**
- **एनएचएआई प्रशासन के अधिकारी पहुंचे जांच के निर्देश**

बिहार के सुपौल जिले में शुक्रवार तड़के एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सुपौल और मधुबनी जिले के भेजा-बकौर के बीच कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल के एक हिस्से के गिरने की सूचना मिली है। प्रशासन को घायलों की मदद करने और समुचित मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है।

सिन्हा ने कहा कि पुल गिरने की जांच कराई जाएगी और दोषी अभियंताओं और कार्यरत कंपनी के विरुद्ध नियम अनुसार जांच की जाएगी। जिम्मेदारों पर विधि सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से संपर्क में हैं। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी वाईबी सिंह ने कहा कि बिहार के मधुबनी और सुपौल जिलों में भेजा और बकौर के बीच पुल का निर्माणाधीन स्पैन ढह गया है। कुल 10 मजदूर फंसे हुए थे। अस्पताल ले जाते समय एक की मौत हो गई और अन्य 9 को मामूली चोटें हैं। एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

## उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा एक्ट असंवैधानिक घोषित

विधि संवाददाता, लखनऊ



- **सरकार को निर्देश-मदरसा छात्रों को प्राइमरी, माध्यमिक बोर्ड के स्कूलों में दें प्रवेश**
- **हाईकोर्ट ने कहा-यह अधिनियम संविधान के पंथ निरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। न्यायालय ने उक्त अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्षता के मूल सिद्धांतों, संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन व अनुच्छेद 21-ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकारों के विपरीत करार दिया है। साथ ही न्यायालय ने इस कानून को यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन एक्ट की धारा 22 के भी विरुद्ध पाया है। न्यायालय ने राज्य सरकार को यह आदेश भी दिया है कि मदरसा अधिनियम के समाप्त होने के बाद प्रदेश में बड़ी संख्या में मौजूद मदरसों में पढ़ने वाले छात्र प्रभावित होंगे लिहाजा उन्हें प्राइमरी, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोड्र्स से सम्बद्ध नियमित स्कूलों में समायोजित किया जाए। न्यायालय ने कहा कि सरकार पर्याप्त संख्या में सीटें बढ़ाए और आवश्यकता हो तो नए विद्यालयों की स्थापना करे। न्यायालय ने कहा है कि सरकार सुनिश्चित करे कि 6 से 14 साल का कोई बच्चा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिले से न छूट जाए।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अधिवक्ता अंशुमान सिंह राठौर की याचिका पर पारित किया। उक्त याचिका के साथ न्यायालय ने एकल पीठों द्वारा भेजी गई उन याचिकाओं पर भी सुनवाई जिनमें मदरसा बोर्ड अधिनियम की संवैधानिकता का प्रश्न उठाते हुए, बड़ी बेंच को मामले भेजे गए थे। याचिकाओं पर न्यायालय ने 8 फरवरी 2024 को ही सुनवाई पूरी कर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया था। वहीं सुनवाई के दौरान प्रमुख याचिका के विरुद्ध कुछ मदरसों, मदरसों के शिक्षक संगठन व कर्मचारी संगठन ने भी हस्तक्षेप प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह व न्याय मित्र गौरव मेहरोत्रा इत्यादि ने पक्ष रखा।

#### 2004 में बनाया गया यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात निजी मदरसों का संचालन प्रदेश में होता रहा। ये मदरसे राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं थे। वर्ष 1969 में पहली बार अरबी व फारसी मदरसा मान्यता विनियम लाया गया। इसके तहत मदरसों के पंजीकरण की व्यवस्था शुरू हुई। वर्ष 1987 में यूपी अशासकीय अरबी तथा फारसी मदरसों की मान्यता नियमावली लाई गई। 12 अगस्त 1995 के शासनादेश के द्वारा प्रदेश में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का गठन हुआ, उक्त विभाग के तहत मदरसों के लिए आने वाली योजनाएं व अन्य क्रिया कलाप किए जाने लगे। वर्ष 2004 में यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट बनाया गया।

## सार-संक्षेप

### सांसद प्रत्याशी अनिल बलूनी का रोड शो आज

**रामनगर :** पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी शनिवार को रोड शो के जरिए जनसंपर्क करने के बाद होली मिलन समारोह में भागीदारी करेंगे। उसके बाद वह चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए कहा कि उनके कार्यक्रम में आंशिक तब्दीली हुई है और अब वह नगर में रोड शो के माध्यम से संपर्क करेंगे। पार्टी कार्यकर्ता सुबह 11 बजे मुख्य मार्ग पर रिलायंस पंप पर बलूनी का जोरदार स्वागत करेंगे। उसके बाद सवा 11 बजे शिवलालपुर, साढ़े 11 बजे भवानी गंज में अभिनन्दन किया जायेगा। पत्रकार वार्ता में प्रभारी प्रताप सिंह बोरा, मंडल अध्यक्ष मदन जोशी, वीरेंद्र रावत, गणेश रावत मौजूद रहे।

### युवाओं को सरकारी नौकरियां धामी सरकार में मिलीं



**कालाढूंगी :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि पुष्कर सिंह धामी सरकार के 2 साल बेमिसाल रहे हैं। उत्तराखंड के इतिहास में अब तक सबसे ज्यादा युवाओं को पुष्कर सिंह धामी की सरकार में सरकारी नौकरियां मिली हैं। उत्तराखंड में सरकारी, सार्वजनिक और निजी परिसंपत्तियों पर अवैध तरीके से कब्जा करने वालों के खिलाफ पुष्कर सिंह धामी सरकार कठोर कदम उठा रही है।



विदेशी छात्राओं के साथ भ्रमण करते कॉर्बेट के निदेशक डॉ. धीरज पांडे।

### कॉर्बेट पार्क में पहुंचा विदेशी छात्रों का दल

**रामनगर :** क्लेमसोन यूनिवर्सिटी साउथ कैरोलिना से आए विद्यार्थियों के समूह ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में कार्यशील ईको डेवलपमेंट कमेटी द्वारा किए जा रहे रोजगार उन्नयन कार्यक्रमों की जानकारी हासिल की। समूह को सीटीआर के निदेशक डॉ. धीरज पांडेय ने ढेला वन रेंज के सावल्दे पूर्वी ईडीसी में भ्रमण कराया। जहां दल के सदस्यों ने ग्रामीणों से संवाद कर बी-हाइव फेन्सिंग के विषय में जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान दिग्नध नायक, डॉ. शालिनी जोशी, अजय कुमार ध्यानी आदि मौजूद रहे।

### पानी नहीं तो जीवन नहीं स्वच्छ जल है बड़ी चुनौती

**नैनीताल :** दुनियाभर में शुक्रवार को विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। पानी का महत्व समझाना इसका प्रमुख उद्देश्य है। डीएसबी परिसर में निदेशक विजिटिंग डॉ. ललित तिवारी ने कहा कि पृथ्वी का 71 फीसदी हिस्सा पानी से घिरा हुआ है लेकिन उसमें से सिर्फ तीन फीसदी पानी ही पीने लायक है। विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना एवं जल संरक्षण जीवन के सतत विकास हेतु महत्वपूर्ण है।

### आयुष बने एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष

**नैनीताल :** प्रदेश प्रभारी अक्षय लाखड़ा एवं प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के निर्देशों पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शार्दुल नेगी ने नगर एवं ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इसमें डीएसबी परिसर बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र आयुष आर्य को नैनीताल नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इसके बाद पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र सिंह पाल, पूर्व विधायक संजीव आर्य, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल, पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल, गोपाल सिंह बिष्ट आदि ने बधाई दी है।



सेवानिवृत शिक्षकों को विदाई देते साथी शिक्षक व अन्य।

### भावुक पल में सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई

**हल्द्वानी :** गौलापार में राजकीय स्कूलों से सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लाखनमंडी क्षेत्र में राप्रावि नयागांव लछमपुर से पुष्पा जोशी, राप्रावि नयागांव कटान से किरनी देवी शर्मा, राप्रावि नवाडखेड़ा कॉलोनी से खष्टी पंत, राप्रावि दानी बंगर से प्रमिला सोराडी और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तपस्या नाला से नीमा पुनेठा सेवानिवृत्त हो गई हैं। संकुल कुंवरपुर में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। हल्द्वानी विकासखंड के उप शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र आर्य ने कहा कि यह विदाई और शिक्षक दोनों को भावुक कर देने वाला पल होता है। न्याय पंचायत संसाधन केंद्र लाखनमंडी के प्रभारी डिकर सिंह पडियार ने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का योगदान अनुकरणीय है। इस दौरान अमित जोशी, आशीष बिष्ट, रामेश्वरी सजवान, लीला चौकरायत, संध्या गर्ग, सतीश नैनवाल, संतोष जोशी, आशा नेगी, अनुराधा सक्सेना, ममता मुरारी, सुमन बिष्ट, शैलजा मिश्रा, चंदन सिंह पडियार, मुकेश फुलारा, चंपा त्रिपाठी, ज्योति आर्य, भगवती जोशी आदि मौजूद रहे।

### उपपा ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को बताया लोकतंत्र की हत्या

**रामनगर :** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या बताया। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार द्वारा लायी गयी इलेक्ट्रोल बांड पॉलिसी को सुप्रीम कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित करने के बाद देश की जनता का ध्यान हटाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है।

### भाकपा माले ने की रिहा करने की मांग

**हल्द्वानी :** भाकपा (माले) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी की कड़ी भर्त्सना की है। शुक्रवार को पार्टी ने कहा कि पिछले दस सालों में ईडी द्वारा 95 प्रतिशत मुकदमे विपक्षी नेताओं पर लगे हैं। मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बोलने वाले सभी विपक्षी दल व नेताओं को राजनीतिक बदले की भावना से फंसाया जा रहा है। भाकपा (माले) मांग करती है कि अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन, मनीष सिसौदिया समेत सभी नेताओं को रिहा किया जाए।

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग रखी

**रामनगर:** लोकसभा चुनाव अभियान शुरू होते ही कर्मचारी शिक्षक भी पुराने पेंशन मुद्दे पर मुखर होने लगे हैं। पुरानी पेंशन बहाली मंच की पहल पर कर्मचारी शिक्षकों ने संघ भवन फॉरेस्ट कंपाउंड में बैठक कर पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की। कर्मचारी शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष शिक्षक नेता नवेंदु मठपाल ने कहा वर्ष 2004 में प्रारंभ की गई नई पेंशन स्कीम किसी भी कर्मचारी शिक्षक के हित में नहीं है। माध्यमिक शिक्षक संघ के केसी त्रिपाठी ने सभी से एकजुट होने की अपील की। मयंक सुयाल, पंकज मंदोलिया, वीरेंद्र प्रसाद पांडे मौजूद रहे।

---

**पुणे, बेंगलुरु के बजाय कोलकाता के गुलाब के पौधे की मांग अधिक, आबरा का डाबरा, डबल डिलाइट, ग्रैंडीफ्लोरा आदि प्रजातियां आती हैं पसंद**

# कोलकाता का गुलाब बिखेर रहा हल्द्वानी में अपनी खुशबू

ललित पांडे, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर में बिकने के लिए कई जगहों से गुलाब के पौधे आते हैं लेकिन लोगों को सिर्फ कोलकाता का गुलाब भाता है। कोलकाता के गुलाब का पौधा कई प्रजातियों व रंगों में बिकता है।

फल-फूल पौध विक्रेताओं ने बताया कि शहर में पुणे, बंगलुरू और कोलकाता से गुलाब के पौधे आते हैं लेकिन इसके जानकार व शौकीन सिर्फ कोलकाता के गुलाब की मांग करते हैं। बरेली रोड में गोल्डन ग्रीन नर्सरी चलाने वाले शिव कुमार बताते हैं कि पुणे व बंगलुरू की तुलना में कोलकाता के गुलाब की ग्राफ्टिंग तकनीक में अंतर होता है। पुणे व बेंगलुरु के पौधे हॉलैंड (डच रोज) प्रजाति के होते हैं। पुणे की मिट्टी चिकनी, जबकि कोलकाता की काली मिट्टी होती है, जो यहां के परिवेश के मुताबिक ही है, जिससे वहां के गुलाब का पौधा यहां आसानी से पनप जाता है। काली मिट्टी में नमी बनी रहती है, इसलिए पौधा जल्दी खराब नहीं होता है।




हल्द्वानी देवलचौड़ स्थित बीएस नेगी के निवास पर खिला कोलकाता का गुलाब। ● अमृत विचार

**लोगों के दिलों में बसता है डच रोज :** गुलाब के शौकीन डीएस मेहरा ने बताते हैं कि डच रोज (हाइब्रिड) सबसे महंगा बिकता है। इसकी पंखुड़ी मोटी व कली जैसा बना रहता है। यह 15-20 दिन तक सूखता भी नहीं है, इसलिए प्यार के दिवस वैलेंटाइन डे पर इसकी बहुत ज्यादा मांग रहती है।

**अक्टूबर से मार्च तक लगता है गुलाब :** गुलाब के पौधे अक्टूबर से मार्च तक लगाए जाते हैं, जिसमें वर्मी कंपोस्ट, नीम खली और बोन मील आदि का इस्तेमाल किया जाता है। इससे पौधे स्वस्थ, ग्रोथ अच्छी और फूल बड़े आकार के होते हैं। इसके अलावा, पौधे की समय-समय पर देखभाल व कटाई छंटाई करते रहना होता है।

**कई प्रजातियों और रंगों में उपलब्ध है गुलाब**

गुलाब का पौधा कई प्रजातियों और रंगों में मिलता है, जिसमें आबरा का डाबरा प्रजाति का गुलाब शहर के लोगों को सबसे ज्यादा भाता है। आबरा का डाबरा गुलाब में स्ट्राइप होती है और दो कलर के इस गुलाब के फूल छोटे होते हैं। डबल डिलाइट (टाइगर रोज), मिनिएचर रोज, गोल्ड मेडल रोज (ग्रैंडीफ्लोरा) आदि प्रजातियां भी लोगों को खूब पसंद आती हैं। इसके अलावा पीला, लाल, मैरून, सफेद, कलर मिक्स आदि रंगों में गुलाब मिलता है। गुलाब के पौधों की कीमत 60 रुपये से लेकर 250 रुपये तक है।

> गुलाब का शौकीन हूं। एचटी (हाइब्रिड) गुलाब ज्यादा लगाता हूं। यह टिकाऊ और महंगा बिकता है।
> – **डीएस मेहरा**, फतेहपुर

> पौधों के बीच रहना पसंद करता हूं। गुलाब को खासतौर से पसंद करता हूं, इसकी कई प्रजाति के पौधे मेरे पास हैं।
> – **बीएस नेगी**, देवलचौड़

---

# होली और रमजान पर्व पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कसी कमर

## एसपी सिटी व प्रशासनिक अधिकारियों ने ली पीस कमेटी की बैठक, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने कोतवाली मीटिंग हॉल में होली और रमजान के त्योहार को लेकर विभिन्न थाना क्षेत्रों की पीस कमेटी के साथ बैठक की।

एसपी सिटी ने वर्तमान में लोकसभा निर्वाचन संबधी आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के दौरान होली और रमजान के त्योहारों में सभी महत्वपूर्ण अनुदेशों का पालन करने, त्योहारों का शांतिपूर्वक आयोजन करते हुए सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने की अपील की। सीओ सिटी नितिन लोहनी तथा हल्द्वानी सर्किल के सभी थाना प्रभारियों को इन त्योहारों के दौरान सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों और कमेटी के सदस्यों से इन त्योहारों के दौरान बिजली, पानी आदि से संबंधित समस्या से रूबरू होते हुए संबंधित कार्यदाई संस्था से समन्वय स्थापित करते हुए इन सेवाओं को सुचारू करने का आश्वाशन दिया। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा, खाद्य निरीक्षक, कोतवाल उमेश कुमार मलिक आदि थे।



पीस कमेटी की बैठक लेते एसपी सिटी प्रकाश चंद्र व सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी।

### होली व ईद शांतिपूर्वक मनाने की अपील

**लालकुआं :** आगामी होली एवं ईद उल फितर पर्व को लेकर क्षेत्र के विभिन्न समुदायों की पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बैठक आयोजित की। कोतवाली परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी संगीता ने कहा कि सभी जाति धर्म के लोग आपसी तालमेल और सौहार्द के साथ होली मनाएं। इस दौरान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल, वरिष्ठ उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह नेगी, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश अग्रवाल, आर के सेतिया आदि मौजूद थे।



लालकुआं कोतवाली में होली पर्व को लेकर बैठक करते पुलिस अधिकारी एवं क्षेत्रवासी।

---

# युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के दिए सुझाव

संवाददाता, हल्द्वानी

**आयोजन**

- यूओयू में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम
- उद्यमिता से संबंधित पाठ्यक्रम भी चलाए जाएंगे

**अमृत विचारः** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू), उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के प्रयासों से यूओयू में देव भूमि उद्यमिता विकास केंद्र की ओर से संचालित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि ईडीआईआई मुकुल बेदी, मुख्य वक्ता यूसीएफ सदन के एमडी रमिंदरी मंद्रवाल और रिसोर्स पर्सन ईडीआईआई अहमदाबाद से आए हितेंद्र परमार रहे। उन्होंने उद्यमिता विकास के गुणों के विषय में बताया। कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि सरकार की योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने और सक्षम बनने के सुझाव भी दिए। डा. आशुतोष भट्ट ने कहा की उत्तराखंड में प्राकृतिक स्रोतों की भरमार है, जिसका उपयोग उद्यम स्थापित करने में किया जा सकता है। देवभूमि उद्यमिता के समन्वय डा. मनोज पांडे ने कहा कि उद्यमिता से संबंधित पाठ्यक्रम भी चलाए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन अकादमी निदेशक प्रो. पीडी पंत, संचालन डॉ. सुमित प्रसाद ने किया। इस दौरान डा .राजेंद्र क्वीरा, दीपक पंत आदि रहे।

### बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर कार्यशाला संपन्न

**हल्द्वानी :** यूओयू में उत्तराखंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (यूकास्ट) की ओर से संचालित पांच दिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में करीब 15 विषय विशेषज्ञों ने पेटेंट कॉपीराइट ज्योग्राफिक इंडिकेशन ट्रेडमार्क ट्रेड सीक्रेट पर अपने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम का संचालन यूओयू के कोऑर्डिनेटर आईपीआर सेल डा .आशुतोष भट्ट द्वारा किया गया। डॉ . संदीप बुधनी, डॉ . नवीन तिवारी व डॉ . नीलिमा बुधनी ने भी व्याख्यान दिए। इस दौरान डॉ . शिल्पा, आशीष, रिया, ललिता, हिमानी रहे।

---

# लाखों की लागत से बनी कोविड चौकी बदहाल

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचारः** समीपवर्ती भुजान के समीप लाखों रुपये की लागत से तैयार हुई कोविड चौकी बदहाली का दंश झेल रही है। सरकारी धनराशि से बनाई गई चौकी की हालत सरकारी मशीनरी की कार्यप्रणाली की हकीकत बयां कर रही है। बद से बद्तर हालत में पहुंच चुकी चौकी की अनदेखी से तमाम गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। दूसरी ओर कुछ कदम आगे ही चुनावी ड्यूटी निभा रही टीम खुले आसमान के नीचे टेंट लगाकर फर्ज निभा रहे हैं।

कोरोनाकाल के दौरान सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों में आवाजाही करने वाले लोगों का डाटा एकत्र करने तथा स्वैब के नमूने एकत्र करने को लाखों रुपये की भारी भरकम लागत से जगह जगह चौकियां स्थापित की। चौकियां बनने से कोरानाकाल में ड्यूटी निभा रहे पुलिसकर्मियों व स्वास्थ्य कर्मियों को राहत मिली। समय बीतने के बाद अब कोविड चौकियां बद से बद्तर हालत में पहुंच चुकी है। लगातार अनदेखी से चौकियों की दुर्दशा हो चुकी है। खैरना बाजार के समीप भुजान क्षेत्र में बनी कोविड चौकी की बदहाली विभागीय उपेक्षा की हकीकत बयां कर रही है। सरकारी बजट से बनी चौकी की बदहाली से स्थानीय लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। आरोप लगाया है कि सरकारी पैसे की खुलेआम बर्बादी कर दी गई है। नजदीक ही चुनावी ड्यूटी निभा रहे कर्मचारी खुले आसमान के नीचे टेंट लगाकर फर्ज निभा रहे हैं जबकि लाखों की लागत से बनी चौकी की दुर्दशा हो चुकी है।

### शहर से प्लास्टिक एकत्र कर सफाई की

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी और गो-क्लीन गो-ग्रीन द्वारा गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हल्द्वानी शहर से प्लास्टिक एकत्र कर सफाई की गई। गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी हिमांशु बागरी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में गंगा तटीय स्थानों को साफ सुथरा रखने, लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने, गंगा में कूड़ा-कचरा व पॉलिथीन नहीं डालने, शौच के स्थान पर शौचालय का प्रयोग करने का संकल्प लिया गया।

स्वच्छता का संदेश देने के लिए शीशम बाग परिसर से कैंसर हॉस्पिटल तक और हीरा नगर होते हुए वन परिसर तक पदयात्रा व झंडा यात्रा निकाली गई। वहां पर वन क्षेत्राधिकारी गौला चंदन सिंह अधिकारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



रामनगर में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

## बोर्ड परीक्षा में मूल्यांकन को लेकर परीक्षकों को दी अहम जानकारी

**रामनगरः** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद में शुक्रवार को मूल्यांकन कार्य के लिए महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें मूल्यांकन को लेकर विशेषज्ञों ने परीक्षकों, उपप्रधान परीक्षकों और अंकेक्षकों को अहम जानकारी दी।

शुक्रवार को आयोजित ऑनलाइन बैठक में सत्र की शुरूआत सचिव डॉ. नीता तिवारी ने की। अपर सचिव वीपी सिमल्टी ने मुख्य नियंत्रक, उप नियंत्रक के दायित्वों पर प्रकाश डाला। अपर सचिव बीएमएस रावत ने परीक्षकों और उपप्रधान परीक्षकों के मूल्यांकन संबंधी कर्तव्य बताए। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव डॉ. शिवपूजन सिंह, उपसचिव सुषम गौरव, शोध अधिकारी शैलेंद्र जोशी, डॉ. नंदन सिंह बिष्ट ने मूल्यांकन के कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने सुझाव दिए।

### बाजार में अतिरिक्त टैंक निर्माण पर जोर

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित छड़ा गांव के बाशिंदों ने जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में बनाए जा रहे पेयजल टैक की क्षमता बढ़ाए जाने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने एक ही टैंक से बाजार व गांव में जलापूर्ति पर सवाल खड़े कर दिए है। कहा कि गांव के टैंक की क्षमता बढ़ाने के साथ ही समुचित पेयजल आपूर्ति को बाजार क्षेत्र में भी एक अतिरिक्त टैंक निर्माण किया जाना चाहिए। जल जीवन मिशन योजना के तहत गरमपानी, खैरना तथा छड़ा क्षेत्र में पानी का सूखा खत्म करने को लगभग दो करोड़ रुपये की योजना से पेयजल पंपिंग योजना का कार्य गतिमान है। छड़ा गांव के सरपंच विक्रम सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीणों ने पेयजल योजना के तहत गांव में बनाए जा रहे पंद्रह केएल के टैंक की क्षमता बढ़ाने जाने की मांग उठाई।

---

**उम्मीद** | **भीमताल विधानसभा में दोनों ही चेहरे जाने माने, भीमताल में है मजबूत पकड़**

# भाजपा को मजबूत करेंगे भंडारी व रूबाली

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** भाजपा अपने वोट बैंक को बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इसी के तहत पर्वतीय क्षेत्र के भीमताल विधानसभा में मजबूत पकड़ रखने वाले दान सिंह भंडारी व आंदोलनकारी केडी रूबाली भी अब भाजपा में सम्मलित हो गए हैं। भीमताल विधानसभा में दोनों ही चेहरे जाने माने हैं।

दान सिंह भंडारी पूर्व में रामगढ़ के ब्लाक प्रमुख रहे तो वहीं एक बार भाजपा से चुनाव लड़कर विधायक भीमताल भी रहे हैं। उनकी मजबूती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उस समय जब वह विधायक रहे तो उन्होंने वर्तमान विधायक राम सिंह कैड़ा जो उस समय कांग्रेस से विधायक का चुनाव लड़े थे उनको परास्त किया था।



> लोक सभा चुनाव में भाजपा की नीतियों को घर-घर पहुंचाया जाएगा और लोगों से अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रयास किया जाएगा। निश्चित तौर पर हम लाखों मतों से विजय रहेंगे।
> –**दान सिंह भंडारी**, पूर्व विधायक भीमताल



> विकासखंड ओखलकांडा में भाजपा की जीत के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार किया जाएगा। इसके साथ ही नए मतदाता को भी भाजपा की नीतियों से अवगत कराते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए बैठकें आदि की जाएंगी।
> –**केडी रूबाली**, राज्य आंदोलनकारी

विधानसभा चुनाव में मोदी लहर में भी दान सिंह भंडारी ने 16 हजार से भी अधिक वोट लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। वहीं केडी रूबाली पूर्व में ग्राम प्रधान हरीश ताल रह चुके हैं। उनकी पत्नी हेमा रूबाली वर्तमान ब्लाक प्रमुख कमलेश कैड़ा के विरुद्ध ब्लाक प्रमुख का चुनाव लड़ चुकी है और वर्तमान में हरीशताल क्षेत्र से बीडीसी मेंबर हैं। भीमताल विधान सभा में आज भी कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी विधायक दान सिंह भंडारी के करीबी माने जाते हैं।

### फुटबॉल यूथ आई लीग के लिए ट्रायल

**नैनीतालः** डीएसए मैदान में शुक्रवार को कॉर्बेट फुटबॉल क्लब रुद्रपुर के मुख्य प्रशिक्षक अमित वर्मा और मैनेजर मयंक ने फुटबॉल की यूथ आई लीग अंडर 13 और अंडर 15 के लिए ट्रायल लिया।

इसमें नैनीताल शहर के शहीद सैनिक विद्यालय, सेंट जोसेफ कॉलेज, लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर कॉलेज, सनवाल स्कूल व सरस्वती विद्या मंदिर के लगभग 100 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, गोविंद सिंह बोरा, सागर सिंह आदि मौजूद रहे।

# रोमांचक क्रिकेट मैच में हल्द्वानी कोल्टस जीती

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कार्बेट कप अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में हल्द्वानी कोल्टस ने जीएनजी हल्द्वानी को रोमांचक मैच में अंतिम बॉल पर 5 विकेट से हराया।

जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जीएनजी की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 238 बनाए। अपनी टीम के लिए शास्वत सिंह ने 10 चौकों की मदद से 65 और चैतन्य धोनी ने 4 चौकों की मदद से 29 रनों का योगदान दिया। हल्द्वानी कोल्टस के लिए अभिमन्यु कांडपाल ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। जवाब में उतरी हल्द्वानी कोल्टस एकेडमी की टीम ने 5 विकेट खोकर 50 वें ओवर की अंतिम गेंद पर 239 रन बनाकर मैच जीत लिया। हल्द्वानी कोल्टस के लिए अभिमन्यु कांडपाल ने 6 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 75 और आयुष पाल ने 72 रनों का योगदान दिया।




### जिलाधिकारी वंदना सिंह ने हस्ताक्षर किए और सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी खिंचवाई, एमबीपीजी महाविद्यालय हल्द्वानी में कार्यक्रम हुआ

# जिले के सभी 1010 बूथों पर मतदाता हस्ताक्षर अभियान शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जनपद नैनीताल के समस्त 1010 बूथों पर वृहद मतदाता हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का जिलाधिकारी वंदना ने हस्ताक्षर कर और सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी खिंचवा कर शुभारंभ किया।

शुक्रवार को एमबीपीजी महाविद्यालय हल्द्वानी में मतदाता हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत के साथ ही जनपद के मुख्य स्थानों तहसील परिसर हल्द्वानी, रामनगर, लालकुआं, कालाढूंगी, रामनगर, कलेक्ट्रेट नैनीताल, नगर पालिका परिसर नैनीताल, विकास भवन परिसर भीमताल में भी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी/ नोडल अधिकारी स्वीप ने सभी ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर/ बीएलओ को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने बूथों पर हस्ताक्षर अभियान चलाये, तांकि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद नैनीताल को दिए गए 75 प्रतिशत मतदान लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत हल्द्वानी तहसील में व्यापक स्तर पर शुरू हो गया है । तहसीलदार सचिन कुमार द्वारा संदेश "वोट करेगा नैनीताल" से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। स्वीप ब्लॉक समन्वयक मोनिका चौधरी द्वारा सक्षम एप्लिकेशन के साथ ही वोटर हेल्पलाइन पर मिलने वाली जानकारियों के साथ ही कोई भी मतदाता न छूटे की मुहिम के लिए डोर टू डोर संपर्क में सहयोग के लिए सभी से आग्रह किया गया। इस अवसर पर हल्द्वानी तहसील परिसर के बीएस बिष्ट, दिनेश बेलवाल, नरेंद्र सिंह, प्रदीप बिष्ट सहित समस्त कार्मिकों और वहां पर उपस्थित लगभग 150 लोगों ने हस्ताक्षर से लोकतंत्र के पर्व में अपनी सहभागिता दर्ज की।



एमबीपीजी कॉलेज में लोकतंत्र यात्रा आर्ट गैलरी का अवलोकन करतीं डीएम वंदना।

#### लोकतंत्र यात्रा आर्ट गैलरी का हुआ शुभारंभ

हल्द्वानी। लोकतंत्र यात्रा के रूप में एमबीपीजी कॉलेज में लगाई गई आर्ट गैलरी का जिलाधिकारी वंदना ने अवलोकन किया। गैलरी में 1951 से लेकर अब तक चुनावी प्रक्रिया में नए बदलाव को दर्शाया गया। स्वीप ब्लॉक समन्वयक मोनिका चौधरी ने बताया कि गैलरी के माध्यम से लोगों को दशकों पहले लोग कैसे मतदान करने केंद्रों पर पहुंचते थे। मतदान पेटी कब आई, पहचान पत्र कब बने इसकी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। पहले दिन छात्र-छात्राओं में गैलरी को लेकर उत्साह देखा गया।

## लालकुआं में भी चलाया हस्ताक्षर अभियान

**लालकुआं।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता को लेकर तहसील प्रांगण से हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। इसमें मतदाताओं ने मत डालने का संकल्प लिया।

जिला निर्वाचन कार्यालय नैनीताल के निर्देश के क्रम में तहसील लालकुआं में आगामी लोकसभा चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता एवं 75% मतदान के लक्ष्य के साथ वृहद मतदाता शपथ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने किया। इस मौके पर ब्लॉक स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. सुरेश भट्ट, प्रधानाचार्य राइका लालकुआं हेम चन्द्र जोशी, रजिस्ट्रार कानूनगो मोहित बोरा, गिरीश गुणवंत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### पीरूमदारा के व्यापारी के युवा पुत्र की मौत



**रामनगर :** पीरूमदारा मुख्य बाजार स्थित पान विक्रेता राम सिंह के युवा पुत्र हेमराज की गत रात्रि आकस्मिक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 30 वर्षीय हेमराज की मृत्यु सोने के दौरान हुई। हेम रोजाना की तरह रात को सोया लेकिन सुबह जब परिजनों ने उसे उठाया तो उसकी मौत हो चुकी थी। हेम की आकस्मिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय व्यापारियों ने घटना पर शोक प्रकट किया है।

### सी-विजिल एप में छह दिन में आई 212 शिकायतें

**हल्द्वानी :** चुनाव आयोग की ओर से बनाए गए सी-विजिल एप में रोज काफी शिकायतें दर्ज हो रही हैं। 16 मार्च से शुक्रवार शाम तक 212 शिकायतें आई। सबसे अधिक शिकायतें हल्द्वानी विधानसभा से 77 प्राप्त हुईं। इसमें कालाढूंगी से 12, लालकुआं 53, नैनीताल में 19, भीमताल से एक और रामनगर में 50 शिकायतें दर्ज कराई गईं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि अभी तक दर्ज शिकायतों में से 207 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है।

### बूथों पर व्हाट्सएप ग्रुप का किया गठन

**हल्द्वानी :** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए सभी बूथों में समस्त परिवारों को सम्मिलित कर व्हाट्सएप ग्रुप का गठन किया गया। शुक्रवार को विधानसभा भीमताल में 35 बूथो, रामनगर में 17 बूथो, हल्द्वानी में 23 बूथो, नैनीताल में 17 बूथो, कालाढूंगी में 19 बूथो और लालकुआं में 14 बूथो के मतदाताओं के व्हट्सएप ग्रुप का गठन कर वोट अपील के संदेश पोस्ट करने का शुभारंभ किया गया। साथ ही इन विधानसभाओं में मतदाता शपथ, हस्ताक्षर, मतदाता जागरूकता अभियान चलाए गए।

### पहाड़ों में बारिश, मैदान में गिरा पारा

**हल्द्वानी :** पहाड़ों में हुई बारिश की वजह से मैदानी इलाकों में पारा गिर गया है। मौसम विभाग के अनुसार उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ जगहों पर मौसम में बदलाव हुआ और वहां बारिश हुई है। इस वजह से मैदानी इलाकों में ठंडी हवा चल रही है। ठंडी हवाओं ने पारे में गिरावट की है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 28 डिग्री रहा जो सामान्य से तीन डिग्री कम है तो वहीं न्यूनतम तापमान 14 .1 डिग्री दर्ज किया गया है। आने वाले दिनों में मौसम साफ होने का अनुमान जताया है। साथ ही तापमान में भी उछाल आएगा।

### पुलिस ने पांच ई-रिक्शा का किया चालान

**लालकुआं :** नगर के अति व्यस्ततम गौला नदी मार्ग की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए शुक्रवार को लालकुआं पुलिस एक्शन मोड में नजर आई। यातायात पुलिस उपरीक्षक योगेश सक्सेना ने अव्यवस्थित ढंग से ई रिक्शा खड़े करने वाले पांच ई रिक्शाओं का चालान किया।

# जमीन को लेकर धोखाधड़ी करने वाले दंपति पर गैंगस्टर

### जिले में गैंगस्टर का पहला मुकदमा मुखानी थाने में लिखा गया

**कार्रवाई**
- जमीन का पांच लोगों से सौदा कर हड़प लिए थे करोड़ों रुपये
- जिलाधिकारी की संस्तुति पर शेखर व तनुजा पर लगा गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पिछले साल पुलिस के शिकंजे में आए जालसाज दंपति शेखर और तनुजा के गले में पुलिस का शिकंजा और कस गया है। यह पहला मामला है जब जमीन की जालसाजी के मामले में किसी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। इन दोनों ने पांच लोगों से करोड़ों की ठगी की और फरार हो गए थे। पिछले साल दोनों को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था।

मुखानी एसओ पंकज जोशी ने बताया कि छड़ायल नयाबाद निवासी शेखर चंद्र पांडे और उसकी पत्नी तनुजा पांडे के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि शेखर चंद्र और तनुजा लंबे समय से लोगों से झांसा देकर लाखों की ठगी कर रहे थे। कभी संपत्ति की खरीद-फरोख्त तो कभी दुकान से लाखों का सामान खरीदकर भुगतान को बकाया छोड़कर फरार हो जाना पेशा इनका है। मुखानी थाने में दंपति के खिलाफ पांच मुकदमे दर्ज हैं। बता दें कि चंद्रशेखर को पुलिस पहले भी गिरफ्तार कर चुकी है। शुक्रवार को पुलिस ने जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद गैंगस्टर एक्ट में पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

#### मंडलायुक्त और पूर्व आईजी की मुहिम रंग लाई

**हल्द्वानी :** जमीनों की आड़ में धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए मंडलायुक्त दीपक रावत और पूर्व आईजी कुमाऊं डा .निलेश आनंद भरणे ने त्वरित कार्रवाई की मुहिम चलाई। मंडलायुक्त ने अपने जनता दरबार में आने वाली शिकायतों पर त्वरित एक्शन लिया और बड़ी संख्या में लोगों के पैसे वापस दिलाए। जबकि पूर्व आईजी ने जमीन संबंधी धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए एक एसआईटी गठित कर दी थी। जिसके जरिये न सिर्फ लोगों के पैसे वापस मिले, बल्कि कई लोगों पर एफआईआर भी दर्ज हुई।

#### पंजाब से पकड़ा गया था करोड़ों की ठगी करने वाला दंपति

**हल्द्वानी :** पिछले साल जालसाज दंपति पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। इन दोनों ने 5 लोगों से करीबन 1 करोड़ से अधिक की जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की थी और सभी मुकदमे मुखानी थाने में दर्ज किए गए थे। आरोपी दंपति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने बीते वर्ष हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब के विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। बीते वर्ष 26 मई को पुलिस ने दंपति को पंजाब के जीरकपुर से जरनैल इनक्लेव 2 से गिरफ्तार किया था।

## चेकिंग टीम ने पकड़े साढ़े 95 हजार रुपये

**कालाढूंगी:** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पुलिस -प्रशासन व निर्वाचन आयोग ने कमर कस रखी है। पुलिस व निर्वाचन आयोग के उड़नदस्ते क्षेत्र में जगह-जगह चेकिंग कर रहे हैं। शुक्रवार को कालाढूंगी में कार से 95 हजार 600 रुपये कैश बरामद किए गए। थानाध्यक्ष भगवान महर ने बताया कि पुलिस व एसएसटी की नयागांव तिराहे पर चैकिंग कर रही थी।टीम ने वाहन संख्या यूके 08 बीसी 3444 कार की तलाशी ली तो उसमें रूपये बरामद हुए। कार स्वामी देवात्मानंद निवासी तपोवन कुटीर आश्रम,उजैली कैश के बारे में कोई स्पष्ट जबाब नही दे पायी। थानाध्यक्ष महर ने बताया कि पूरे मामले में धनराशि जब्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। टीम में एसएसटी प्रभारी कुणाल बिष्ट,एसआई जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारियों को निष्पक्षता व सजगता से कार्य करने के निर्देश

संवाददाता, हल्द्वानी

**सतर्कता**
- व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग संबंधी नोडल अधिकारियों की ली बैठक

**अमृत विचार:** निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग संबंधी नोडल अधिकारियों को निष्पक्षता व सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग संबंधी नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए निष्पक्षता व सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शंका होने पर अपने उच्च अधिकारियो से तत्काल संपर्क करने को कहा, जिससे सही और नियमानुसार कार्य को किया जाए। किसी भी प्रकार की निर्वाचन व्यय संबंधी शिकायत होने या जानकारी के लिए आम जन भी व्यय प्रेक्षक के आधिकारिक नंबर 8272070034 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने बताया कि व्यय मॉनिटरिंग कार्यों से जुड़े कार्मिकों को पूर्व में व्यय मॉनिटरिंग संबंधी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके साथ ही जनपद की सीमा से लगे सभी चेक पोस्टों पर निरंतर रूप से वाहनों की चेकिंग, अवैध शराब, नगदी व अन्य वस्तुओं की जब्ती की कार्यवाही जारी है। चेक पोस्टों पर लगी निगरानी दल, कंट्रोल रूम और एमसीएमसी कक्ष में 24 घंटे सजगता से कार्य कर रहे हैं। इसके लिए कार्मिकों को तीन शिफ्टों में ड्यूटी भी लगाई गई है। इससे पूर्व व्यय प्रेक्षक ने उड़न दस्ते दल टांडा, पंचायत घर और लामाचौड़ का निरीक्षण किया। सभी दल अपने क्षेत्र में कार्यों को करते हुए मुस्तैद पाए गए। बैठक में एसएसपीपी एन मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान, नोडल हेलीकॉप्टर विशाल मिश्रा, आदर्श आचार संहिता शिव चरण द्विवेदी, व्यय अनिता आर्य, लाइजनिंग अधिकारी व्यय केके जोशी, राजेश तिवारी कंट्रोल रूम अनुलेखा, नवनीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# राज्य में 50 हजार असलहे, जमा हुए सिर्फ 21 प्रतिशत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**हालात**
- चुनाव से पहले जमा कराने हैं सभी लाइसेंसी असलहे
- पुलिस के रिकॉर्ड में दर्ज हैं 50467 लाइसेंसी असलहे

**अमृत विचार :** आचार संहिता लग चुकी है और राज्य में पहले चरण में चुनाव घोषित हो चुके हैं। ऐसे लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस को सभी लाइसेंसी असलहे जमा कराने कराने हैं, लेकिन आलम यह है कि पुलिस अभी तक सिर्फ 21 प्रतिशत ही असलहे जमा करा पाई। जबकि पुलिस के रिकार्ड में राज्य में 50 हजार से ज्यादा लाइसेंसी असलहे हैं।

पुलिस रिकॉर्ड में राज्य में 50467 लाइसेंसी असलहे हैं। इन सभी असलहों को पुलिस को जमा कराना होगा। वहीं इसके मुकाबले पुलिस अभी तक राज्य में केवल 10,921 असलहे ही जमा हुए हैं। जबकि मतदान में अब एक महीने से भी कम बचे हैं। 29 वें दिन राज्य में अलग-अलग बूथों पर मतदान होना है। इससे पहले ही उत्तराखंड पुलिस को सभी पुलिस अधिकारियों को शस्त्र जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## 4 लाख गबन का आरोपी कर्मचारी कोर्ट से हुआ बरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**राहत**
- 7 साल से अधिक समय गुजरने के बाद मिला कर्मचारी को न्याय
- बाजार से पैसा उठाकर हड़प लेने का लगा था आरोप

**अमृत विचार :** चेक बाउंस के आरोपी को कोर्ट ने बरी कर दिया। आरोपी पर उसकी मालकिन ने 4 लाख रुपये गबन करने का आरोप लगाया था।

आरोपी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता गणेश चंद्र झा ने बताया कि मूलरूप से सिमरा लुदपुर स्वार रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी राजीव पुत्र पतरस लाल यहां राजेंद्र नगर वार्ड 2 में रहता है और स्वामी विहार गौजाजाली उत्तर बरेली रोड निवासी प्रिया अग्रवाल पत्नी राजेंद्र कुमार की उत्तराखंड ट्रेड लिंक्स में काम करता था। प्रिया ने आरोप लगाया कि राजीव उनके यहां कैश कलेक्शन का काम करता था। वह बाजार से पैसा उठाता रहा, लेकिन जमा नहीं किया।

बही खाता मिलाने पर मामला सामने आया तो उसने जुर्म भी कुबूल कर लिया और चेक दिया। चेक बैंक लगाया तो बाउंस हो गया। जिसके आधार पर प्रिया ने राजीव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन कोर्ट में प्रिया बाजार से उठाए पैसों के लेन-देन के दस्तावेज नहीं दे पाई।

साथ ही जिस चेक को उसने बाउंस बताया, वह चेक प्रिया ने राजीव को नौकरी पर रखने से पहले लिए थे और वो भी ब्लैंक। इन चेकों का दुरुपयोग कर प्रिया ने राजीव पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराया। अधिवक्ता गणेश चंद्र झा की दलीलों और साक्ष्यों के आधार पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार पाण्डेय ने राजीव को बरी कर दिया।

# केव गार्डन के पास पिकअप वाहन पलटा, एक की मौत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** शहर के केव गार्डन क्षेत्र में पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी के हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

बिजनौर निवासी मनोज कुमार शहर के अम्तुल पब्लिक स्कूल में काम करता था और स्कूल के आउट में ही रहता था। कोविड के दौरान स्कूल बंद हो गया स्कूल बंद होने के बाद स्कूल प्रबंधन कर्मियों से कमरे खाली करवा रहा था। शुक्रवार को मनोज ने कमरा खाली कर सामान पिकअप वाहन यूपी 20 एटी 7886 से अपने घर बिजनौर भेजा। मगर वाहन नैनीताल से कुछ दूर जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें उसके रिश्तेदार अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मनोज का बेटा उदय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया है। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए बीडी पांडेय अस्पताल भेजा। जहां एक घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई।


बीडी पांडे अस्पताल में घायल का उपचार करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

**हादसा**
- एक गंभीर रूप से घायल, हायर सेंटर रेफर
- कमरा खाली कर सामान बिजनौर ले जा रहा था मनोज


सड़क पर पलटा वाहन। ● अमृत विचार

## 14 शराब तस्कर हत्थे चढ़े भारी मात्रा में पकड़ी शराब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के चलते पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह 14 लोग अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री और या फिर अवैध शराब की सप्लाई से जुड़े हैं। साथ ही पुलिस ने एक हजार लीटर लाहन भी नष्ट किया है।

नैनीताल पुलिस ने शुक्रवार को हल्द्वानी, रामनगर, भवाली और लालकुआं क्षेत्र में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर देसी शराब के 412 पौव्वे, अंग्रेजी शराब की आठ पेटी, 586 पाउच और 345 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। इसके अलावा 1000 लीटर लाहन भी नष्ट किया है। लोकसभा को लेकर पुलिस इन दिनों लगातार अभियान चला रही है।

#### 6.70 ग्राम स्मैक के साथ पुलिस ने एक धरा

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** पुलिस ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान स्मैक के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष भगवान महर ने बताया कि बौरपुल पर संदिग्ध युवक को रोककर सख्ती से तलाशी ली तो उसके पास से 6 .70 ग्राम स्मैक बरामद हुई। युवक ने पूछताछ में अपना नाम रवि पांडे निवासी झलुवाझाला बताया। थानाध्यक्ष महर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में एसआई रमेश पंत,अमनदीप सिंह, मनोज द्विवेदी मौजूद रहे। पुलिस ने कहा कि नशे के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

**उत्साह** — नैनीताल लोकसभा सीट पर इस बार युवा निर्णायक भूमिका में होंगे, करीब 12,957 युवा पहली बार मतदान करेंगे

# पहली बार मतदान कर रहे युवा शिक्षा, रोजगार के लिए देंगे वोट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** चुनावी घमासान शुरू हो चुका है। नैनीताल लोकसभा सीट पर इस बार युवा निर्णायक भूमिका में होंगे। इस सीट पर करीब 12,957 युवा पहली बार मतदाता बने हैं, जिसमें 6953 युवक व 6004 युवतियां शामिल हैं। मतदान को लेकर इन युवाओं में काफी उत्साह है।

उन्हें पहली बार अपनी मन पसंद का नेता व सरकार चुनने का मौका मिल रहा है।

उनका कहना है कि वे अपनी वोट की ताकत से अपने मनपसंद नेता का चयन कर सकेंगे। युवाओं ने कहा कि सभी को लोकतांत्रिक सरकार चुनने के लिए मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। वे विकास, शिक्षा, रोजगार के मुद्दे पर वोट देंगे।



पहली बार वोट दूंगा, इसकी खुशी है। पार्टियों की बजाय उम्मीदवार को देखकर वोट दूंगा, क्योंकि वही क्षेत्र के समस्याओं को संसद में उठाएगा। - **अभिषेक पांडे**, छात्र



जो प्रत्याशी आम आदमी की दुख-तकलीफों के बारे में बात करेगा, उसे ही वोट दूंगी। आसपास के लोगों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करूंगी। - **आशिया खान**, छात्र



लोकतंत्र में वोट का ही महत्व है। नीतियों के आधार पर वोट दूंगी। उम्मीदवार महत्वपूर्ण है लेकिन नीतियां पार्टी तय करती है। पार्टी देखकर वोट दूंगी। - **शीतल आर्या**, छात्र



मेरा मामना है कि विकास से किसी को वंचित नहीं रखा जाना चाहिए और इसका लाभ हर किसी को मिलना चाहिए। मैं विकास के लिए वोट करूंगी। - **नेहा शर्मा**, छात्र



वोट देने को लेकर बहुत खुशी हो रही है कि अपने मनपसंद का नेता चुनने का मौका मिलेगा। जो पार्टी रोजगार देने की बता करेगी, मेरा वोट उसी को जाएगा। - **अंजली रैकवार**, छात्र



युवाओं के लिए शिक्षा व रोजगार को प्रमुखता देने वाली पार्टी को वोट दूंगी। पहली बार वोट देने के लिए उत्साहित हूं, मेरा वोट मेरा अधिकार। - **आयुषी आर्या**, छात्र

#### 18 से 39 साल तक के मतदाताओं की भूमिका भी होगी अहम

युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों में छह युवा बूथ बनाए गए हैं। यह पहली बार है, जब प्रदेश में युवा बूथ बनाए गए हैं। ऐसे में, नए मतदाताओं के साथ ही नैनीताल सीट पर 18 से 39 साल तक के युवाओं की भूमिका भी अहम होगी। इस सीट पर 18 से 39 साल तक के 3,88,377 युवा मतदाता हैं।

## बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बाइक सवार के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- दोस्त के साथ छोटा कैलाश जाने के लिए निकला था युवक

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रामपुर रोड स्थित अग्रसेन कॉलोनी निवासी पिंकी कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका बेटा अर्जुन अपने दोस्त सोनू शर्मा के साथ सात मार्च की रात साढ़े 11 बजे छोटा कैलाश जाने वाले थे। घर से निकलने के बाद एमबीपीजी कॉलेज के बाद एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अर्जुन और सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले निजी अस्पताल और उसके बाद ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अर्जुन की मौत हो गई। पिंकी ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## ईवीएम व वीवीपैट आवंटित कीं

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** जनपद में ईवीएम व वीवीपैट शुक्रवार को सभी 6 विधान सभावार सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थित में प्राप्त हो गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि जनपद के 6 विधानसभाओं में कुल 1010 बूथों के लिए 1509 बेलेट यूनिट/कन्ट्रोल यूनिट एवं 1588 वीवीपैट सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों को प्राप्त हो गई है। उन्होने सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों (एआरओ) को निर्देशित किया कि ईवीएम-वीवीपैट मशीनों को अभिरक्षित करने की प्रक्रिया में आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का अनिवार्य रूप से अनुपालन करें।

# कलश यात्रा से पूर्व मंदिर की परिक्रमा की

**धर्म**

- आज से ट्रांजिट कैंप में होगा अखंड हरी नाम संकीर्तन
- मार्गों से होकर जल स्रोत स्टेडियम के पास पहुंची यात्रा

संवाददाता, रुद्रपुर


मुखर्जी नगर में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुखर्जी नगर जगतपुरा ट्रांजिट कैंप में श्री श्री काली मंदिर में शनिवार से भव्य श्री अखंड हरी नाम संकीर्तन प्रारंभ होगा। इससे पूर्व महिलाओं ने मुखर्जी नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा से पूर्व मंदिर की परिक्रमा की गयी।

शुक्रवार को कलश यात्रा मुखर्जी नगर स्थित श्री श्री काली मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई जल स्रोत स्टेडियम के पास पहुंची। यहां से महिलाएं कलश में जल लेकर वापस श्री श्री काली मंदिर मुखर्जी नगर में पहुंची।

इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, श्री श्री सार्वजनिक पूजा कमेटी के अध्यक्ष बलाई विश्वास, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोनिका ढाली, निवर्तमान निगम पार्षद प्रीति साना, श्यामल मंडल, तपन गोलदार, निर्मल गोलदार, नव कुमार साना, विधान पांडे, सुब्रत मंडल, अलका साना, पुष्पा मंडल, शीतल मंडल, शिखा रंजन, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## छह मार्च को उद्घाटन होने के बाद बंद कर दी गई थी फ्लाइट, अब सप्ताह में तीन दिन चलेगी

# देहरादून-पंतनगर-वाराणसी फ्लाइट आज से

**सौगात**

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** छह मार्च को देहरादून-वाराणसी वाया पंतनगर हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया था, लेकिन तभी से यह हवाई सेवा बंद थी। तमाम कयासों के बाद अब यह हवाई सेवा आज (23 मार्च) से शुरू हो रही है। इस हवाई मार्ग पर एयर इंडिया की कंपनी एलायंस एयर अपने एटीआर-72 (72 सीटर) विमान का संचालन करेगी।

सप्ताह में तीन दिन (शनिवार, मंगलवार व बृहस्पतिवार) चलने वाली इस फ्लाइट के शुरू होने से पंतनगर-देहरादून के बीच दूरी जहां 45 मिनट, वहीं पंतनगर-वाराणसी के बीच दूरी डेढ़ घंटे में सिमट जाएगी। इस फ्लाइट में दोनों जगहों का न्यूनतम किराया मात्र 1999 रूपये निर्धारित किया गया है, जो फ्लेक्सी फेयर होने से घट या बढ़ भी सकता है। कंपनी ने शेड्यूल जारी कर इस फ्लाइट में टिकटों की बुकिंग भी शुरू कर दी है। वर्तमान में इस फ्लाइट में देहरादून से पंतनगर और पंतनगर से वाराणसी के बीच प्रति यात्री किराया चार से पांच हजार रूपये के बीच प्रदर्शित हो रहा है। पंतनगर- वाराणसी के बीच पहली बार संचालित इस हवाई सेवा से नैनीताल, भीमताल, अल्मोड़ा व कौसानी जैसे पर्यटक स्थलों को पंख लग जाएंगे। साथ ही वाराणसी से नैनीताल घूमने आने वालों और कुमाऊं के लोगों को धर्मनगरी वाराणसी जाने के लिए सीधी एयर कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके अलावा पंतनगर में देश का पहला कृषि विवि और सिडकुल भी मौजूद है, जिन्हें इस हवाई सेवा का सीधा लाभ मिलेगा।

**समय सारिणी**

| प्रस्थान | समय | आगमन | समय |
|---|---|---|---|
| देहरादून | 09.25 | पंतनगर | 10.20 |
| पंतनगर | 10.40 | वाराणसी | 12.10 |
| वाराणसी | 12.30 | पंतनगर | 13.55 |
| पंतनगर | 14.20 | देहरादून | 15.05 |



देहरादून से वाराणसी वाया पंतनगर फ्लाइट का नियमित संचालन 23 मार्च से शुरू किया जा रहा है। यात्रियों को यह सेवा सप्ताह में तीन दिन (शनिवार, मंगलवार व बृहस्पतिवार को) मिलेगी।
**-नवीन सलूजा**, स्टेशन प्रबंधक-पंतनगर एलायंस एयर।

# कहां से आए कुंवर कन्हैया कहां से आई राधा गोरी...

## महिला होल्यारों ने बैठकी और खड़ी होली में गीत गाकर रंग जमाया, विभिन्न टोलियों ने घर-घर जाकर दीं त्योहार की शुभकामनाएं


बाजपुर के मोहल्ला आजाद नगर में होली उत्सव में नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


बाजपुर के मोहल्ला सुभाषनगर स्थित मंजू ममगई के आवास पर होली गायन करतीं पर्वतीय समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे होली पास आ रही है, वैसे-वैसे होली के रंग भी बदलते जा रहे हैं। महिलाओं द्वारा सामूहिक होली का आयोजन मोहल्ला आजाद नगर वार्ड-दो में किया गया, जिससें महिलाओं ने फौजी के घर वापस आने के बाद होली मनाने का स्वांग रचकर पहाड़ के जवान की होली कैसी होती है उसका वर्णन गायन व नृत्य के माध्यम से होल्यार बबली जोशी ने फौजी व रेखा उपाध्याय ने पत्नी के रूप में सुंदर प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान ओ बीणा रंगला आज रंगन में तुम्हामां होली खेलन फगुन मा..., गुलाबी शरारा..., रंग में होली कैसे खेलूं री मैं सांविरया के संग..., घर-घर से ब्रज बनिता आई लिए किशोरी लाला लिए किशोरी संग..., चंद्र सखी हासि यो उठ बोली लगा श्याम के अंग... आदि भजन एवं गीत आदि का गायन नृत्य किया गया और अबीर-गुलाल उड़ाकर होली मनाई गई। इस मौके पर यशोदा जोशी, कुसुम जोशी, रेखा उपाध्याय, राधा तिवारी, साधना द्विवेदी, रामप्यारी पांडे, दीपा, संगीता जोशी, निर्मला, मुन्नी पांडे, प्रिया पंत, पुष्पा पांडे, चंपा मैनाली, रेखा पांडे, ममता सिंह वेद आदि मौजूद रही।

### एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर किया होली गायन

**बाजपुर।** क्षेत्र में कुमाउनी होली पूरे सवाब पर पहुंच गई है। महिलाओं ने समूह बनाकर घर-घर दस्तक दी और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली गायन किया। पूरा माहौल रंगों के पर्व होली में सराबोर हो गया। महिला होल्यारों की टोली मोहल्ला सुभाष नगर स्थित मंजू मंगाई के आवास पर पहुंची और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही सिद्धि के दाता, विघ्न विनाशक से होली गायन शुरू किया गया। इसके पश्चात हरि धरै मुकुट खेले होली, सिर धरै मुकुट खेले होली, कहां से आए कुंवर कन्हया कहां से आई राधा गोरी..., बलमा घर आए फाल्गुन में, सजना घर आए फाल्गुन में..., मथुरा में खेले एक घड़ी, काहे के हाथ में डमरू बिराजे, काहे के हाथ में लाल छड़ी..., अंबा के भवन में बिराजे होली, देवा के भवन में बिराजे होली..., गणपति गिरिजा खेलन आए रिद्धि-सिद्धि साथ होली..., तू कर ले सोलह श्रृंगार राधिका तेरे अंगना होली आई रही..., अब बिरज में होली रे रसिया..., होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा...आदि होली गीतों से पूरा माहौल रंग बिरंगा हो गया। इस मौके पर इंदिरा उपाध्याय, मंजू ममगई, नेहा उपाध्याय, नेहा प्रजापति, नीलम शर्मा, कमला, भगवती, पुष्पा, जया, गीता, बबली, चित्रा चौहान आदि मौजूद रही। इसके अलावा मोहल्ला बांकेनगर स्थित जानकी शर्मा के आवास पर पहुंची महिलाओं ने होली गायन किया। इस मौके पर रेखा उपाध्याय, राधा तिवारी, जानकी शर्मा, नीतू शर्मा, अंजलि शर्मा, शांति पांडेय, रेखा पांडेय, सुधा उपाध्याय, पुष्पा कांडपाल, खष्टि बड़ोला, हेमा जोशी, सगुन शर्मा, कुसुम जोशी, प्रेणा जोशी आदि मौजूद रही। वहीं पर्वतीय समाज की महिलाओं ने होली गायन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान का संदेश दिया।

### होली मिलन समारोह में दिखी पर्वतीय संस्कृति की झलक

**काशीपुर :** पर्वतीय संस्कृति होली मिलन कार्यक्रम मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी प्रदीप दनाई के निवास स्थान एवं पशुपति विहार में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। होली मिलन कार्यक्रम में पर्वतीय संस्कृति की झलक नजर आयी। कार्यक्रम के दौरान पर्वतीय संस्कृति पर आधारित गीत, होली गीत गाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही कार्यक्रम में शामिल लोग होली गीतों पर जमकर नाचे। इस दौरान देवभूमि पर्वतीय महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं बसंत पांडे, आर सी पांडे, आर सी तिवारी, प्रताप बजेठा, इंद्र राणा, गौरी शंकर पाठक, जयदीप अन्य महिला एवं पुरुष होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**होली है...**


दिव्यांग बच्चों के साथ होली मनाते फाउंडेशन के लोग। ● अमृत विचार

### दिव्यांग बच्चों के साथ खेली होली

**काशीपुर।** अनमोल फाउंडेशन संस्था ने दिव्यांग बालगृह में दिव्यांग बच्चों के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। शुक्रवार को बाल गृह में अनमोल फाउंडेशन संस्था के लोगों ने दिव्यांग बच्चों के साथ रंग गुलाल लगाकर होली मिलन कार्यक्रम किया गया। साथ ही संस्था के विशेषज्ञों ने जन जागरूकता व बच्चों का बौद्धिक विकास व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजीएल के आरके शर्मा, विशिष्ट अतिथि विक्रांत चौधरी, संस्था के चेयरमैन रामसिंह, मीनाक्षी चौहान, हरनीत कौर, सतीश कुमार चौहान, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के नोडल अधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। होली मिलन कार्यक्रम के दौरान आईजीएल की ओर से दिव्यांग बच्चों को एक एलईडी और म्यूजिक सिस्टम भेंट किया गया।


काशीपुर में एक-दूसरे को गुलाल लगा होली की बधाई देते पर्वतीय समाज के लोग।


दिनेशपुर की नई बस्ती चक्कीमोड़ में बैठकी व खड़ी होली में गीत गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# महिला होल्यारों ने घर-घर दस्तक दी

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** कुमाउनी महिला होल्यारों ने बैठकी व खड़ी होली में गीत गाकर होली में रंग जमाया। नगर के साथ पार्वतीय बाहुल्य क्षेत्र में होली की धूम मची हुई है।

शुक्रवार को नई बस्ती चक्कीमोड़ भाजपा नेता प्रयाग दत्त कांडपाल के आवास पर महिला होल्यारों ने बैठकी व खड़ी में होली गीत गाकर रंग जमाया। होल्यार खीला जोशी ने मेरो रंगीलो देवर घर आयो छ....., प्रेमा कांडपाल तू कर ले सोलह सिंगार राधिका तेरे...., चंद्रा ठठोला ने कैले मारी पिचकारी भीग गई मोरी सारी...., भावना जोशी ने सजना घर आवे कौन दिना .....,आदि होली गीत गाकर रंग जमाया।

इस मौके पर गीता ठठोला, शोभा दफौटी, रेनू ठठोला, सीता देवी, हंसी नयाल, बबीता नैनवाल, ज्योति रावत, चंद्रा जोशी, इंद्रा बिष्ट, ज्योति पवार, जानकी देऊपा, सुमन कुनियाल, प्रेमा देवी आदि थी।

# खाद्य विभाग की टीम ने पकड़ा छह कुंतल मावा

**कार्रवाई**

- एसयूवी गाड़ी से जसपुर से ले जाया जा रहा था हल्द्वानी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** होली का पर्व निकट आते ही मिलावटी खोया व अन्य खाद्य सामग्री पर कार्रवाई को लेकर खाद्य विभाग की टीम का अभियान जारी है। इसके तहत विभाग की टीम ने विगत देर रात प्रतापपुर में 6 कुंतल खोया पकड़ा। साथ ही सैंपल लेकर राज्य खाद्य एवं औषधि जांच प्रयोगशाला रुद्रपुर को भेज दिया है।

जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा ने बताया कि विगत रात्रि खाद्य सुरक्षा अधिकारी जसपुर पवन कुमार के नेतृत्व में वाहनों में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम को एक एसयूवी जसपुर से हल्द्वानी की ओर जाती हुई दिखायी। संदेह होने पर एसयूवी को प्रतापपुर पुलिस चौकी के पास रोककर जांच की तो उसमें 6 कुंतल खोया मिला। इसके बाद टीम ने सैंपल लेकर जांच के लिए रुद्रपुर भेज दिया है। पकड़ा गया खोया हल्द्वानी में सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा थ। उन्होंने बताया कि उनका यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## आठ पदों के लिए 17 प्रत्याशी मैदान में, मतदान तीन को

**खटीमा।** खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए महिला उपाध्यक्ष और सचिव पद के एक-एक प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया है। अब आठ पदों पर कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं।

एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी हयात सिंह कुंअर और सहायक चुनाव अधिकारी अवधेश मौर्य ने बताया कि शुक्रवार को महिला उपाध्यक्ष पद से स्नेह प्रभा और सचिव पद से महेश चंद्र भट्ट ने नाम वापस लिया है।

उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सूरज प्रकाश और हरजिंदर सिंह कलसी, उपाध्यक्ष पद के लिए मनोहर लाल विश्वकर्मा और मलकीत सिंह, महिला उपाध्यक्ष पद के लिए ममता शर्मा और स्नेह लता राणा, सचिव पद के लिए साबिर हुसैन और हरजीत सिंह, उपसचिव पद के लिए अनिकेत पंत, आशीष मेहरोत्रा और सतीश चौहान, कोषाध्यक्ष पद के लिए लखविंदर सिंह और शहाना बेगम, लेखा परीक्षक पद के लिए मनोज और शहनवाज सिद्दीकी तथा पुस्तकालय पद के लिए अब्दुल मजीद और मधु राणा चुनावी मैदान में हैं। छह सदस्यों का निर्विरोध चुना जाना तय है। चुनाव अधिकारी द्वय ने बताया कि मतदान तीन अप्रैल को बार भवन में होगा।

## पांच भट्ठियां तोड़कर 80 लीटर शराब बरामद

**खटीमा।** आबकारी विभाग ने पीलीभीत के आबकारी टीम और सत्रहमील पुलिस के साथ मिलकर दादा की के दूनी धाम नदी के किनारे उत्तराखंड उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर छापामार कार्रवाई की पुलिस और आबकारी के भनक लगते ही शराब बनाने वाले मौके से फरार हो गए। टीम को मौके पर जलती हुई पांच भट्ठियों और उपकरणों के साथ ही 80 लीटर तैयार कच्ची शराब बरामद की। टीम ने मौके से लगभग 2000 किलो लहन भी बरामद किया जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।


VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
YAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com



अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### दबंगों ने मकान मालिक को पीटा, चेन भी लूटी

**रुद्रपुर।** पहाड़गंज में दबंगों ने एक घर पर धावा बोलकर मकान स्वामी को घायल कर दिया और महिलाओं के गले से सोने की चेन भी लूट ली। पहाड़गंज निवासी नवाब अली का कहना था कि वह सुबह नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। इस बीच वहां के रहने वाले 10 से 12 लोगों ने घात लगाकर हमला कर दिया। आरोप था कि हमलावरों ने लाठी डंडों व धारदार हथियार से पहले हमला कर घायल कर दिया और उसके बाद घर में घुसकर महिलाओं से भी अभद्रता की और गले से सोने की चेन लूटकर ले गए। चीख पुकार की आवाज सुनकर जब पड़ोसी घटनास्थल की ओर दौड़े तो हमलावर फरार हो गए।पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कुछ नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### पानी भरे खेत में मिला शव

**काशीपुर।** प्रतापपुर चौकी क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव पानी भरे खेत में संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। ग्राम धनौरी लक्ष्मीपुर लच्छी निवासी 40 वर्षीय विष्णु राजपूत मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। गुरुवार को वह पास में एक गेहूं के खेत में पानी लगा रहा था। शाम को वह वापस नहीं आया, जिसके बाद उसकी खोजबीन शुरू की, तमाम संभावित स्थानों के बाद उसका भाई हरदीप खेत पर पहुंचा, तो वहां विष्णु का शव पानी से भरे गेहूं के खेत में औंधे मुंह पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर सौंप दिया है।

### किशोरी की गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** नगर क्षेत्र से एक 17 वर्षीय किशोरी घर से बिना बताए लापता हो गई। कटोराताल क्षेत्र निवासी किशोरी के पिता ने बताया कि 21 मार्च की प्रातः करीब 4 बजे उनकी 17 वर्षीय पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई, जो अब तक घर वापस नहीं लौटी। उसकी तमाम संभावित स्थानों व रिश्तेदारों में तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### स्मैक के साथ गिरफ्तार

**किच्छा।** कोतवाली पुलिस ने स्कूटी सवार नशा तस्कर को करीब ढाई लाख रुपये की स्मैक के साथ दबोच लिया।पुलिस टीम किच्छा आजाद नगर मार्ग पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम ने ग्राम आजादनगर गेट के निकट मौके से गुजर रहे स्कूटी सवार संदिग्ध युवक को जांच के लिए रोक लिया। पुलिस ने वार्ड नंबर 11 निकट नूरी मस्जिद, थाना किच्छा निवासी 27 वर्षीय फिरोज खान के कब्जे से तलाशी के दौरान 20.43 ग्राम स्मैक, 2400 रुपये तथा मोबाइल फोन बरामद कर कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि आरोपी फिरोज से पूछताछ कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### विधायक शिव अरोरा को भी मिला लाभ, वर्ष 2022 में विस चुनाव के नामांकन के दौरान दर्ज हुआ था मुकदमा

# आचार संहिता के उल्लंघन में घिरे नौ लोग बरी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव में प्रभावी आचार संहिता के उल्लंघन में घिरे भाजपा विधायक सहित नौ वरिष्ठ भाजपा नेताओं को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने जिरह सुनने के बाद बरी कर दिया है। इस दौरान अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद साक्ष्यों के अभाव में अपना फैसला सुनाया। जिसके बाद भाजपा नेताओं ने राहत की सांस ली।

बताते चलें कि वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी हो चुकी थी। 28 जनवरी 2022 को नामांकन के दौरान तत्कालीन एसएसपी बरिंदरजीत सिंह के आदेश पर थाना अध्यक्ष पंतनगर राजेंद्र सिंह डांगी ने तत्कालीन भाजपा प्रत्याशी शिव अरोरा व साथ में आए वर्तमान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेश परिहार, तत्कालीन मेयर रामपाल सिंह, हरीश भट्ट, भारत भूषण चुघ, राजकुमार साहा, गुरमीत सिंह, केके दास, विवेक सक्सेना के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 127 एवं आईपीसी की धारा 188, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 एवं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का मुकदमा पंजीकृत किया था।


अदालत के फैसले के बाद अधिवक्ता के साथ खड़े विधायक व भाजपा नेता।

> वर्तमान विधायक समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं पर दर्ज मुकदमा राजनीतिक द्वेष भावना के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा साक्ष्य के रूप में पेश किए गए फोटोग्राफ असली नहीं थे। इसके अलावा पुलिस के पास कोई ऐसे पुख्ता सबूत नहीं थे कि जो आचार संहिता उल्लंघन सहित आरोपों को दर्शाते हों। इसके अलावा अदालत में पेश छह गवाह पुलिस विभाग के थे और कोई भी आम नागरिक गवाह के तौर पर नहीं था। इन सभी साक्ष्यों और सबूतों के अभाव को देखते हुए अदालत ने सभी को बरी करने का निर्णय दिया। -**दिवाकर पांडेय**, बचाव पक्ष के अधिवक्ता

मामले में 6 मार्च 2022 को पुलिस ने चार्जशीट भी अदालत में दाखिल कर दी थी। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोहम्मद यूसुफ की अदालत में शुरू हुई। जहां बचाव पक्ष के अधिवक्ता दिवाकर पांडेय ने अदालत के सामने पेश छह गवाहों से सवाल पूछे। जिनका जवाब संतोषजनक नहीं था और पुलिस के पास कोई पुख्ता सबूत भी नहीं थे। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने वर्तमान विधायक शिव अरोरा समेत नौ वरिष्ठ भाजपा नेताओं को आरोपमुक्त करते हुए बरी कर दिया।

# भदईपुरा में फटकार से नाराज होकर छात्रा ने की आत्महत्या

संवाददाता, रुद्रपुर

**हताशा**

» **सरकारी स्कूल में कक्षा 9 में पढ़ती थी, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**अमृत विचार :** भदईपुरा में परिवार वालों की फटकार से नाराज एक छात्रा की ओर से आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पप्पू सिंह अपने परिवार के साथ भदईपुरा में रहते हैं और उनकी 15 साल की बेटी गौरी फाजलपुर महरौला स्थित सरकारी स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की शाम को किसी बात पर परिवार के लोगों ने छात्रा को डांट दिया था और छात्रा खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। शुक्रवार की सुबह जब काफी देर तक छात्रा बाहर नहीं आई तो परिवार के लोगों ने खिड़की से झांककर देखा। छात्रा ने पंखे की कुंडी में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। परिजनों ने आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी पुलिसकर्मियों के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला डांटने का प्रतीत हो रहा है। जिससे क्षुब्ध होकर छात्रा ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

# पहले रेंडमाइजेशन के बाद वीयू, सीयू और वीवीपैट आवंटित

### आज और कल होगी विधानसभावार ईवीएम मशीनों की स्कैनिंग, जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को भी वेयर हाउस बुलाया

**लोकसभा चुनाव**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट स्थित वीसी रूम में किया गया। इसके बाद वीयू, सीयू एवं वीवीपैट विधानसभावार आवंटित कर दिये गये। द्वितीय रेंडमाइजेशन से ईवीएम का आवंटन किया जाएगा।

शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में 3065 सीयू, 2179 वीयू व 2383 वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया है। प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद शनिवार व रविवार को ईवीएम वेयर हाउस रुद्रपुर में सुबह 8 बजे से विधानसभावार ईवीएम मशीनों की स्कैनिंग करते हुए अलग-अलग किए जाएंगे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि वे भी वेयर हाउस में विधानसभावार मशीनों के अलग-अलग करने के दौरान मौजूद रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल ईवीएम टीएस मर्तोलिया, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लक्ष्मी चौहान सहित जिला महामंत्री भाजपा योगेश वर्मा, आप के संजय कुमार, धर्मेंद्र सिंह, कांग्रेस नगर महामंत्री सुनील आर्य, लोकसभा प्रभारी बीएसपी चंद्रकेश्वर राव, जिला सचिव सीपीआईएम राजेंद्र सिंह, पूर्व जिला मंत्री सीपीआई राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य योगेंद्र यादव आदि मौजूद थे।


राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार


खटीमा में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते निर्वाचन अधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

### सोशल मीडिया में बिना अनुमति के प्रचार पर रोक

**रुद्रपुर :** नोडल अधिकारी एमसीएमसी आरडी पालीवाल ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सोशल मीडिया पर प्रकाशित करने से पूर्व प्रचार सामग्री जनपद स्तर पर गठित एमसीएमसी कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। शुक्रवार को नोडल अधिकारी एमसीएमसी ने बताया कि इलेक्ट्रानिक मीडिया, पोर्टल, वेबसाइट, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि संचालित करने वाले बिना अनुमति के प्रचार सामग्री को इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में अपलोड करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। शिकायत पाए जाने पर आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप संबंधित सोशल मीडिया के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि एमसीएमसी जिला कार्यालय के कक्ष संख्या-7 में अनुमति के लिए एमसीएमसी कार्यालय स्थापित है। किसी भी प्रकार की जानकारी एवं अनुमति के लिए mcmcusn2024@gmail-com पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही अन्य किसी भी समय की जानकारी के लिए कंट्रोल रूम 05944-250222, 250481, 250501, 250500 और टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

### 202 मतदान केंद्रों पर 1.73 लाख मतदाता देंगे वोट

**काशीपुर :** लोकसभा चुनावों शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। काशीपुर क्षेत्र में कुल 202 बूथों पर 1.73 लाख मतदाता वोट डालेगें। जिसमें संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। जहां पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात रहेंगे। लोकसभा चुनाव कार्यो के तैयारी प्रशासन ने तेज कर दी है। काशीपुर विधानसभा क्षेत्र के 202 बूथों पर काशीपुर के 173941 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। वही इन बूथों में से प्रशासन संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथ को लेकर मंथन कर रहा है। माना जा रहा है कि इनमें करीब 31 बूथ संवेदनशील है। जिन पर प्रशासन और पुलिस को अधिक सक्रियता बरतने की जरूरत है। वही इन संवेदनशील बूथों पर चुनाव में कोई अशांति न फैले और गड़बड़ी को रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड और सर्विलांस की टीम के साथ कैमरों से भी विशेष नजर रखी जाएगी। तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए काशीपुर क्षेत्र में 202 बूथ है। जिनमें करीब 31 बूथ संवेदनशील है। कुछ बूथ का आकलन किया जा रहा है। जिसके बाद संवेदनशील बूथों की स्पष्ट स्थिति का पता चलेगा। एसपी अभय सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर आवश्यक संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया जाएगा। संवेदनशील बूथों पर विशेष नजर रहेगी। इन बूथ पर पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स भी तैनात रहेगा। कानून व आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आचार संहिता का सख्ती से पालन कराएं

**खटीमा।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर निर्वाचन अधिकारी व उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने शुक्रवार को जोनल मजिस्ट्रेटों सहित संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। तहसील सभागार में आयोजित बैठक में निर्वाचन अधिकारी बिष्ट ने सभी लोगों से मिल-जुलकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने, आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने व क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो चुकी है। सभी कर्मचारी व टीमें अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण करें और पोलिंग बूथों का जायजा और वहां की सुविधाओं का आंकलन करें। बैठक में तहसीलदार हिमांशु जोशी, मनीष पंत, फारुख सिद्दीकी, मनोज कुमार गुणवंत आदि मौजूद थे।

### रूट और बूथों को बेहतर ढंग से देखें अफसर

**काशीपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा निर्देश जारी किए। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने को कहा। शुक्रवार को नगर निगम सभागार में एसडीएम ने बैठक लेकर चुनाव में कर्मचारियों की ड्यूटी और उनके कार्यों के बारे में बताया। कहा कि बूथों की सुरक्षा व लोगों की सुविधा के लिए अधिकारी अभी से जुट जाए। पुलिस से उन्होंने संवदेनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर पुलिस फोर्स के साथ ही सुरक्षा से जुड़े जवानों की तैनाती को कहा। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रशासन तैयारियां कर रहा है।

# घर में आग से लाखों का नुकसान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष के घर अचानक लगी आग से लाखों रुपये कीमत का सामान जल गया।

रंपुरा वार्ड-24 निवासी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कोहली का दो मंजिला मकान है। बताया कि शुक्रवार की दोपहर को परिवार के सभी लोग मकान के निचले बने कमरों में बैठे हुए थे। अचानक टीनशेड नुमा दो मंजिला कमरे में धुंआ निकलता देख पड़ोसियों ने इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दी। सूचना मिलते ही आनन-फानन में सदस्य ऊपर पहुंचे तो आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां काफी देर तक नहीं पहुंची तो पड़ोसियों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया। एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कोली ने बताया कि अग्निकांड में फ्रिज, एलईडी, डबल बेड, अलमारी, पंखा, कपड़े, सोने के कुंडल, सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की पायल, दो कड़े के अलावा दस हजार रुपये की नकदी जलकर खाक हो गई। इस अग्निकांड में पांच लाख रुपये की आर्थिक क्षति होने का अनुमान है।


अग्निकांड के बाद जला सामान दिखाते ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष।

# सेफ्टी इंचार्ज बताकर की हजारों रुपये की ठगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर के नामी निजी स्कूल का सेफ्टी इंचार्ज बता कर यूनिक इंजीनियर्स संचालक के खाते से हजारों रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित फर्म संचालक की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शारदा कॉलोनी ग्राम डिबडिबा यूपी निवासी सतीश कुमार ने बताया कि उसकी नगर पालिका मार्केट में मैसर्स यूनिक इंजीनियर्स के नाम से फर्म है। यहां से फायर सिलेंडर सप्लाई का कार्य किया जाता है। बताया कि 4 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आयी जो खुद को काशीपुर हाईवे स्थित एक बड़े विद्यालय का सेफ्टी इंचार्ज बता रहा था। कॉलर ने उसे 15 फायर सिलेंडर देने की बात कही और पेमेंट का भुगतान विद्यालय सिलेंडर पहुंचने पर देने का आश्वासन दिया।

आरोप था कि जब चालक सिलेंडर लेकर स्कूल गेट पहुंचा तो कॉलर द्वारा पहले एक रुपये उसके खाते में भेजने की बात कही और जैसे ही फर्म संचालक ने खाते में पैसे डाले। उसके कुछ ही देर बाद फर्म संचालक के खाते से तीन बार 89,100 हजार की नगदी का भुगतान हो गया और कॉलर ने मोबाइल बंद कर दिया।

**बैठक** बाजपुर-गदरपुर में जनप्रतिनिधियों और अमन कमेटी की बैठक, जबरदस्ती किसी पर रंग न डालने की अपील

# सौहार्द से मनाएं होली, आचार संहिता का पालन भी करें

संवाददाता, बाजपुर/गदरपुर

**अमृत विचार:** होली पर्व को लेकर कोतवाली में जनप्रतिनिधियों व अमन कमेटी की बैठक बुलाई गई जिसमें पर्व को सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। साथ ही ऐसा कोई कार्य न करने का अनुरोध किया जिससे माहौल खराब हो।

शुक्रवार को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी व सीओ अन्न राम आर्य की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक में कहा गया कि पर्व मनाने के साथ ही हमें आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन भी करना है, ध्यान रहे कि कोई ऐसा काम न कर बैठें जिससे आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हो। जबरदस्ती किसी पर रंग न डालें और आपसी भाई-चारा बनाते हुए खुशियों के साथ त्योहार मनाएं। इस मौके पर कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई विनोद फर्त्याल, एसआई गोविंद महता, सुरेंद्र सिंह, देवेंद्र मनराल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग, नगराध्यक्ष गणेश राय खुल्लर, जिला पंचायत सदस्य हरप्रीत सिंह हैरी, अजीतपाल सिंह, लियाकत अली, शेर मोहम्मद, हाजी अमीर अहमद, नजाकत अली, यशपाल राजहंस, विमल शर्मा, कुलदीप जौहल, धर्मपाल बसंल, खीम सिंह दानू, गजानंद मित्तल, लीलाधर सैनी, कुलदीप चौधरी आदि मौजूद थे। वहीं गदरपुर में भी थाना परिसर में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की अमन कमेटी की बैठक हुई।

इसमें थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने कहा कि होली के दौरान हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं उप जिलाधिकारी गौरव पांडे ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से होली पर्व को शांतिपूर्ण मनाए जाने की अपील की। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाम गौस व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड, डॉ आरके महाजन, पंकज सेतिया, राहुल अनेजा, परमजीत पम्मा, मनोज गुंबर, शराफत अली मंसूरी, संदीप चावला, शाकिर अली आदि मौजूद थे।


कोतवाली में जनप्रतिनिधियों व अमन कमेटी की बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारी व गणमान्य लोग। ● अमृत विचार




सार-संक्षेप



गदरपुर के ग्राम सुख शांति नगर में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**गदरपुर।** सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्र छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोकसभा चुनाव में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर मतदान की अपील की। शुक्रवार को बीएड विभाग के प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने ग्राम शांति नगर में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता, पर्यावरण, स्वच्छता, नारी शिक्षा जागरूकता अभियान के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन हरिओम गर्ग, डायरेक्टर विशाल गर्ग, सीईओ समीप गांधी, बीएड विभाग के प्रधानाचार्य एसके त्रिपाठी, अवनीश प्रसाद, विनीता, सतीश दिवाकर, सुमेश शर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



शिविर में मतदान को लेकर शपथ दिलाते धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा। ● अमृत विचार

## स्वयंसेवकों के जन जागरूकता कार्यक्रम का जायजा लिया

**काशीपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने सात दिवसीय विशेष शिविरों का निरीक्षण किया। स्वयंसेवकों के चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रमों का जायजा लिया। मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। शुक्रवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज काशीपुर के विशेष शिविर व राजकीय प्राथमिक विद्यालय रेलवे में पहुंच कर जिला समन्वयक धर्मेंद्र बसेड़ा ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कहा कि इस तरह के शिविरों में प्रतिभाग कर स्वयं सेवक समाज के साथ साथ अपना चरित्र का विकास कर पाते हैं। एनएसएस से प्राप्त प्रमाण पत्रों से स्वयंसेवक करियर बना सकते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी हेमा बिष्ट, स्वेता सक्सेना, अनिल कुमार मनोरी आदि थे।



किच्छा में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

## सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध

**किच्छा।** राजकीय महाविद्यालय में प्रथम वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सितारगंज राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष वर्मा एवं प्राचार्य डॉ. राजीव रतन ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने मनोहरी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रा हर्षिता द्वारा कुमाउनी गीत "हाय ककड़ी झील में" पर प्रस्तुत किया गया एकल नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में हर्षिता, कोमल, शिवानी तथा केसर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। जबकि वार्षिक कीड़ा प्रतियोगिता में छात्र चैंपियन शाहरुख एवं छात्रा चैंपियन हर्षिता को चैंपियंस ट्रॉफी प्रदान की गई। समारोह में कार्यक्रम संयोजिका डॉ. हर्षिता तिवारी, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. प्रकाश चंद भट्ट, रिया कश्यप, पायल, जया रानी, शिवानी, प्रिया, रुखसाना, अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।



गदरपुर में पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र सौंपते नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा व अन्य।

## लवप्रीत सिंह बने नगर महामंत्री

**गदरपुर।** शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की एक बैठक गुरुद्वारा सिंह सभा के हाल में आयोजित की गई। बैठक में नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पदाधिकारीयों की नियुक्ति की गई। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा द्वारा लवप्रीत को नगर महामंत्री करण सिंह को सचिव बनाए जाने के नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, प्रधान संघ अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, संजीव अरोड़ा, राजेश बाबा, राजकुमार तोमर, जीतू विर्क, हर्षित सिंह, संदीप सिंह, आयुष डूमडा, मनजीत सिंह, अर्जुन कुमार आदि लोग मौजूद थे।



सिडकुल श्रमिक को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित करते एसएसपी।

## बुजुर्ग की जान बचाने पर श्रमिक पुरस्कृत

**रुद्रपुर :** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई मुहिम नेक सेमेरिटन योजना को प्रारंभ करते हुए एसएसपी ने सिडकुल श्रमिक को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। वहीं लोगों को हाईवे पर घायल होने वाले राहगीरों की मदद करने का आह्वान किया। बताते चलें कि 21 मार्च 2024 की दोपहर ढाई बजे मुख्य मार्ग पर एक बुजुर्ग व्यक्ति को वाहन ने टक्कर मार दी थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे साइकिल सवार सिडकुल श्रमिक मोहन सिंह ने घायल बुजुर्ग को मौके पर प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे अस्पताल पहुंचा कर जीवनदान दिया था। शुक्रवार को एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने सिडकुल कर्मी को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

# मुख्यमंत्री धामी ने कैंप कार्यालय पर सुनी कई लोगों की समस्याएं

### लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में प्रत्येक व्यक्ति से एक-एक कर बातचीत की

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कार्यालय में आए प्रत्येक व्यक्ति से एक-एक कर बातचीत की।

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवेंद्र चंद, जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज बाजवा, संजय पिलख्वाल, वरुण अग्रवाल, हिमांशु बिष्ट, अशोक बत्रा, संतोष अग्रवाल, राहुल सक्सेना, गोविंद टम्टा, विष्णु अग्रवाल, विमला मंडेला, पवन अग्रवाल, अमरजीत सिंह, रणजीत सिंह, रिंकू ठाकुर, सतीश भट्ट आदि ने सीएम धामी से वार्ताकर क्षेत्र की समस्याएं रखीं। ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी के नेतृत्व में सिखों के प्रतिनिधिमंडल ने पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। व्यापारी नेता मुकंदी मित्तल ने लकड़ी व्यापारियों की समस्याएं रखीं।

इधर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पगड़ी पहनाकर, बांसुरी नगरी पीलीभीत की प्रतीक बांसुरी और टाइगर रिजर्व की एक प्रतिकृति भेंट कर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी का ही प्रयास रहा है कि सीमांत क्षेत्र में विकास की नई योजनाएं, कई नई ट्रेनें शुरू हो सकी हैं और औद्योगिक क्षेत्र की गति तेज हुई है। प्रदेश अध्यक्ष अग्रवाल ने मुख्यमंत्री धामी से बिज्टी सितारगंज मार्ग को फोर लेन बनवाने, टनकपुर से चलने वाली ट्रेनों का स्टॉपेज मझोला में बनवाने, फोर लेन स्वीकृत पीलीभीत से खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण एजेंसियों को निर्देशित कर शीघ्र शुरू करवाने, टनकपुर से अमृतसर ट्रेन सेवा शुरू कराने की मांगें रखीं। इस अवसर पर युवा व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष पीलीभीत शैली शर्मा, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, नंदन सिंह खड़ायत आदि थे।



खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष भाजपा में शामिल हुए कांग्रेसी। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा में शामिल हुए कई कांग्रेस कार्यकर्ता

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री के समक्ष कांग्रेस छोड़कर कंचनपुरी के मोहम्मद रफीक, हल्दी के जसविंदर सिंह काका, सुखवंत सिंह, हरदेव सिंह ने भाजपा की सदस्यता ले ली। धामी ने उनका पार्टी में स्वागत किया। इधर किसान आयोग उपाध्यक्ष सरदार राजपाल सिंह की उपस्थिति में उलानी के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. हरदीप सिंह गोराया ने भाजपा में अपनी आस्था व्यक्त की। राजपाल सिंह ने उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा जस्सी सेखों, परविंदर सिंह, गुरेन्द्र सिंह, जगदीप सिंह, गुरमेल सिंह, विजय शंकर, दीपक मौर्य, सुखपाल सिंह, हरचन्द सिंह, टिकाराम आदि थे।

# शहादत दिवस पर शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

संवाददाता, रुद्रपुर

**तैयारी**

▸▸ **आज गांधी पार्क में होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन**

**अमृत विचार :** 23 मार्च को होने वाले शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम की रूपरेखा मजदूर सहयोग केंद्र ने रणनीति बना ली है। इसमें नौजवान का रास्ता पुस्तिका वितरण के साथ ही शहीदों की याद में भगत सिंह जन अभियान भी चलाने का निर्णय लिया गया।

शुक्रवार को हुई बैठक में इंकलाबी मजदूर केंद्र के मुकुल कुमार ने बताया कि 23 मार्च को गांधी पार्क में कार्यक्रम होगा। इसके अलावा पूर्व संध्या पर शहीद अशफाक उल्ला खां पार्क खेड़ा कॉलोनी में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। साथ ही शहीद भगत सिंह के विचारों की प्रदर्शनी लगाने के साथ ही पुस्तिका 'नौजवान का रास्ता का वितरण होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा श्रमिक विरोधी चार श्रमिक कोड का मुद्दा भी उठाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शहीदों का सपना था कि देश को गुलामी की जंजीर से मुक्त कराना। मगर वर्तमान में तानाशाही भाजपा सरकार अफसरशाही के दम पर लोकतंत्र को दबाने की कोशिश कर रही है। जिसका विरोध भी किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, साजिद खान, बालकरण, चंद्रमोहन लखेड़ा, महेंद्र राणा, सुधीर कुमार, बसंत गोस्वामी, गोविंद सिंह, रमेश चंद्र, हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

# विश्व जल संचय दिवस पर निकाली रैली

**कार्यक्रम**

▸▸ **निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया**

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विश्व जल संचय दिवस मनाया गया। इस दौरान जल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेताओं को स्मृति चंद्र देकर सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय फतेहगंज में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान पीएनपी संस्था द्वारा ग्रामीणों एवं बच्चों के साथ विश्व जल संचय दिवस मनाया गया। इस दौरान पीएनपी संस्था के अध्यक्ष चतर सिंह के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली भी निकाली गई। इस दौरान जल संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता की गई जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में शान अली प्रथम सिराजुद्दीन अहमद द्वितीय नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस दौरान विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुबोध कुमार, चतर सिंह, चांदनी, नंदिनी, कायर धीरज कुमार सुहेल शाने अली, शान अली, जमालुद्दीन आदि लोग मौजूद थे।





गदरपुर में विश्व जल संचय दिवस पर रैली निकालते छात्र। ● अमृत विचार

# खाद और पेस्टिसाइड के नमूने भरे

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** मुख्य कृषि अधिकारी और तहसीलदार के नेतृत्व में टीम ने उर्वरक विक्रेताओं और सहकारी समितियों का औचक निरीक्षण किया। निराक्षण की सूचना पर खाद विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। टीम ने तीन खाद विक्रेताओं की दुकानों की जांच की। टीम की कार्रवाई से कई विक्रेताओं ने अपनी दुकान बंद कर दी।

शुक्रवार को मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा एवं तहसीलदार लीना चंद्रा के नेतृत्व में टीम पुरानी तहसील के पास एक उर्वरक विक्रेता के यहां औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा ने मौके पर मौजूद उर्वरक के स्टॉक का मिलान करने के अलावा खाद एवं पेस्टिसाइड के नमूने भी लिए। टीम ने किसान सेवा सहकारी समिति और क्रय विक्रय सरकारी समिति के उर्वरक गोदाम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति सचिव रुचि शुक्ला और मोहम्मद आमिर टीम को नहीं मिले। इस दौरान मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा ने केंद्र प्रभारी बृजेश कंबोज से उर्वरक और दवाइयों के बारे में जानकारी ली। तीन उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच कर सैंपल लिए गए। सैंपल लैब में जांच को भेजे जाएंगे। रिपोर्ट को जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। इस मौके पर ईश्वर सिंह, विनोद कुमार, रमन चौधरी, अमित सिंह आदि मौजूद थे।



गदरपुर सहकारी समिति के गोदाम में उर्वरक की जांच करते मुख्य कृषि अधिकारी।

### बाजपुर में भी टीम ने किया निरीक्षण

**बाजपुर :** मुख्य कृषि रक्षा अधिकारी एके वर्मा ने उर्वरक की दुकानों का स्थलीय निरीक्षण कर जगह-जगह से सेंपल लिएद्ध जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। शुक्रवार को बाजपुर पहुंचे मुख्य कृषि रक्षा अधिकारी एके वर्मा ने बताया कि एसडीएम आरसी तिवारी की अगुवाई में पेस्टीसाइज, बीज, कीटनाशक की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से नगर में स्थित खाद, बीज की अनेक दुकानों पर छापेमारी कर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों में मौजूद उत्पादों के बारे में गहनता पूर्वक जानकारी ली तथा लाइसेंस इत्यादि का अवलोकन किया। बताया गया कि निरीक्षण के वक्त उन्हें जो भी उत्पाद संदेहजनक लगा उसका सेंपल लिया गया है जिसमें बाजपुर से कुल चार संम्पल लिए गए है जिसमें दो यूरिया, एक पोटाश, एक एमओपी के है जिन्हें प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा जाएगा और परीक्षण की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं कृषि रक्षा अधिकारी की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

# आईआईएम में एमबीए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** अपने नेतृत्व, उद्यमशीलता और प्रबंधकीय कौशल को निखारने में रुचि रखने वाले बिजनेस एग्जीक्यूटिव के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर एग्जीक्यूटिव एमबीए करने का मौका दे रहा है। एग्जीक्यूटिव एमबीए—2024-26 के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 5 अप्रैल 2024 है। प्रबंधन में 24 महीने का पोस्ट-ग्रेजुएशन प्रोग्राम क्लासरूम (आईआईएम काशीपुर देहरादून कैंपस) और ऑनलाइन बेस्ड प्रोग्राम है। विविध बैच प्रोफाइल वाला प्रोग्राम विशेष रूप से मिडिल और सीनियर लेवल के पेशेवरों के लिए तैयार किया गया है। प्रोग्राम के दौरान नौकरीपेशा लोगों की नौकरी में बाधा डाले बिना कक्षाएं वीकेंड के दौरान आयोजित की जाएगी।

प्रतिभाशाली पेशेवरों को आमंत्रित कर डीन (डेवलपमेंट) प्रोफेसर कुणाल गांगुली ने कहा कि इस 24 महीने की अवधि वाले प्रोग्राम में कामकाजी पेशेवर तेज गति से अपने करियर के अगले स्तर पर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश कैट/जीमैट स्कोर (पिछले दो वर्षों का स्कोर) या एग्जीक्यूटिव मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट (ईएमएटी) में प्राप्त अंकों के साथ-साथ व्यक्तिगत साक्षात्कार में उम्मीदवारों के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। जिन उम्मीदवारों के पास सामान्य के लिए 50%, एनसी-ओबीसी के लिए 47% और एससी/एसटी/डीएपी के लिए 45% के न्यूनतम कुल अंकों के साथ यूजीसी/एआईयू द्वारा मान्यता प्राप्त स्नातक की डिग्री है।

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया

**बाजपुर :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के अंतर्गत युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वीप नोडल अधिकारी डा.बृजेश कुमार जोशी ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की।

इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन सहायक नोडल अधिकारी डा.वंदना द्वारा किया गया। इस मौके पर डा.दर्शना पंत, डा.संध्या चौरसिया, डा.खेमकरण सोमन, रोहित कुमार, योग प्रशिक्षक रंजीत कुमार, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक कुमार, स्वीप कैंपस एंबेसडर पायल बिष्ट, आदर्श कुमार (सचिव), छात्रसंघ उपाध्यक्ष आरती आदि मौजूद रहे।

# ट्रिपल जंप में भूपेंद्र ने जीता गोल्ड

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के पूर्व छात्र भूपेंद्र बिष्ट ने आठ से दस तक लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय फेडरेशन खेलों के अंडर-20 के अंतर्गत 8 से 10 मार्च तक लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय फेडरेशन खेलों के ट्रिपल जंप में गोल्ड मेडल हासिल किया है।

भूपेंद्र की इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने भूपेंद्र और खेल प्रशिक्षक कमल इकराल, गोविंद सिंह खाती, भरत बिष्ट, विजय रावत को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, मनीष चंद, विक्टर आईवन, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट, अशोक जोशी, हरीश भट्ट, विक्रम नाथ, सुरेंद्र रावत, गिरीश जोशी, ललित मोहन कापड़ी, करम सिंह ज्याला, ऊषा चौसाली, हेमलता बोरा, शिल्पा सक्सेना, लिन्सी त्यागी आदि मौजूद थे।



खटीमा में ट्रिपल जंप के गोल्ड मेडल विजेता डायनेस्टी के पूर्व छात्र भूपेंद्र के साथ प्रबंधन।

RMC BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

# काशीपुर में लाखों रुपये खर्च कर बनाए पार्क बदहाल, लोग परेशान

## 22 पार्कों की कहीं टूटी है चहारदीवारी तो कहीं बच्चों के लिए लगाए झूले, कुर्सियां भी जर्जर

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** शहर में लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए पार्कों की हालत पर अफसरों की चुप्पी नहीं टूट रही है। आवास विकास समेत कई जगहों के पार्कों में नियमित सफाई व देखरेख करने वाला तक कोई नहीं है। इससे पार्क में बैठने के लिए लगाई गई सीमेंट की कुर्सियां, बच्चों के झूले आदि टूट गए हैं।

शहर के लोगों के लिए नगर निगम ने करीब 22 पार्क बनाए हैं। पार्क की देखरेख की जिम्मेदारी भी निगम के अफसरों पर है। निर्माण में ही निगम लाखों रूपये का बजट लगा चुका है। देखरेख में जिम्मेदार लापरवाह बने हैं। यही वजह है कि अधिकांश पार्क इतने खस्ताहाल हैं कि लोग पार्क में जाना तक पसंद नहीं करते हैं। हरियाली नष्ट हो गई है, बैठने के रखी गई सीमेंट व लोहे की कुर्सियां टूट गई है। आवास विकास के एक पार्क में तो झूला ही गायब हो गया है,। वहीं नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि पार्कों की देखरेख के लिए माली रखे गए हैं। जिन पार्कों की स्थिति ठीक नहीं है, उन्हें जल्द ही बेहतर किया जाएगा।


पार्क में बच्चों के खेलने के लिए लगाया झूला कुछ ही दिनों में टूटा। ● अमृत विचार


पार्क बनाने से शहर का वातावरण बेहतर होता है। लोग बढ़चढ़ कर पार्क में घूमने निकलते हैं, खस्ताहाल स्थिति होने पर बच्चे भी पार्क में जाना पसंद नहीं करते हैं।
**–भूपेंद्र सिंह चौहान**, शिक्षक


शहर में कई पुराने पार्क हैं। इन पार्कों में सुबह शाम चहल पहल रहती थी। कुछ पार्क बदहाल स्थिति में हैं तो कुछ ठीक हैं। शहर के लोगों के लिए पार्कों को ठीक किया जाना चाहिए।
**–उत्कर्ष अग्रवाल**, व्यापारी


सुबह और शाम को पार्क में टहलने जाते थे, लेकिन अब पार्कों की बदहाली ने जाना छोड़ दिया है। नियमित सफाई नहीं होने से पार्कों में गंदगी रहती है। **–रवि बब्बर**, व्यापारी


पार्क सुंदरता को बढ़ाते हैं, महिलाएं बच्चे पार्क में टहलने जाते थे। रखरखाव के अभाव में कई पार्क बदहाल पड़े हैं। चाहरदीवारी, झूलें व कुर्सियां टूट गई है। **–सोना सेठी**, पूर्व पार्षद

# आंगनबाड़ी केंद्र में रंगोली से दर्शाए पोषण के पांच सूत्र

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं उत्तराखंड डा.जेएल फिरमाल, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा.महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार शुक्रवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खमरिया एवं आंगनबाड़ी केंद्र खमरिया-प्रथम में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण जागरूकता अभियान कार्यक्रम किा गया।

साथ ही आयुष्मान भारत, एनसीडीएस कार्यक्रम के तहत 32 लोगों की ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की गई। अभियान में पोषण भी पढ़ाई भी थीम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण के पांच सूत्र दर्शाती रंगोली बनाई गई। विद्यार्थियों को योग के लाभ समझाते हुए योगाभ्यास करवाया गया।

इस मौके पर ग्राम प्रधान गोपाल सिंह डोगरा, बाल विकास परियोजना अधिकारी रेनु यादव, पीरामल फाउंडेशन (नीति आयोग ) से अहमर परवेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बाजपुर से प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.शिखा सम्मल, फार्मेसिस्ट वतन कुमार, योग अनुदेशक (महिला) शहनाज, आशा कार्यकर्ता कुलविंदर कौर, नीलम, कमला पांडेय, माया, संजना, दीपाली आदि मौजूद रही।

### पंतनगर थाने में शांति कमेटी की बैठक संपन्न

**पंतनगर :** होली पर्व को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीस कमेटी के सदस्यों, सीएलजी सदस्यों व वरिष्ठ नागरिकों की एक बैठक शुक्रवार को पंतनगर थाने में आयोजित की गई। जिसमें होली पर्व आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उच्चाधिकारियों की ओर से दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए पुलिस ने सहयोग करने की अपील की। यहां मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, राम किशोर व संजय कुमार आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### संदीप नगर महामंत्री और प्रदीप जोशी बने उपाध्यक्ष

**काशीपुर :** अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा काशीपुर के संदीप चतुर्वेदी नगर महामंत्री व प्रदीप जोशी को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विशाल शर्मा ने प्रदेश महामंत्री एडवोकेट उमेश जोशी की संस्तुति पर पंडित संदीप चतुर्वेदी को नगर महामंत्री व प्रदीप जोशी को जिला कार्यवाहक उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। महानगर अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा, पंकज पंत, सुख वर्षा पंत, प्रदेश अध्यक्ष हेम भट्ट, गिरीश चंद्र अधिकारी, मोहन चंद्र पपने, लता तिवारी, लता शर्मा, प्रभा तिवारी, हौसला मिश्रा, दीपिका गुड़िया आदि ने बधाई दी।


संदीप चतुर्वेदी।


प्रदीप जोशी।

### 56 बूथों पर चलाया जनसंपर्क अभियान

**जसपुर :** ग्राम भरतपुर मेघावाला मंडल के भाजपा अध्यक्ष राजकुमार गुंबर, जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं सोशल मीडिया प्रभारी व मंडल प्रभारी जितेंद्र यादव ने टीम के साथ नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए 56 बूथों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। राजकुमार गुंबर ने कहा कि जसपुर क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में कमल के फूल पर जनता रिकॉर्ड तोड़ मतदान करेगी।

### पुलिस ने एक सट्टेबाज को दबोचा

**खटीमा :** कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में रियाज निवासी वार्ड नंबर पांच को सट्टा लगाकर खाई बाड़ी करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से सट्टा पर्ची, वाल पेन और 1120 रुपये बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### सेवानिवृत्त एसएसआई मोहन चंद्र जोशी का निधन

**दिनेशपुर :** सेवानिवृत्त एसएसआई मोहन चंद्र जोशी (62) का उपचार के दौरान एम्स ऋषिकेश में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को उनके निवास नई बस्ती चक्कीमोड़ लाया गया। उनकी अंत्येष्टि चित्रशिला घाट रानीबाग में हुई। उनकी चिता को उनके पुत्र मयंक जोशी व हितेश जोशी ने मुखाग्नि दी। वह अपने पीछे पत्नी निर्मला जोशी व दो पुत्रों को छोड़ गए हैं। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पांडेय, पूर्व जिपंस मोहन सिंह पानू, प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी,उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, कांग्रेस युवा नेता मोहित चौहान, प्रयाग कांडपाल, भगवत नयाल, उमेद सिंह, हरदयाल सिंह जलाल, पुरन चंद्र जोशी, सुमित पांडे, सुरेश जोशी, चंचल सिंह देऊपा, भुवन जोशी, हरीश पवार, शंकर कुनियाल, हरीश देवराड़ी, वीरेंद्र सिंह पवार,चंद्रमणि देवराड़ी, ललित खोलिया, तारा दत्त भट्ट, जीत सिंह मनराल सहित कई लोग मौजूद थे।


मोहन चंद्र जोशी।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**बाजपुर :** पुलिस ने गश्त के दौरान युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। केलाखेड़ा थाने में तैनात उपनिरीक्षक मोहित कुमार पुलिस टीम के साथ भ्रमण पर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर फिदानगर पुल से बाजार की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी करके युवक को पकड़ लिया। उसने अपना नाम वार्ड नंबर–7 केलाखेड़ा निवासी नदीम अली पुत्र अहमद अली बताया। उसके पास से चाकू बरामद हुआ। मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### महिलाओं का सम्मान भाजपा में ही संभव : मुंडेला

**रुद्रपुर :** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बिमला मुंडेला ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए डबल इंजन की सरकार काम कर रही है और योजनाएं लेकर आयी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान भाजपा में ही संभव है। शुक्रवार को एक बयान में मोर्चा की जिलाध्यक्ष मुंडेला ने कहा कि देश की मोदी और धामी सरकार महिलाओं के हित में काम कर रही है। महिलाओं की सुरक्षा हो या फिर महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सभी में सरकार काम कर रही है। बेटियों को मजबूत बनाने के लिए शादी की आयु 21 वर्ष करने का कानून बनाया है। साथ ही उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप और लैपटॉप दिए हैं। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है।


बिमला मुंडेला।

# शराब के साथ कई धरे

संवाददाता, काशीपुर/बाजपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब बेच रहे कई लोगों को गिरफ्तार किया।

प्रतापपुर चौकी पुलिस ने ग्राम रामजीवन पुर के जाने वाले कच्चे रास्ते पर कच्ची शराब बेचते सोम सिंह निवासी दुर्गापुर थाना कुंडा को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने करीब 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं थाना कुंडा पुलिस ने ग्राम शिवराजपुर से जगतपुर पट्टी कॉलोनी की ओर जाने वाले रास्ते के पास से कच्ची शराब बेचते जगतपुर पट्टी निवासी पृथ्वी सिंह को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। उधर थाना आईटीआई पुलिस ने मंगल बाजार स्थित नमकीन फैक्ट्री के पास से कच्ची शराब बेचते छोटी बरखेड़ी निवासी बलवीर सिंह को करीब 30 लीटर कच्ची शराब के साथ दबोचा। साथ ही बरखेड़ी निवासी गुरजंड सिंह को बाइक से शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने करीब 120 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं बाजपुर में रबड़ की ट्यूब में 55 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित ढकिया कला हरिनगर थाना कुंडेश्वरी काशीपुर निवासी तरसेम सिंह व 10 लीटर अवैध शराब सहित ग्राम रम्पुराकाजी, थाना केलाखेड़ा निवासी चरन सिंह उर्फ चन्नी को गिरफ्तार किया है।

### 94 पाउच के साथ तस्कर दबोचा

**पंतनगर :** थाने के कांस्टेबल भूपाल सिंह, जीवन चंद्र भट्ट व राजेंद्र सिंह कोरंगा शुक्रवार को गश्त पर थे। इसी दौरान टांडा ब्रिज के नीचे उन्होंने एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में धर दबोचा। जिसके पास मौजूद बैग से 94 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम बलजिंदर सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी रायपुर कालीनगर थाना रूद्रपुर बताया। युवक का आबकारी एक्ट में चालान कर दिया गया।

# शांति भंग में पांच लोग गिरफ्तार

**काशीपुर।** आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा कर रहे पांच लोगों को शांतिभंग की आशंका के चलते कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। देर शाम कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी चीता मोबाइल टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान कटोराताल के पास पांच लोग आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा कर रहे थे। इसके बाद पुलिस टीम ने 5 लोगों को हिरासत में ले लिया।

जहां कोतवाली पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के चलते पांचों का धारा 151 के तहत चालान कर दिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम रोहित कुमार निवासी भोगपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद, विपिन कुमार निवासी सीतापुर कुंडेश्वरी थाना काशीपुर, अजय निवासी मिलक जिला रामपुर, सुभाष निवासी नीझडा थाना आईटीआई, अरविंद निवासी कुमाऊं कॉलोनी बताया।

# जीवन की साधना है एकल परिवार

- 10 दिवसीय शिक्षण वर्ग और दीक्षांत समारोह का समापन
- विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय सह मंत्री रहे मुख्य अतिथि

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** एकल परिवार के 10 दिवसीय शिक्षण वर्ग व दीक्षांत समारोह के समापन पर मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय सह मंत्री स्नेहपाल व विशिष्ट अतिथि अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष महेश मित्तल कार्यक्रम अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने रामलीला भवन में में शारदा व भारत माता के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य वक्ता स्नेहपाल ने कहा कि एकल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को जागरूक करना है जन जागरण के माध्यम से लोगों को समाज से जोड़ना, साक्षरता लाना, दूरस्थ क्षेत्रों में निर्वाहन कर रहे आदिवासी गांवों में लोगों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके सपनों को साकार करने में मुख्य भूमिका निभाने का काम एकल करता है, जीवन की साधना एकल है और साधना में बहुत बड़ी शक्ति है। विशिष्ट अतिथि महेश मित्तल ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में बहनों को प्रशिक्षित कर गांव गांव में साक्षरता व समाज जागरण एवं बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने, अपनी संस्कृति अपने महापुरुषों का आत्मज्ञान जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इन बहनों का प्रशिक्षण एक तप है और तप में वो ताकत है कि वो समाज में परिवर्तन लाने का काम बखूबी करने कि क्षमता रखता है। इस शिविर में लाल सिंह दायमा, आशीष पांडेय, सतीश उपाध्याय, नवीन भट्ट निराला, शेर सिंह, संजय गोयल, नरेश कंसल, सुरेश सिंघल, श्रीपाल राणा, हरीश बजाज, जगवीर चौधरी, कुलवीर सिंह, संतोष मिश्रा, सत्येंद्र राणा आदि मौजूद रहे।


सितारगंज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

# भविष्य के लिए सभी जल का संरक्षण करें

- विश्व जल दिवस पर बायोटेक में छात्रों के लिए प्रशिक्षण आयोजित

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) में विश्व जल दिवस पर छात्रों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ. संजय कुमार ने कहा कि दिन ब दिन जल संकट बढ़ने से भविष्य के लिए जल का संरक्षण व संवर्धन बेहद जरूरी है।

डॉ. संजय ने कहा कि जल की उपलब्धता से जीवन में शांति बनी रहती है, जबकि संकट से अशांति और संघर्ष बढ़ता है। पंतनगर विवि के कुलसचिव डॉ. केपी रावेरकर ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए जल गुणवत्ता का होना जरूरी बताया। बताया कि स्वच्छ जल अच्छे स्वास्थ्य का परिचायक होता है।

विवि के निदेशक इंटरनेशनल अफेयर्स डॉ. एचजे शिव प्रसाद ने युवाओं को भूमिगत जल में हो रही गिरावट के कारणों पर प्रकाश डाला। कहा कि भूमिगत जल के दोहन से भू-जल का स्तर तेजी से गिर रहा है, यह चिंता का विषय है। इस दौरान समन्वयक डॉ. मणिंद्र मोहन, डॉ. सुमित पुरोहित, डॉ. कंचन कार्की व अनुज कुमार ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया और जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में पेयजल की गुणवत्ता और बैक्टीरियल संक्रमण जांच की विधि के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस दौरान परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार और वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन को पर्यावरण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए नेशनल इन्वायरमेंटल साइंस एकेडमी (नेसा) का लाइफ मेंबरशिप प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

यहां वेस्टर्न सिडनी विवि ऑस्ट्रेलिया के डॉ. डेविड टिशू, डॉ. उफे निगार्ड नीलसन व डॉ. कोपल चैबे सहित एसएस पब्लिक स्कूल गदरपुर, होली चिल्ड्रन कॉलेज दिनेशपुर एवं परिषद के प्रशिक्षणार्थियों सहित 150 प्रतिभागी मौजूद थे।


डॉ. संजय कुमार को लाइफ मेंबरशिप प्रमाण पत्र देते अतिथि। ● अमृत विचार

# बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**बाजपुर।** सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम हरिपुरा हरसान निवासी सुरेंद्र (25) पुत्र पूरन गुरुवार की देर रात बाइक पर बाजपुर से घर की ओर जा रहा था। इसी बीच वह हरिपुरा हरसान के चौराहे के पास सड़क किनारे खड़ी रोड डालने वाली मशीन की चपेट में आ गया। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को आसपास के लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस वाहन सेवा में आनन-फानन में ही उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। वहीं हादसे में बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

# पांच महकमों पर जलसंस्थान का 61 लाख 50 हजार का बकाया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर में पांच बड़े सरकारी महकमे पेयजल का बिल दबाए बैठे हैं। हाल यह है कि पानी का बकाया जमा करने को जलसंस्थान के अधिकारी कई सालों से पत्र भेज रहे हैं, लेकिन पुलिस, नगर निगम सहित पांचों विभागों के जिम्मेदार अधिकारी पानी का पैसा जमा करने को तैयार ही नहीं है। 61 लाख 50 हजार 117 रुपये बकाया है।

दरअसल, आम उपभोक्ताओं के साथ ही जल संस्थान ने सरकारी विभागों को भी पानी के कनेक्शन दिए है। जलसंस्थान अन्य उपभोक्ताओं की तरह ही विभागों को भी नियमित पानी दे रहा है। पानी की गुणवत्ता पर भी ध्यान अफसर देते हैं। जल संस्थान के ईई नरेंद्र रेखारी ने बताया कि यह पांचों विभाग कई सालों से पानी का बिल जमा नहीं कर रहे हैं। बताया कि लगातार पत्र भेजकर संबंधित अधिकारियों को बिल जमा करने को कहा जाता है।

### पुलिस पर सबसे अधिक बकाया

जल संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम पर 1251402, पीडब्ल्यूडी पर 74717, डिजाइन सेंटर पर 16900, पुलिस विभाग पर 4574817, रेलवे 232281 पर इतना बकाया है।

मामला मेरी संज्ञान में आया है। सूची को अपडेट नहीं किया गया है। पानी के बिल की सूची अपडेट होते ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
**–अनुषा बड़ोला**, सीओ काशीपुर

बकायादार विभागों को पत्र भेजा गया है। बकायदारों से जल्द से जल्द पानी का बिल जमा करने को कहा जाता है। इसके लिए कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। **–नरेंद्र रेखारी**, ईई, जल संस्थान

# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रोष



किच्छा में प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से आक्रोशित आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किच्छा में नारेबाजी कर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ईडी पर केंद्र सरकार के इशारे पर विपक्षियों को साजिशन फंसाए जाने का आरोप लगाया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता नगर स्थित दीनदयाल चौक पर एकत्रित हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथ में पोस्टर बैनर लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह ने कहा कि विपक्षी गठबंधन से जुड़े तमाम दलों के नेताओं को केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी के माध्यम से झूठा फंसाने तथा जेल भेजने का काम किया जा रहा है। विधानसभा संयोजक जनार्दन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव से दूर रखने तथा चुनाव का प्रचार करने से रोकने के उद्देश्य से गिरफ्तार कराया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता केजरीवाल के रूप में पार्टी हित में कार्य करेगा। इस मौके पर प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह एवं विधानसभा संयोजक जनार्दन सिंह के साथ दिनेश यादव, जावेद मलिक, सीपी अधिकारी, मोहम्मद जीशान, नासिर, मनोज शाही, सोनू गुप्ता, मोहम्मद वसीम, घनश्याम दास, संजय भारद्वाज, यूसुफ अहमद, पाक मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा की कापियां लेकर जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**काशीपुर :** रुद्रपुर से बोर्ड परीक्षा की कापियां गढ़वाल मंडल में जमा करने जा रहे दल का वाहन धामपुर (बिजनौर) के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें कई लोगों को हल्की चोट आई। जनता इंटर कालेज रुद्रपुर के दो शिक्षक, एक पुलिस कांस्टेबल सहित पांच लोग वाहन में सवार होकर बोर्ड परीक्षा की कापियां गढ़वाल मंडल में जमा कराने के लिए निकले थे। शुक्रवार की तड़के तीन बजे धामपुर में वाहन सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में एक शिक्षक, पुलिस कांस्टेबल व चालक को गंभीर चोटें आईं। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल ले जाया गया। हालांकि हादसे में कापियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। एएसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि प्राथमिक इलाज के बाद सभी को भेज दिया गया। कापियां ले जाने को विभाग की ओर से दूसरा वाहन गन्तव्य पर भेजा गया।



यो नोद्धतं कुरुते जातु वेषं न पौरुषेणापि विकत्थतेऽन्त्यान्।
न मूर्च्छित : कटुकान्याह किञ्चित् प्रियंसदा तं कुरुते जनो हि ॥

जो व्यक्ति शैतानों जैसा वेश नहीं बनाता, वीर होने पर भी अपनी वीरता की बड़ाई नहीं करता, क्रोध से विचलित होने पर भी कड़वा नहीं बोलता, उससे सभी प्रेम करते हैं।

## संपादकीय

# तरक्की और असमानता

भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार के बीच बढ़ती आर्थिक असमानता चिंता बढ़ाती है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। निवेश में बढ़ोतरी और महंगाई में कमी अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे सकते हैं। जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग बांड सूचकांक में भारतीय सरकारी बांड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 6.40 अरब डॉलर बढ़कर 642.50 अरब डॉलर हो गया। एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर की उच्च वृद्धि के साथ 636.95 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। दूसरी ओर भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.10 प्रतिशत हो गई है। भारत में आमदनी और संपदा में असमानता 1922-2023ः अरबपति राज का उदय शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। भारतीय आबादी के शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है। 2017 में उत्पन्न संपत्ति का 73 प्रतिशत सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास चला गया। भारत में 119 अरबपति हैं। उनकी संख्या 2000 में केवल 9 से बढ़कर 2017 में 101 हो गई। 2018 और 2022 के बीच भारत में हर दिन 70 नए करोड़पति पैदा होने का अनुमान है। एक दशक में अरबपतियों की संपत्ति लगभग 10 गुना बढ़ गई। जाहिर सी बात है कि सबसे अमीर बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं, जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो लगातार कम निवेश से पीड़ित हैं। ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। चिंताजनक है कि एक ऐसे समाज में आर्थिक असमानता बढ़ रही है, जो पहले से ही जाति, धर्म, क्षेत्र और लिंग के आधार पर विभाजित है।

# प्रचंड की नई सरकार और स्मगलिंग के किस्से


चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

याद रहे दिसंबर 2022 में, प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई, लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई।

नेपाली राजनीति में एक अर्से से तीसरे नंबर की ताकत होने के बावजूद सवा साल में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पुष्प कमल दहल प्रचंड की सत्ता पर फिलहाल कोई खतरा नहीं लगता, लेकिन गद्दी पर उनका वक्त अच्छा गुजरने के भी कोई आसार नहीं हैं।

नवंबर 2022 में हुए आम चुनाव के बाद से यह दूसरा मौका है जब उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के सहयोग से सरकार बनाई है। इसके पहले बतौर प्रधानमंत्री अपने इस कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने इसी गठबंधन के साथ की थी, लेकिन वह सरकार कुल तीन महीने ही चली। फिर साल भर प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार चलाई और अभी कड़वाहट के साथ दोनों अलग हुए। ज्यादा बड़ी बात यह है कि नई सरकार बनने के तीसरे-चौथे दिन ही मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के दोनों मुख्य दलों नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) और सीपीएन (यूएमएल) के दो बड़े नेता लगभग एक क्विंटल सोने की स्मगलिंग में देश की मुख्य खुफिया संस्था सीआईबी द्वारा धर लिए गए हैं। सीआईबी के पास इस बात का सबूत है कि सीपीएन (माओवादी) के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा और उनके बेटे राहुल ने स्मगलरों के एक चीनी गैंग से फोन पर 256 बार बात की थी। इस पार्टी के युवा नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दीपेश पुन इस मामले में पहले से ही अंदर हैं, जबकि नेपाल के पूर्व पुलिस प्रमुख और यूएमएल नेता सबेंद्र खनाल का नंबर महरा के साथ आया है।

याद रहे दिसंबर 2022 में, प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई, लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई। फिर मामले को दबाने और जांच के नाम पर लीपापोती करने की खबरें बाहर आने लगीं और यूएमएल का जैसे ही माओवादियों से गठबंधन टूटा, उसने संसद में इसको बड़ा मुद्दा बना दिया। कुछ मामूली जांच-पड़ताल के बाद बवाल बढ़ता गया तो नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में चल रही प्रचंड सरकार ने मामले की जांच पूर्व चीफ जस्टिस दिली राज आचार्य के नेतृत्व में गठित आयोग को सौंपी जिसने न केवल कई हाई प्रोफाइल लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की अनुशंसा की, बल्कि साथ में इस आशय की बहुत तीखी टिप्पणी भी की कि सरकार की ओर से धुंध पैदा करने और दोषियों को बचाने के प्रयास किए गए हैं। देखना है कि माओवादी और यूएमएल नेताओं की गिरफ्तारी से नई-नवेली सरकार की साख कितनी बहाल हो पाती है।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं, नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है। लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है, लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं, नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है, लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है। राजतंत्र की वापसी के लिए प्रयासरत शक्तियों को इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमले का एक नैतिक हथियार मिल गया है। नवंबर-दिसंबर 2023 में राजधानी काठमांडू समेत नेपाल के कई शहरों में राजतंत्र और हिंदू राष्ट्र की वापसी के लिए छोटे-बड़े प्रदर्शन हुए थे और पूरे नेपाल में इस मुद्दे पर एक यात्रा भी निकाली गई थी। 2008 में नेपाल से राजतंत्र के खात्मे और गणतंत्र की घोषणा के बाद से लोकतंत्र के प्रति अरुचि जताने वाले कई आयोजन हुए हैं, लेकिन पहला ही मौका था जब देश में नीचे तक फैले कर्ज संकट से इसको जोड़ दिए जाने के चलते आम जनता में इसे मजाक का विषय नहीं समझा गया। मामले का दूसरा पहलू प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी पहली बार अपने चौदह सांसद चुनवाने में सफल रही है। इससे भी बड़ी बात यह कि नेपाल में लोकतंत्र की प्रतीक समझी जाने वाली नेपाली कांग्रेस के आयोजनों में भी 'हिंदू राष्ट्र' का आकर्षण दिखने लगा है। उसके कुछ बड़े नेताओं ने भी ऐसे बयान दिए हैं।

चीन के लंबे हाथ-पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' की यह खासियत मानी जाती रही है कि किसी पार्टी के साथ अपने गठबंधन से बाहर आते समय वे आगे के लिए गुंजाइश बचाकर रखते हैं। कटु भाषा का इस्तेमाल नहीं करते, ताकि आगे दोबारा-तिबारा उससे मिलना पड़े तो नेताओं और कार्यकर्ताओं के मन पर ज्यादा बोझ न रहे, लेकिन इस बार नेपाली कांग्रेस और खासकर उसके शीर्ष नेता शेर बहादुर देउबा के लिए उन्होंने 'भ्रष्ट' और 'दक्षिणपंथी' जैसे शब्द बोले। अजीब बात यह कि इसका कोई तात्कालिक कारण भी नहीं था।

सरकार में शामिल नेपाली कांग्रेस के मंत्री चीन के साथ नेपाल के कूटनीतिक संबंधों को सहज नहीं होने देते थे और अमेरिकी सहायता से जुड़े कार्यक्रमों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता दिखाते थे, लेकिन वे सत्तापक्ष के ज्यादा बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते थे तो यह उनका हक था। ऐसा कहा जा रहा है कि चीनी दूतावास ने अगर यूएमएल का रवैया बदलने को लेकर अतिरिक्त सक्रियता न दिखाई होती तो प्रचंड को नेपाली कांग्रेस का दबाव काफी लंबे समय तक बर्दाश्त करते रहने में भी कोई समस्या नहीं होती, लेकिन यूएमएल नेता और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जब यह पेशकश की कि उनकी पार्टी सरकार में ज्यादा महत्वपूर्ण विभागों की मांग किए बगैर पूरे कार्यकाल के लिए प्रचंड को समर्थक देने को तैयार है, तब उनकी ओर से यह बयान जारी किया गया कि कांग्रेसी दबाव के चलते ही बतौर प्रधानमंत्री वे अब तक कुछ नहीं कर पाए हैं। बचे हुए साढ़े तीन सालों में भी प्रचंड की सरकार नेपाल के लिए कुछ कर पाती है या सोने की स्मगलिंग जैसे मामलों में सफाई देते हुए और राजतंत्र-हिंदू राष्ट्र वाली लहर का मुकाबला करते ही प्रधानमंत्री पद पर उनका बाकी समय गुजरता है, यह देखने की बात है।

एनसीपी (यूएमएल) के सारे नेता अभी काफी जिम्मेदारी वाले बयान दे रहे हैं, लेकिन बतौर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पिछला कार्यकाल न केवल नेपाली लोकतंत्र के लिए, बल्कि भारत के लिए भी किसी दुःस्वप्न जैसा ही था। अभी उनकी नरमी शायद नेपाली राजनीति में अपना अलगाव घटाने के लिए है, लेकिन कुछ भूमिका इसमें चीनी दबाव की भी हो सकती है, जो भी हो प्रचंड के लिए आगे एक चुनौती भारत के सामने यह साबित करने की रहेगी कि अपने देश में वे चीन की छत्रछाया वाली गठबंधन सरकार नहीं चला रहे हैं।

## प्रसंगवश

# भगत सिंह और शादमान चौक


बलिदान दिवस

लाहौर (पाकिस्तान) में शादमान चौक वह जगह है, जहां 23 मार्च, 1931 को लाहौर जेल में राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह को फांसी पर लटका दिया गया था। पहले यह लाहौर जेल का हिस्सा था जिसे तोड़कर यहां बड़ा ट्रैफिक चैराहा बना दिया गया, जो अब काफी भीड़ भरा इलाका है। विगत कुछ वर्षों से पाकिस्तान में शहीदे आजम भगत सिंह को याद करने की मुहिम चलाई जा रही है जिसके अगुआ वहां संचालित किए जा रहे भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी एडवोकेट हैं, जो लाहौर के शादमान चौक को 'भगत सिंह चौक' बनाने के लिए निरंतर संघर्षरत हैं।

फाउंडेशन के लोग यहां भगत सिंह के फांसी दिवस पर इकट्ठे होकर शहीदे आजम की तस्वीरें हाथ में थामकर 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा बुलंद करते हुए आजादी के उस संघर्ष का स्मरण करते हैं जिसके लिए इन क्रांतिकारियों ने अपनी कुर्बानियां दीं। धर्म की बुनियाद पर बने और अपनी धरती के इतिहास से पूरी तरह विमुख पाकिस्तान में भगत सिंह जैसे विचारवान और धर्मनिरपेक्ष क्रांतिकारी शहीद को याद करना सचमुच काबिले तारीफ है। यह इस दृष्टि से भी प्रशंसनीय है कि जिस नवसृजित देश ने प्रारंभ से ही अपने जमीनी इतिहास को पूरी तरह विस्मृत कर दिया हो, वहां लाहौर की धरती पर लड़े गए स्वाधीनता के एक महासंग्रामी को उसके शहादत स्थल पर याद करना किसी तरह कम जोखिम भरा नहीं है। यह पाकिस्तान की सरजमीं पर धारा के विरुद्ध तैरने सरीखा है। इम्तियाज रशीद कुरैशी और उनके साथियों की यह कोशिशें कई वर्षों से जारी हैं जिसकी सूचनाएं हमारे मुल्क में आने पर भगत सिंह को प्यार करने वाले लोग प्रसन्न होते हैं, जो स्वाभाविक भी है। बावजूद इसके हम चाहते हैं कि भगत सिंह की याद उनकी संपूर्ण वैचारिक चेतना और पक्षधरता के साथ हो, जो सचमुच कठिन कवायद है।


सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

हमारे देश में ही भगत सिंह के अनेक नामलेवा उन्हें ब्रिटिश पुलिस अधिकारी साण्डर्स को मारने तथा संसद में बम फेंकने वाले बहादुर नौजवान के रूप में स्मरण करते हुए उनके 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे को इस तरह रेखांकित करते हैं गोया उनकी क्रांति का अर्थ बस मुट्ठियां बांधकर नारे लगाने, जयकारे करने या उनके बुतों पर फूल-मालाएं चढ़ाने तक महदूद हो। भगत सिंह कैसा समाज चाहते थे, उनके इंकलाब का अर्थ क्या था, उनके भीतर समाजवाद की समझ कैसी थी, धर्म और सांप्रदायिकता के मुद्दे पर वे किस वैज्ञानिक तर्क से सोचते थे, जहां भाषा भी उनके लिए एक बेहद जरूरी मसला था। उनके समय में देश में अछूत समस्या पर उनका क्रांतिकारी दृष्टिकोण हमारे लिए बहुत मायने रखता है। यहां तक कि भगत सिंह अपने चिंतन में नास्तिकता तक पहुंचकर बराबरी पर आधारित वैज्ञानिक समाजवाद की अत्यंत दृढ़ता से वकालत करते हैं। दुखःद है कि भगत सिंह को याद करते-करते हमने उनकी जन्मशती आने तक उनके सिर पर धर्म की पगड़ी भी पहना दी। यह भगत सिंह के प्रति बड़ा अन्याय है। यह क्रांतिकारियों की शहादत को जाति और धर्म के खाने में विभाजित करने का सोचा-समझा घिनौना षड्यंत्र है। हमने बार-बार कहा है कि धर्म आधारित राजनीति के पक्षधर कितनी ही कोशिशें कर लें, लेकिन पंजाब के उस साढ़े तेईस वर्ष के क्रांतिकारी नौजवान का सिर इतना बड़ा हो गया है कि उसके ऊपर कोई पगड़ी फिट नहीं हो सकती। मैंने बार-बार कहा है कि पाकिस्तान में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के लोग भगत सिंह की पगड़ी वाली तस्वीर का इस्तेमाल न करें।

पाकिस्तान में भगत सिंह पर चलाई जा रही मुहिम इस अर्थ में रंग लाई कि लाहौर की न्याय पालिका ने शादमान चौक का नाम बदलने का आदेश पारित कर दिया, लेकिन सरकार और व्यवस्था के हुक्मरान हैं कि वे इस आदेश का निष्पादन नहीं कर रहे। ऐसे में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्य न्यायालय की अवमानना का मुद्दा लेकर फिर वे अदालत जा धमके जिस पर अदालत ने फिर से व्यवस्थापकों को आदेश का अनुपालन न करने के मसले पर नोटिस जारी कर दिए। हम उम्मीद करते हैं कि शीघ्र इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और शादमान चौक का नामकरण शहीदे आजम भगत सिंह के नाम पर हो सकेगा। यह भगत सिंह को चाहने वालों की बड़ी जीत होगी।

# बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है धरती


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हाल के कुछ दशकों में एयर कंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है।

संयुक्त राष्ट्र ने अभी यह चिंता जाहिर की है कि हमारी धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। विश्व मौसम विज्ञान संस्थान की ताजा रिपोर्ट के अनुसार धरती का बीता वर्ष अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री नीचे रखने की तमाम कोशिशों के बावजूद मार्च 2023 से फरवरी 2024 के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को लांघ दिया।

रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ग्रीन हाउस गैसों, भूमि और पानी के तापमान ग्लेशियरों और समुद्री बर्फ पिघलने में हुई अप्रत्याशित वृद्धि का हवाला दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने चेतावनी दी है कि हमारा ग्रह खत्म होने के कगार पर है। यह रिपोर्ट पढ़कर कुछ सालों पहले की गई महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस की भविष्यवाणी की याद आती है। हॉकिंस के अनुसार इस पृथ्वी पर अब मनुष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। वह इस ग्रह पर दस लाख साल बिता चुका है। उनके अनुमान के अनुसार पृथ्वी की उम्र अब महज दो सौ से पांच सौ साल ही बच रही है। या तो सूरज का ताप इसे निगल जाएगा या कोई धूमकेतु आकर इससे टकराएगा। अगर मनुष्य की प्रजाति को एक और दस लाख साल जीवित बचे रहना है तो उसे पृथ्वी छोड़कर किसी और ग्रह या उपग्रह की शरण लेनी होगी।

संयुक्त राष्ट्र या हॉकिंस की चेतावनी को हल्के में लेने की भूल नहीं की जा सकती। पृथ्वी का मौसम और यहां पर जीवन की परिस्थितियां जिस तेज रफ्तार से बदल रही है, उन्हें देखते हुए इस आसन्न संकट को हम खुद भी महसूस कर सकते हैं। छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए लगातार पृथ्वी का दोहन, प्रकृति के साथ अनाचार और नदियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। विकास के नाम पर वृक्षों की बेरहम हत्या की जा रही है। ईंट और कंक्रीट के निरंतर उगते जंगलों के कारण खेती की जमीन सिकुड़ रही है। पर्यावरण में आ रहे बदलावों के कारण जानवरों और पक्षियों की कई-कई प्रजातियां या तो विलुप्त हुई हैं या विलुप्ति के कगार पर हैं। धरती के बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और समुद्र की सतह लगातार ऊपर उठ रही है। ज्यादा से ज्यादा भौतिक सुविधाएं हासिल कर लेने की जल्दबाजी में वे तमाम चीजें हम नष्ट कर रहे हैं, जो जीवन की बुनियादी जरूरतें हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण विकास की हमारी अंधी दौड़ की कीमत चुका रहे हैं। कल यह कीमत हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां चुकाएंगी।

यह सोचने का वक्त है कि अपनी मूर्खताओं से अगर पृथ्वी पर जीवन की परिस्थितियों को हमने नष्ट कर दिया तो हमारा अगला ठिकाना कहां होगा? हॉकिंस ने किन ग्रहों या उपग्रहों की बात सोची होगी? अब तक की वैज्ञानिक प्रगति के आलोक में फिलहाल भागने के दो ही विकल्प हमारे सामने दिखते हैं-चांद और मंगल। इन दोनों पर पानी, मिट्टी, हवा और जीवनानुकूल परिस्थितियों के मसले अभी हल नहीं हुए हैं। वहां थोड़ा-बहुत पानी मिल भी जाए तो क्या वह पृथ्वी के अरबों लोगों की जरूरतों के लिए पर्याप्त होगा? वहां हवा तो होगी, लेकिन उस हवा का घनत्व क्या होगा? क्या असंख्य लोगों की सांसों से दूषित होने के बाद हवा की रिसायकलिंग कर उसे फिर से जीवनदायिनी बनाने वाले पेड़-पौधे वहां मौजूद हैं? वहां की चट्टानी सतह पर खेती कैसे होगी?

चांद और मंगल के बेहद कम गुरुत्वाकर्षण में हवा में असहाय उड़ते रहना कुछ दिनों के लिए तो रोमांचक लग सकता है, लेकिन ऐसा जीवन किसी को रास नहीं आने वाला। विज्ञान इनमें से कुछ मसलों के हल देर-सबेर खोज भी ले तो पृथ्वी के अरबों लोगों को ढोकर वहां कैसे ले जाएगा कोई? विस्थापन की इस प्रक्रिया में हजारों साल लगेंगे। अब यह तो नहीं हो सकता कि दुनिया के मुट्ठी भर साधन संपन्न लोग चांद या मंगल पर जाकर अपनी बस्तियां बसा लें और पृथ्वी के बाकी लोगों को प्रलय के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाए।

हाल के कुछ दशकों में एयरकंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले इन यंत्रों का उपयोग बहुत आवश्यक होने पर ही करें। हमारी ये छोटी-छोटी कोशिशें मिलकर हमारी पृथ्वी की उम्र थोड़ी लंबी अवश्य करेंगी। अगर दुनियाभर की सरकारों और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद पृथ्वी अपनी उम्र पूरी कर ही चुकी है और निकट भविष्य में सूरज इसे निगल जाने वाला है या कोई धूमकेतु आकर इससे टकरा ही जाने वाला है। तब भी हमारे पास अभी जितना वक्त है उसे पृथ्वी और उसकी सभी संतानों के बीच अपना प्यार और संवेदनाएं बांटकर सार्थक और मूल्यवान बनाने का विकल्प तो हमारे पास बचा ही हुआ है।

## सोशल फोरम

# ब्रह्मांड के नियम

अधिकांश धार्मिक कर्मकांड ईश्वरीय सत्ता की कृपा और उसके अनुग्रह के लक्ष्य से किए जाते हैं। उनमें ईश्वर की परिकल्पना एक मनुष्य सरीखी होती है, जो खुश होकर कृपा करता है और नाखुश होकर दंड देता है। सभी कर्मकांड प्रतीकात्मक हैं, जो कालांतर में अंधविश्वास में परिणत होने की प्रवृत्ति रखते है।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अंतरिक्ष विज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों के अनुसार ज्ञात ब्रह्मांड के महत्तम और सूक्ष्मतम में नियमबद्धता है। क्वांटम भौतिकी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की तरंगनुमा गतिशीलता तक पहुंचकर रुक गई है। यह वह बिंदु है, जहां निरीक्षक इलेक्ट्रॉन को जिस स्थिर स्थिति (कण के रूप) में देखता है, वह निरीक्षण का क्षण बीतते-बीतते बदल जाती है तो एक साथ उसका आकार और उसकी गति का बोध नहीं हो पाता। वह कण है या तरंग? दोनों, क्योंकि वह ऊर्जा के खंड की तरह काम करता है। बिग बैंग वाले स्टीफन हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है, नियमबद्ध है, किसी परम चेतना से संचालित नहीं है जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो। इस नियमबद्धता को ही कोई ईश्वर का नाम देना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं। आइंस्टाइन तो इस नियमबद्धता को ही ईश्वर का पर्याय तक बताने लगे थे। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे अन्य अधिकांश वैज्ञानिकों की तरह न तो नास्तिक हैं, न धार्मिक विश्वास के अर्थ में आस्थावान।

वे अपने को अज्ञेयवादी कहना ज्यादा उचित समझते थे। उनका दृढ़ मत था कि ईश्वर का मनुष्य के जीवन व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है। न ही आइंस्टाइन परलोक या पुनर्जन्म को मानते थे। वे काफी हद तक ईश्वर संबंधी स्पीनोजा के विचारों से सहमत थे जिनके अनुसार ईश्वर समस्त प्राकृतिक और भौतिक नियमों का कुल योग है जिसमें भौतिक पदार्थ और विचार दोनों समाहित हैं। किंतु वह न तो कोई व्यक्तिगत सत्ता है, न ही सृष्टिकर्ता, जो भी हो, एक ऐसे मानवीय ईश्वर के लिए फिलहाल कोई गुंजाइश नहीं, जो स्वायत्त निर्णय लेकर ब्रह्मांड के नियमों को बदल सके, जो किसी से खुश होकर उसे पुरस्कृत और किसी से नाखुश होकर उसे दंडित कर सके, जो आ पड़े उसे भोगना ही है। चाहे रोकर भोगें, चाहे हंसकर।

-फेसबुक वॉल से

# लोहिया की समाजवादी धारा का स्मरण

भारतीय समाजवादी आंदोलन के वैचारिक नायक डॉ. राममनोहर लोहिया की 114 वीं जयंती ऐसे समय में हैं जब देश में आम चुनाव शुरू हो गए हैं। सत्ताधारी दल जहां चार सौ के आंकड़े को पाने की घोषणा कर रहा है, वहीं विपक्षी दल संविधान/लोकतंत्र बचाने के लिए जनता से अपील कर रहे हैं। ऐसे में लोहिया की वैचारिक और राजनैतिक यात्रा का स्मरण करना बेहद प्रासंगिक है। देश की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की एकतरफा जीत के बाद प्रधानमंत्री बने पंडित जवाहर लाल नेहरू की नीतियों को लेकर लोहिया सड़क से संसद तक विरोध दर्ज कराते थे। कांग्रेस सरकार की अनेक योजनाओं का उन्होंने तथ्य और तर्क दोनों आधार पर विरोध किया। आम चुनाव में लोहिया ने जनता को आंदोलित करने के लिए जवाहर लाल नेहरू के संसदीय क्षेत्र फूलपुर से चुनाव लड़कर जनहित के अनेक मुद्दों पर जनता को जागरूक करते हुए लोकतंत्र में विपक्ष के महत्व को बताया।


मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

लोहिया ने सप्त क्रांति, दाम बांधों सहित अर्थ नीति, भाषा नीति को जनता के बीच विमर्श का केंद्र बनाकर लोकतंत्र को सशक्त किया। अहिंसात्मक और सत्याग्रही सिविल नाफरमानी को लोहिया भारत के लिए जरूरी लोकतांत्रिक साधन मानते थे। उन्होंने राजनीति में पांच सुधारों क्रमशः अनुशासन दंड, निर्वाचन सावधानी, ओहदेदार की आंतरिक मर्यादा, साथियों और निर्वाचकों का जनमत, कमेटी की सदस्यता या ओहदे से अलगाव पर जोर दिया। इसी क्रम में समाजवादी सदस्यों को लोहिया ने साहित्य, जानकारी एवं ज्ञानवृद्धि की भूख पर जोर देने का आग्रह किया। लोकतंत्र में राजनैतिक कार्यकर्ताओं को अरमान, कर्म, अनुशासन और संगठन पर जोर लोहिया की प्राथमिकता में शामिल था। लोहिया भारत के इकलौते मौलिक चिंतक थे, जो वैचारिक और हाशिये के समाज दोनों में लोकप्रिय थे जिसका कारण वैश्विक एवं स्थानीय मुद्दों की लड़ाई लड़ने की उनकी जिजीविषा थी। सोशलिस्टों की सदन में संख्या कम होने के बाद भी वे नेहरू नीति कांग्रेस सरकार को सदन में ही घेर लेते थे। लोहिया की पार्टी के सदस्य राम सेवक यादव, कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया, मधू लिमये, महाराज सिंह भारती की बहस ने संसदीय परंपरा को जनकेंद्रित बनाने में सहयोग किया। लोहिया की धारा से निकले समाजवादी नेताओं ने उत्तर भारत से लेकर तटीय प्रदेशों तक अपनी नेतृत्व क्षमता से सत्ता के केंद्र में बने रहे।

यूपी बिहार में लोहिया की धारा से निकले समाजवादी दलों ने जातीय जनगणना और पीडीए का जो मुद्दा उठाया है उसकी आधारशिला साठ के दशक में सोशलिस्टों ने ही रखी थी। पिछड़े पांवे सौ में साठ का नारा लोहिया के दौर में ही मुखर हुआ था। आरक्षण और प्रतिनिधित्व की समस्या के समाधान के लिए वंचित समूहों को राजनीति की मुख्य धारा में लाने के प्रबल पैरोकार लोहिया ही थे। आज जब लोकसभा चुनाव सर पर हैं, ऐसे में मतदाताओं को उनका अधिकार एवं कर्तव्य बताते हुए मुद्दा आधारित राजनीति करने वाले दलों को समर्थन देना ही लोहिया को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। राजनीति में सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को अध्ययन, जमीनी संघर्ष से उपजे अनुभव के आधार पर जनता के बीच संवाद करना चाहिए। यही लोहियावादियों की धारा रही है। लोहिया का जीवनदर्शन यह संदेश देता है कि निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की संख्या कम होने के बाद भी पूर्ण बहुमत की सरकार पर भी दबाव बनाया जा सकता है और उसे जनहित में कार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

# पानी की हर बूंद कीमती

इस पृथ्वी पर मनुष्य, पशु-पक्षी व पेड़-पौधों के जीवन व अस्तित्व के लिए तमाम महत्वपूर्ण जरूरतों में से जल सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

वर्तमान में पूरी दुनिया जल संकट से जूझ रही है। जल को लेकर भारत की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के जल का मात्र चार फीसदी हिस्सा ही है। देश में शहरों के साथ-साथ अब गांवों में भी जल संकट लगातार गहराता जा रहा है।


डीपी यादव
लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, लखनऊ

हाल ही में जारी नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत के कई शहर गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत वर्ष में जहां 2020 तक 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना कर रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ वर्ष 2030 तक लगभग 40 फीसदी लोगों के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा, जो कि एक बहुत ही गंभीर और चिंताजनक बात है। जल प्रदूषण के कारण जल गुणवत्ता के मामले में भी भारत की स्थिति चिंताजनक है। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों की सूची में 120 वें स्थान पर है। इसको हम इस प्रकार भी कह और समझ सकते हैं कि दुनिया में 122 देशों में से 119 देश भारत से अच्छा और शुद्ध जल पी रहे हैं। ये सभी आंकड़े भारत में जल की भयावह स्थिति को बताने के लिए पर्याप्त हैं।

जल की बदहाल स्थिति बताती है कि जल प्रबंधन को लेकर अगर भारत वर्ष सावधान और गंभीर नहीं हुआ तो भविष्य में इसके गंभीर व भयावह परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। जल की गंभीर समस्या को देखते हुए भारत की सरकार को चाहिए कि इस समस्या के समाधान के लिए एक वृहद रूपरेखा और कार्य योजना बनाए जिससे भविष्य में देश को जल संकट से न जूझना पड़े, क्योंकि जल है तो जीवन है। रहीम ने अपने दोहे के माध्यम से बहुत पहले ही कह दिया था कि-रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती, मानुष, चून।।

# भाजपा की चौथी सूची में तमिलनाडु व पुडुचेरी के उम्मीदवार घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को 16 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी। इसमें तमिलनाडु के 15 और पुडुचेरी के उम्मीदवार का नाम शामिल है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक चेन्नई उत्तर से आर सी पॉल कनगराज, तिरूवल्लूर से पॉन वी बालागणपति, तिरवन्नमलाई से ए अश्वथामन, नामक्कल से के पी रामलिंगम, त्रिपुर से ए पी मुरुगनांदम, पोलाची से के वसंतराजन, करूर से वी वी सेंथिलनाथन, चिदंबरम से श्रीमती पी कार्तियायनी, नागपत्तिनम से एस जी रमेश,तंजावुर से एम मुरुगानंदम, शिवगंगा से देवनाथन यादव, मदुरै से राम श्रीनिवासन, विरूद्धनगर से राधिका शरतकुमार और टेनकासी से बी जॉन पांडियान को उम्मीदवार बनाया गया है। पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा ने ए नमाशिवायम को पार्टी ने टिकट दिया है।

इससे पहले गुरुवार को भाजपा ने पूर्व राज्यपाल तिमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस प्रकार तमिलनाडु के लिए भाजपा ने अब तक 24 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची और 21 मार्च को नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

# दिग्गजों की सियासत दांव पर, टिकट से बचेगी साख

- निकाय चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा
- भाजपा के पूर्व विधायक किशनलाल का तय होगा सियासी सफर
- नैनीताल-बहेड़ी से सांसद रहे बलराज पासी ने भी बढ़ाई है सक्रियता
- पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के सामने बड़ी चुनौती

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तराई की सियासत इन दिनों दिग्गजों की धड़कनें बढ़ा रही है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर भाजपा हो या फिर विपक्षी समाजवादी पार्टी। दोनों में ही प्रत्याशी तय करने में गहन मंथन हो रहा है। भाजपा सांसद मेनका गांधी और वरुण गांधी की इस हाई प्रोफाइल इस सीट पर सभी की नजर है। ऐसे कई दावेदार हैं जिनका सियासी सफर दांव पर लगा है। कोई दिल्ली में डेरा डाले है तो कोई अन्य विकल्प तलाशने में जुट गया है।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर सर्वाधिक दावेदार भारतीय जनता पार्टी में हैं। इनमें से कई ऐसे हैं, जिन्होंने नगर निकाय चुनाव 2023 संपन्न होने के साथ ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। समाजवादी पार्टी की सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री रहे हेमराज वर्मा भाजपा भी टिकट के प्रबल दावेदारों में हैं। उन्होंने 2007 में बसपा से सदर विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन जीत नहीं सके। 2012 में सपा के टिकट पर बरखेड़ा विधानसभा सीट से जीते। इसके बाद उन्हें राज्यमंत्री भी बनाया गया। 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव सपा से ही बरखेड़ा सीट से लड़ा, लेकिन दोनों में हार मिली। 2019 में लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा। उस वक्त 4,48,922 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। हाजी रियाज अहमद के निधन के बाद तराई क्षेत्र में सपा के मजबूत लीडरों में उन्हीं की गिनती थी। मगर अब वह भाजपाई हैं और टिकट की दावेदारी कर रहे हैं।

दूसरा नाम है किशनलाल राजपूत का। वह 2017 में भाजपा से बरखेड़ा सीट से विधायक बने। 2022 उनकी जगह स्वामी प्रवक्तानंद को भाजपा ने टिकट दे दिया। अब वह लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट की मांग कर रहे हैं। उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी ने भी पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा सीट पर दावेदारी की है। वह नैनीताल सीट से 1991-96 तक सांसद रहे थे। वर्तमान में वह राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था उत्तराखंड के अध्यक्ष हैं। वह अपनी सियासत को रफ्तार देने के लिए करीब एक साल से जनपद में सक्रिय हैं। भाजपा के ही पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पीसीयू के सभापति सुरेश गंगवार भी दावेदार हैं।



हेमराज वर्मा



किशनलाल राजपूत



फूलबाबू

### ... जा सकते हैं सपा में

भाजपा से टिकट पाने के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त पर विपक्षी दलों की भी नजर है। एक दावेदार के बारे में चर्चा है कि वह सपा आलाकमान के भी सपर्क में हैं। भाजपा से टिकट नहीं मिला तो साइकिल की सवारी कर सकते हैं।

### लगातार तीन चुनाव हारे फूलबाबू का सियासी कद तय होगा

इसी तरह से सपा से टिकट की दौड़ में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार समेत कई चेहरे हैं। जिनके सियासी सफर का भविष्य लोकसभा चुनाव में तय होगा। बसपा से टिकट पाने में कामयाब हुए पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू भी सियासी तलवार की धार पर खड़े हैं। वह बीसलपुर विधानसभा सीट पर 1996, 2002, 2007 में हुए तीनों चुनाव में लगातार विधायक बने। मगर इसके बाद 2012, 2017, 2022 के चुनाव में हार की हैट्रिक भी बनाई। इसके अलावा तीन बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा चुके हैं। ऐसे में टिकट मिलने के बाद उनकी चुनौती और बढ़ गई है।

## चुनाव कमाल का...

- 1998 देश में 12वें लोकसभा चुनाव का गवाह बना। इस चुनाव में भाजपा को 182 सीटें मिली, जबकि कांग्रेस के खाते में 141 सीटें आई। सीपीएम ने 32 सीटें जीती और सीपाआई के खाते में सिर्फ नौ सीटें आई। समता पार्टी को 12, जनता दल को 6 और बसपा को 5 लोकसभा सीटें मिली। क्षेत्रीय पार्टियों ने 150 लोकसभा सीटें जीतीं।
- 1998 में भाजपा ने शिवसेना, अकाली दल, समता पार्टी, एआईएडीएमके और बिजू जनता दल के सहयोग से सरकार बनाई और अटल बिहार वाजपेयी फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे, लेकिन इस बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 13 महीने में ही गिर गई।
- 1999 के आम चुनाव में कांग्रेस और सिमटी। इस चुनाव में विदेशी सोनिया बनाम स्वदेशी वाजपेयी का माहौल बनाया गया। भाजपा को सबसे ज्यादा 182 सीटें मिली और वाजपेयी केंद्र में सरकार बनाने में कामयाब रहे, जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ 114 सीटें आई थीं। सीपीआई ने चुनाव में 33 सीटें जीतीं।
- 1999 में यह पहली बार था जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई में केंद्र में किसी गैर-कांग्रेसी सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।
- 2004 के 14वें लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का 'इंडिया शाइनिंग' का नारा असफल रहा और कांग्रेस सत्ता में लौटी। इस चुनाव में कांग्रेस को 145 सीटें मिलीं। जबकि भाजपा के खाते में 138 सीटें आई। सीपीएम के खाते में 43 सीटें गई और सीपीआई 10 सीटें जीतने में कामयाब रही।

## चुनावी तीर



राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना न तो प्रधानमंत्री को शोभा देता है और न ही उनकी सरकार को। सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। केजरीवाल को निशाना बनाया जा रहा है और यह असंवैधानिक है। ऐसी शर्मनाक घटना इतिहास में पहली बार देखी जा रही है।

**- प्रियंका गांधी वाड्रा,** राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस



कांग्रेस को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए भाजपा जिस तरह से परेशान कर रही है यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। यह निंदनीय है। भाजपा की मानसिकता मनुवादी है। भाजपा चाहती है कि असमानता कायम रहे, जाति व्यवस्था और मजबूत हो, बेरोजगारी बढ़नी चाहिए, किसानों की समस्याएं हल नहीं होनी चाहिए। विपक्षी दलों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं ताकि चुनाव लड़ने के लिए पैसा न रहे।

**- सिद्धरमैया,** मुख्यमंत्री, कर्नाटक

# भाजपा के 30 स्टार प्रचारक करेंगे 300 से ज्यादा रैली

- प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री की सभाओं पर ज्यादा फोकस, प्रचारकों में सिर्फ हेमा फिल्मी स्टार
- राज्य में रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार की जिम्मेदारी तय, भाजपा की 'त्रिमूर्ति' संभालेगी चुनाव की बागडोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भाजपा ने प्रदेश में सभी 80 सीटों पर जीत के लिए तीन सौ रैलियां करने की योजना बनाई है। रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार किस स्टार प्रचारक का कब और कहां होगा, इसका रुटचार्ट और प्रबंधन की जिम्मेदारी भाजपा की 'त्रिमूर्ति'' संभालेगी। अलग-अलग मोर्चों पर नेताओं की जिम्मेदारी तय की गई है।

भाजपा की राज्य चुनाव संचालन समिति की प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक में तीन अलग-अलग मंत्रियों को इसकी कमान सौंपी गई है। रैलियों के दौरान किसकी जिम्मेदारी रहेगी, कौन अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेगा, इसके साथ चुनाव प्रबंधन किसके हाथ में रहेगा, इसको लेकर कार्य बांटे गए। इसके अनुसार जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के पास चुनावी रैलियों की जिम्मेदारी होगी, तो कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद व्यवस्था पर नजर रखेंगे, जबकि जेपीएस राठौर बाकी चुनाव प्रबंधन को देखेंगे। संचालन समिति की देखरेख में भाजपा 300 से ज्यादा चुनावी रैलियां करेगी।

राज्य चुनाव संचालन समिति ने प्रदेश में 30 स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय करने का कार्य भी लगभग पूरा कर लिया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, स्मृति ईरानी, डॉ दिनेश शर्मा, संजीव बाल्यान, जसवंत सैनी, हेमा मालिनी, अशोक कटारिया, सुरेंद्र नागर, जनरल वीके सिंह, बीएल वर्मा, राजवीर सिंह 'राजू भईया', एसपी सिंह बघेल, साध्वी निरंजना ज्योति, कांता कदम, रजनीकांत माहेश्वरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र कश्यप, जेपीएस राठौर, भोला सिंह शामिल हैं।



### होली बाद गाढ़ा होगा मोदी-योगी व जयंत की रैली का रंग

प्रदेश में भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों का चुनावी रंग होली के बाद देखने लायक होगा। सबसे पहले रैलियों की शुरूआत पश्चिमी उप्र. के जाटलैंड से होगी। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद,रामपुर और पीलीभीत में कड़ा मुकाबला है। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबसे ज्यादा मांग है। संगठन इसे अनसुना भी नहीं कर रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान बिल को लेकर इन इलाकों में जबरदस्त आक्रोश था, तब योगी ने ही कमान संभाली और विरोध में लोकदल और सपा के गठबंधन के बावजूद रिकार्ड सीटों पर विजय मिली। इस बार माहौल बेहतर है, चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने और लोकदल से गठबंधन के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मांग भी खूब हो रही है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की टीम भाजपा के साथ कहीं सयुंक्त तो कहीं अकेले रैली व रोड शो करेगी।



### राहुल-अखिलेश संभालेंगे इंडिया का मोर्चा

इंडिया गठबंधन से राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव और शिवपाल यादव मुख्य कमान संभालेंगे। बसपा प्रमुख मायावती भी कुछ सीटों पर प्रचार करने जा सकती है। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी समेत आईएनडीआईए गठबंधन के कई नेताओं की चुनावी रैलियां होंगी।



# बसपा की सोशल इंजीनियरिंग विपक्ष के लिए बन रही चुनौती

पदमाकर पाण्डेय ,लखनऊ

**अमृत विचार।** साल 2006 में सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले से प्रदेश में पूर्ण बहुमत की बसपा सरकार बनाने वाली मायावती की चुप्पी से राजनैतिक दलों में बेचैनी बनी हुई है। यह बेचैनी बसपा द्वारा अब तक प्रत्याशियों की अधिकारिक सूची न घोषित होने से बनी हुई है। एनडीए और इंडिया गठबंधन की राजनीति में बसपा के प्रत्याशियों की ट्रंप का इक्का सरीखे स्थिति बन गई है, माना जा रहा है कि बसपा के प्रत्याशी तीसरा मोर्चा भले ही न बन सकें, मगर स्थानीय स्तर पर मतों की बड़ी सेंधमारी कर संभावित परिणाम प्रभावित कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, देश में सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में भाजपा व सपा ने अधिकांश सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, शेष सीटों पर होली बाद घोषित किये जाने की बात कही जा रही है। मगर, बसपा साइलेंट मोड में बनी हुई है, लोकसभा चुनाव को लेकर मायावती की चुप्पी के सियासी गलियारों में तरह- तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अबतक घोषित हो चुके प्रत्याशियों को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग का दोबारा फार्मूला दोहराने की चर्चांएं शुरू हो गईं हैं। अकबरपुर, रनिया, उन्नाव, आयोध्या, धरोहरा व पश्चिम उप्र. में आधा दर्जन ब्राम्हण प्रत्याशियों से जहां एनडीए गठबंधन (भाजपा) के प्रत्याशियों के लिए कठिनाई पैदा हो चुकी है वहीं दलित और मुस्लिम प्रत्याशियों के घोषित होने से इंडिया गठबंधन(सपा) के प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ रहीं हैं।

### सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय में बसपा अव्वल

बसपा के एमएलसी व लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि कोई भाजपा की बी टीम कहता है तो कोई इंडिया गठबंधन का हितैषी होने का प्रमाण देता है। मगर वास्तव मे सर्व समाज को प्रतिनिधित्व देने का पहली बार मायावती ने काम किया था। साल 2006 में सबसे ज्यादा ब्राम्हण विधायक, मुस्लिम व दलित विधायकों के साथ सरकार बनाई गई थी। जिसे जनता आज भी दोहराना चाह रही हैं। फिलहाल, बसपा द्वारा प्रदेश के 18 मंडलों में सात सवर्ण( पांच ब्राम्हण), पांच मुस्लिम, तीन दलित, एक जाट व दो ओबीसी प्रभारी बनाए गए हैं। स्पष्ट है कि बसपा का प्रत्याशी जनता से जुड़ा होगा।

### विपक्ष को झटका देने को दिया पल्लवी को प्रस्ताव

सपा के साथ अपना दल कमेरावादी के समझौता तोड़ने की शुक्रवार को घोषणा होते ही, बसपा द्वारा अपना दल की पल्लवी पटेल को समर्थन का आश्वासन और हाथी चुनाव चिन्ह पर प्रत्याशी उतारने का ऑफर देने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि पार्टी के भीम राव आंबेडकर ने चर्चाओं की पुष्टि नहीं की है। उनका कहना है कि ऑफर देने का विषय बसपा सुप्रीमो के स्तर का है, अभी तक किसी प्रकार की अधिकारिक जानकारी पार्टी की ओर से नही दी गई है। मालूम हो कि अपना दल की कृष्णा पटेल ने गुरुवार को इंडिया गठबंधन के तहत प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर व कौशांबी सीट पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया था। जिसके बाद सपा के अखिलेश यादव ने 2024 में गठबंधन की बात से इंकार कर दिया था।

# रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन, बदल सकता है समीकरण

- सपा-कांग्रेस गठबंधन से नेताओं का बदला सियासी मिजाज
- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं पूर्व मंत्री आजम खां

सुहेल जैदी, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन रामपुर के सियासी समीकरण बदलने की ताकत रखता है। क्योंकि, सपा-कांग्रेस गठबंधन होने के बाद से नेताओं का सियासी मिजाज बदल गया है। शोला बयां मोहम्मद आजम खां रामपुर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं। हालांकि, भाजपा हाईकमान ने लोकसभा उप चुनाव 2023 में जीते घनश्याम सिंह लोधी को सबसे पहले टिकट देकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुआ पहला लोकसभा चुनाव देश के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद ने लड़ा था। इसके बाद रामपुर लोकसभा सीट को लेकर चर्चाओं में रहता है।

नूरमहल कभी कांग्रेस की धुरी हुआ करता था। लेकिन, समय के साथ बदलाव आता गया और सियासी बिसात के राजनैतिक मोहरे आजम खां के साथ होते गए। कभी रामपुर का चुनाव इस तर्ज पर होता था बड़ा वोट मिक्की मियां (लोकसभा) और छोटा वोट आजम खां (विधानसभा) को जाता था। लेकिन, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने वर्ष 1996 में लोकसभा चुनाव अपने दमखम पर लड़ा और भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा को करारी शिकस्त देते हुए यह सीट छीनकर कांग्रेस की झोली में डाल दी। लेकिन,वर्ष 1998 में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर लोकसभा जीत ली और बेगम नूरबानों को करीब साढ़े हजार वोटों से शिकस्त दे दी। इसके बाद वर्ष 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में बेगम नूरबानो ने एक बार फिर जीत दर्ज की। वर्ष 2004 में सपा की साइकिल पर सवार होकर फिल्म अभिनेत्री रामपुर आईं और लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंच गईं। लेकिन, वर्ष 2014 में हुए चुनाव में मुरादाबाद के डॉ. नेपाल सिंह ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज कर ली। इसके बाद वर्ष 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां ने लोकसभा चुनाव जीतकर संसद का रुख किया। वर्ष 2022 में आजम खां द्वारा लोकसभा सीट से त्याग पत्र देने के बाद हुए लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने आसानी से चुनाव जीत लिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के टिकट के लिए कई दावेदार थे लेकिन, पार्टी हाईकमान ने घनश्याम सिंह लोधी पर ही दांव लगाया है। जबकि, सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि लोकसभा टिकट मामले में अंतिम निर्णय पूर्व मंत्री आजम खां को लेना है। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो भी वर्ष 2024 का चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में थीं और उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वह चुनाव लड़ेंगी। नूरमहल को करीब 20 से 25 प्रतिशत हिन्दू वोट के अलावा दलित और सिखों को वोट मिलता है। आजम खां पुरानी रवायत को बरकरार रखते हुए बेगम नूरबानो को गठबंधन प्रत्याशी बनाते हैं तो रामपुर का चुनाव काफी दिलचस्प हो सकता है। हालांकि, यह मुश्किल है क्योंकि आजम खां का नवाबों से पंगा किसी से छिपा नहीं है। लेकिन, राजनीति में सबकुछ संभव है। कांग्रेस हाईकमान यदि गठबंधन में रामपुर सीट पर बेगम नूरबानो को चुनाव लड़ाती है तब भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी की राह मुश्किल हो सकती है।



पूर्व सांसद बेगम नूरबानो



पूर्व मंत्री आजम खां



घनश्याम सिंह लोधी

# अखिलेश की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' में बिखरे सहयोगी

- गठबंधन से पहले प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस पर बनाया था दबाव
- सहयोगी दलों को रोकने में भी आजमा रहे यही दांव, गुटबंदी हो रही हावी

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में सत्तासीन दल भारतीय जनता पार्टी को ललकारने की तैयारी कर रही समाजवादी पार्टी अपनों को ही साथ लेकर चलने के संघर्ष में हलकान है। मुख्य विपक्षी होने के नाते समाजवादी पार्टी पर भाजपा की विचारधारा के साथ न चलने वाले 'वोटबैंक' की नजर तो है लेकिन एक के बाद एक सहयोगी दलों के बिखराव से संदेश साकारात्मक नहीं जा रहा। हकीकत तो यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' के चक्कर में सहयोगी नहीं फंस रहे।



### अभी बदल भी सकते हैं टिकट

सूत्र बता रहे हैं कि सपा में टिकटों के बंटवारे पर अभी आम सहमति नहीं है। संभावना है कि अखिलेश टिकटों में अभी और बदलाव कर सकते हैं। ताजा बदलाव सपा प्रमुख ने दिल्ली से सटी गाजियाबाद सीट पर महेंद्र नागर की जगह राहुल अवाना को अपना उम्मीदवार बना दिया। वहीं इससे पहले भी बदायूं सीट से अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को टिकट मिला था लेकिन फिर उनका टिकट काटकर चाचा शिवपाल को टिकट दिया गया। फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

हाल-फिलहाल की बात की जाए तो गठबंधन को लेकर कांग्रेस के ठंडे रवैये के मद्देनजर अखिलेश ने सीटों पर समझौता होने का इंतजार किए बगैर ही पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी थी। इस सूची में 16 नाम थे और इससे पहले अखिलेश ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की पेशकश भी की थी। हालांकि कांग्रेस के खाते में आईं 17 सीटों पर भी अभी तक उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। इस बीच सपा निरन्तर प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस में तेजी लाने को उकसा रही है। उधर, सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो जाने के बावजूद तालमेल नजर नहीं आ रहा और इधर सपा भी अपने सहयोगियों को कांग्रेस के चक्कर में नजरंदाज कर रही। ऐसे में सहयोगी बिखर रहे हैं। शुक्रवार को ही इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने घोषणा की कि वह अपने बूते उप्र की 27 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। देखा जाए तो उप्र. विस. चुनाव 2022 के बाद यह पांचवीं पार्टी है, जिससे अखिलेश का नाता टूटा है। इससे पहले महान दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल, अपना दल कमेरावादी के साथ गठबंधन टूट चुका है।

### भाजपा को जिताने के लिहाज से टिकट दे रही सपा

जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सपा को भाजपा की बी टीम बताते हुआ कहा कि सब सीट पर टिकट भाजपा को ही जिताने के लिहाज से बांटे जा रहे हैं। संजय सिंह चौहान इस बार घोसी से लोकसभा का चुनाव अपने सिंबल पर लड़ेंगे। संजय का आरोप है कि वह घोसी से ही सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ना चाहते थे, अखिलेश यादव उनको आश्वासन भी देते रहे लेकिन टिकट देने के समय उन्होंने राजीव राय को टिकट दे दिया। वहीं शुक्रवार को सपा से टिकट मिलने की उम्मीद न पूरी होने के बाद आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने भी नगीना से पर्चा भर दिया है।

# विकसित भारत का निर्माण मोदी के ही नेतृत्व में संभव

## सीएम धामी ने रैमजे परिसर में सभा कर टम्टा के पक्ष में मांगा समर्थन, प्रदेश अध्यक्ष भट्ट, मंत्री आर्या व चुफाल ने भी किया संबोधित

संवाददाता, अल्मोड़ा


सभा स्थल में कार्यकर्ताओं से हाथ मिलाते सीएम धामी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। जिसके लिए वह समर्पण से काम कर रहे हैं। पीएम मोदी के इस यज्ञ में आहुति देकर उत्तराखंड भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। इसके लिए इन लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को रिकार्ड मतों से जिताकर केंद्र में भेजना सभी की जिम्मेदारी है।

यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रैमजे इंटर कालेज के परिसर में भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कही। सीएम धामी ने कहा कि देश में वर्ष 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद देश के अनेक ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370, राम मंदिर निर्माण, समान नागरिक कानून समेत अनेक ऐतिहासिक कार्य कर देश को नई दिशा देने का काम किया। धामी ने आज भारत की गिनती विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था वाले देशों में हो रही है और आने वाले पांच सालों में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री धामी का उत्तराखंड से विशेष लगाव रहा है। विगत वर्ष पीएम मोदी ने उत्तराखंड के आदि कैलाश, पार्वतीकुंड, जागेश्वर, पिथौरागढ़ जैसे सीमांत क्षेत्रों का दौरा ही नहीं किया। बल्कि मानसखंड के अंतर्गत आने वाले इन क्षेत्रों के विकास के लिए कोई कोर कसर भी नहीं छोड़ी। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ में मेडिकल कालेज, टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन, पिथौरागढ़ समेत चंपावत, मुनस्यारी को हवाई सेवाओं से जोड़ने, वाइब्रेंट बिलेज, स्वदेश दर्शन जैसे अनेकों कार्य केंद्र के सहयोग से ही प्रगति कर पाए हैं। प्रदेश सरकार उपलिब्धयां गिनाते हुए सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता देश के लिए नजीर बन गई। नकल विरोधी कानून लाकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया तो लैंड जेहाद के तहत प्रदेश में हजारों एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाने में सफलता प्राप्त की है। दंगा विरोधी कानून भी लागू किया गया है। सभा को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, बिशन सिंह चुफाल और पार्टी प्रत्याशी अजय टम्टा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक मोहन सिंह मेहरा, प्रमोद नैनवाल, महेश जीना, पार्वती दास, फकीर राम, संगठन के अजेय कुमार, रमेश बहुगुणा, सुरेश भट्ट, शिव सिंह, प्रदीप बिष्ट, दीपक मेहरा, वीरेंद्र वाल्दिया, सुरेश जोशी, कैलाश शर्मा सहित सैंकड़ों लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**रैली की शक्ल में पहुंचे सभा स्थल:** अजय टम्टा के समर्थन में होने वाली सभा तक सीएम धामी व पार्टी के वरिष्ठ नेता शिखर तिराहे से रैमजे परिसर तक रैली की शक्ल में पहुंचे। चारों जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और पार्टी के पक्ष में जोरदार नारेबाजी की। सीएम धामी व पार्टी प्रत्याशी टम्टा ने बाजार में लोगों से मुलाकात कर पार्टी को समर्थन देने की अपील भी की।

**नामांकन से पूर्व जागेश्वर धाम में लिया आशीर्वाद:** अजय टम्टा ने शुक्रवार को अपना नामांकन कराया। नामांकन से पूर्व टम्टा अपने परिवार के साथ विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम पहुंचे और वहां जाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने धाम के सभी मंदिरों में मत्था टेका और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद भी लिया।

### पूर्व सांसद हरगोविंद पंत की पुत्र वधू भी भाजपा में शामिल

**अल्मोड़ा :** शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जैसे ही सिमकनी मैदान से शिखर तिराहे पर पहुंचे वहां कार्यकर्ता उनका पहले से इंतजार कर रहे थे। इस दौरान वर्ष 1957 के दूसरे आम चुनावों में अल्मोड़ा के सांसद रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व कांग्रेस के नेता स्व. हरगोविंद पंत की पुत्र वधू व अल्मोड़ा की पूर्व विधायक रमा पंत की बहू डा. वसुधा पंत और अल्मोड़ा के प्रमुख होटल व्यवसायी राजेश बिष्ट समेत दर्जनों कांग्रेसियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा में शामिल सभी कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी व उसके फ्रंटल संगठनों में विभिन्न पदों पर पदाधिकारी भी रह चुके हैं।

### युवाओं और महिलाओं को साधने का प्रयास

**अल्मोड़ा :** सीएम धामी ने लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा के दौरान महिला और युवा मतदाताओं को साधने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि पूरी लोकसभा में भाजपा को मातृशक्ति और युवाओं को भरपूर सहयोग मिल रहा है। भाजपा ने इन दोनों वर्गों के सशक्त बनाने के लिए अनेकों कार्य किए हैं। जो भविष्य में और तेजी के साथ आगे बढ़ेंगे।

### विपक्ष के पास न कोई विजन न रोडमैप

**अल्मोड़ा :** सभा के दौरान सीएम धामी ने विपक्ष की कांग्रेस पार्टी पर भी तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने बादशाही मानसिकता, भाई भतीजावाद, क्षेत्र व जातिवाद की राजनीति करने वाले लोगों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की आज यह हालत हैं कि उन्हें हरिद्वार और नैनीताल सीट पर उम्मीदवार ही नहीं मिल पा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### उद्यमिता से भविष्य संवारने के तरीके बताए

**अल्मोड़ा :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत सोबन सिंह जीना विवि में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। कार्यक्रम के दौरान पहले दिन विशेषज्ञों द्वारा योग व आईटी भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार शुरू करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नोडल अधिकारी नंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि सरकार द्वारा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों का ज्ञान प्राप्त कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए यह योजना शुरू की गई है। जिसका युवाओं को अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर निदेशक मनोज कुमार, ललिता कांडपाल, इंजीनियर रवींद्र नाथ पाठक आदि मौजूद रहे।


एनएसएस शिविर के समापन पर छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

### सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**रानीखेत :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि नीरज तिवारी प्रबंधक इंटर कॉलेज खिरखेत तथा प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेघा रावत एवं ग्रुप के द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कमल और ग्रुप ने एनएसएस का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि नीरज तिवारी जी ने स्वयंसेवियों के कार्यों की प्रशंसा की। प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने नौलों की साफ सफाई के लिए स्वयंसेवियों की प्रसंशा की। विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज खिरखेत ने शिविर की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि इमराना ने स्वयंसेवियो को शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिमन्यु कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई।

# अल्मोड़ा में जगह-जगह होली गीतों की मची धूम

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में होली गायन करतीं महिला होल्यारों की टीम। ● अमृत विचार



कपकोट में होली गायन करते अध्यापक-अध्यापिकाएं ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली का पर्व नजदीक आते ही सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में होली गायन की धूम मचने लगी है। नगर के गली मोहल्लों में होल्यारों की टीम फाग के रंगों से माहौल को उल्लासमय बना रहे हैं। शुक्रवार को भी नगर समेत ग्रामीण इलाकों में होली गायन की धूम मची रही।

नगर के तल्ला मल्ला जोशीखोला, ढूंगाधारा, गंगोला मोहल्ला, खत्याड़ी, धारानौला, दुगालखोला, एनटीडी, खोल्टा समेत अनेक इलाकों में होल्यारों ने खड़ी होली का गायन किया। इस दौरान महिलाओं में भी होली को लेकर गजब का उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं की टोलियों ने घर घर जाकर होली गायन किया और एक दूसरे को होली का रंग लगाकर बधाईयां दी। इधर जिले के सल्ट, सोमेश्वर, जागेश्वर, चौखुटिया, भैंसियाछाना विकास खंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में भी होल्यारों की टीम ने गांव गांव जाकर पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ होली गायन किया। जिले के मानिला स्थित सिद्धेश्वर मंदिर के होल्यारों की टीम ने शुक्रवार को डढ़ोली, भैंसीखेत, नगारीखत्ता व रथखाल में पारंपरिक कुमाऊंनी होली का गायन कर माहौल उल्लासमय बना दिया। होली गायन का यह सिलसिला जिले भर में जारी है।

### भैनर में होली गीतों पर झूमे लोग

**बैरती (अल्मोड़ा) :** क्षेत्र में होली पर्व चरम पर हैं। शुक्रवार को क्षेत्र के होल्यारों का जमावड़ा भैनर में लगा। यहां उमेश त्रिपाठी के आवास पर होली बैठक में पान, बैरती, सेलागढी, गैराड़, चितैली, ककनर तथा उलैनी के होली कलाकारों ने भागीदारी की। रंगकर्मी ललित त्रिपाठी की अगुवाई में विभिन्न रागों का होली गायन हुआ। उलैनी के 85 वर्षीय होली कलाकार विश्वंभर उपाध्याय का रंगीन मिज़ाज विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। अन्य कलाकारों कैलाश त्रिपाठी, महेश उपाध्याय, मदन उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, कैलाश पांडेय ( दीप), हरीश चन्द्र पांडेय, विनोद पाण्डेय, हरनाथ पांडेय रहे।

### गांवों और स्कूलों में किया होली गायन

**बागेश्वर, अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न गांवों में होली गायन की धूम मची हुई है। पुरूष, महिलाएं अलग-अलग टोलियों में दिन भर होली गायन कर रही हैं तो पुरूष सुबह से ही होली प्रारंभ करके देर रात तक होली गायन कर रहे हैं। लोगों द्वारा गुझिया, आलू के साथ होल्यारों का स्वागत किया जा रहा है। जनपद के विभिन्न स्कूलों में भी शुक्रवार को होली गायन किया। कपकोट के कस्तूरबा विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय कपकोट, गरूड़ के विभिन्न विद्यालयों में अध्यापक-अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ होली गायन किया व एक दूसरे को होली की बधाईयां दी।

# आधार अपडेट के नाम पर लूटने का आरोप

संवाददाता, बागेश्वर

> यह गंभीर मामला है इसकी जांच कराई जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> -अनुराग आर्या, उप जिलाधिकारी कपकोट

**अमृत विचार:** कांडा के ग्रामीणों ने आधार अपडेट करने व नए आधार कार्ड बनाने पर ग्राहकों को लूटने का आरोप लगाया है। कहा कि आधार कार्ड बनाने वालों के रेट तय किए जाने चाहिए।

कांडा के सैखोला के ग्रामीण सुरेश नगरकोटी ने बताया कि कांडा तहसील समेत जनपद के कई बैंकों में आधार कार्ड बनाने व अपडेट करने का कार्य कराया जा रहा है। कोई ग्राहकों से सौ तो कोई दो सौ रुपये तक ले रहे हैं तथा रसीद तक नहीं दे रहे हैं। रसीद मांगने पर आधार कार्ड न बनाने की धमकी दे रहे हैं। बताया कि वेबसाइट में देखने पर पता चला है कि फिंगर प्रिंट व फोटो अपडेट कराने पर सौ-सौ रुपये व अन्य कार्यों का शुल्क मात्र 50 रुपया दर्ज है परंतु इनके द्वारा मनमाना शुल्क लिया जा रहा है। इसके अलावा स्टांप विक्रेता भी स्टांप पर अतिरिक्त शुल्क लेकर जनता का शोषण किया जा रहा है जिस पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को ध्यान लेना चाहिए।

# मारपीट में पति-पत्नी को छह माह का कारावास

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के एक मामले का विचारण मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दया राम के न्यायालय में हुआ। इस मामले में न्यायालय ने एक दंपति को छह माह के साधारण कारावास और डेढ़ डेढ़ हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

जिला अभियोजन अधिकारी बीपी टम्टा ने बताया कि मामला नवंबर 2021 का है। सैंज गांव अल्मोड़ा निवासी हर सिंह ने राजस्व पुलिस को तहरीर दी कि अभियुक्त गोपाल सिंह और उसकी पत्नी माया देवी आए दिन उनके वाहन में तोड़फोड़ करते हैं। विरोध करने पर अभियुक्तों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। राजस्व पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। न्यायालय में पीड़ित पक्ष की ओर से पांच गवाह पेश किए गए। सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दया राम की अदालत ने अभियुक्त गोपाल सिंह और उसकी पत्नी माया देवी को दोषी पाया और दोनों को छह छह माह का कारावास और डेढ़-डेढ़ हजार रुपये का अर्थदंड सुनाया।

# बच्चों को दी पर्यावरण की जानकारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**कार्यशाला**
▶▶ ग्रीन हिल्स संस्था द्वारा कार्यशाला का किया गया आयोजन

**अमृत विचार :** स्कूली बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नगर की ग्रीन हिल्स संस्था द्वारा अल्मोड़ा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जल संसाधन, भूमिगत जल को बढ़ाने, वृक्षारोपण, वायु प्रदूषण को रोकने, गैर हिमानी नदियों को बचाने, छोटे छोटे प्राकृतिक नालों, सूख चुके नौलो को बचाने के संबंध में स्कूली बच्चों को विस्तार से जानकारी देकर उनके साथ विचार विमर्श किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए पर्यावरण प्रेमी मोहन चंद कांडपाल द्वारा विगत विगत 35 वर्षों से किए गए पानी बोओ पानी उगाओ अभियान के तहत किए कार्यों के अनुभव बच्चों के साथ साझा किए। उन्होंने कहा कि मानवीय चूक के कारण पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंच रहा है। इसलिए अगर हम अभी से पर्यावरण के प्रति गंभीर नहीं हुए तो भविष्य में हमें इसके घातक परिणामों का सामना करना पड़ेगा। कार्यशाला में जिला मुख्यालय के एडम्स गर्ल्स इंटर कॉलेज, शारदा पब्लिक स्कूल, स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल, विक्टर मोहन जोशी गर्ल्स इंटर कॉलेज एनटीडी, जीजीआईसी अल्मोड़ा और विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने ज्ञान अर्जित किया और विशेषज्ञों के साथ संवाद किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने संकल्प लिया कि अपने जन्मदिन पर अथवा किसी भी शुभ कार्य में एक वृक्ष लगाकर उसका जीवन भर उसका संरक्षण करेंगे। शारदा पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यपिका विनीता लखचौरा द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए उनके द्वारा उठाये जा रहे कदमों जिसमें वेस्ट प्लास्टिक ब्रिक कार्यक्रम उल्लेखनीय है के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन ग्रीन हिल्स ट्रस्ट की सचिव डा.वसुधा पंत ने किया।

## वर्ग पहेली-18

**बाएं से दाएं**

1. अमित होने की अवस्था या भाव, असीमता, अनंतता।
4. 1. खड़ की लगातार ध्वनि होना 2. सूखे पत्तों के आपस में टकराने की ध्वनि।
5. मालगाड़ी का डिब्बा।
7. 1. पुदीने की जाति का एक पौधा 2. उक्त पौधे की पत्तियों का सत्व जो औषधि बनाने के काम आता है।
8. 1. स्रोत, पानी का चश्मा या सोता 2. यथार्थ, वास्तविक, वाकई 3. नेत्र, नयन, आंख।
9. डांटने की क्रिया, घुड़कना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीचा, झुका हुआ, नत 2. गिरा हुआ, पतित, अधोगत 3. अस्त होता हुआ 4. नम्र, विनीत।
2. 1. झड़ने की क्रिया या भाव 2. झड़ने या झाड़ने से गिरी हुई चीज़।
3. वह बर्तन जिससे खेत का पानी बाहर उलीचते हैं या बाहर का पानी खेत में भरते हैं, ओलचा।
4. गले में पहनने का आभूषण, हंसुली।
6. 1. अनर्गल प्रलाप, बकवास 2. बदतमीज़ी, अशोभन बातें 3. अप्रासंगिक, क्रमहीन।
7. 1. आच्छादित करने की क्रिया 2. ढक्कन 3. आवरण 4. तलवार की म्यान 5. परदा 6. दरवाज़ा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | | |
| | ■ | 5 | | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 6 | ■ |
| ■ | 7 | | | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | ■ | 9 | | | |

## वर्ग पहेली -17 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 औ | ■ | ■ | ■ | 2 वा | णी |
| ■ | ष | ■ | ■ | 3 लु | ■ | ■ |
| ■ | धा | ■ | 4 अ | भा | षि | 5 त |
| ■ | 6 ल | च | क | ना | ■ | द |
| 7 पे | य | ■ | ड़ | ■ | ■ | बी |
| टि | ■ | ■ | ■ | 8 रो | ल | र |
| 9 का | दं | बि | नी | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू-97

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 9 | | 1 | |
| 7 | | 8 | | 4 | | | | 2 |
| | | 3 | 6 | | 8 | | 4 | |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| | 2 | | 5 | | 3 | | | |
| 4 | | | | 1 | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | | 5 | |
| | | 6 | | | | 9 | | |

## सुडोकू -96 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 2 | 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 07 .17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष:** आज धन के लेन-देन को लेकर थोड़ा विवाद हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे। नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपसे काफी खुश रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**वृष:** आज घर की आंतरिक सज्जा में सुधार करने की योजना बनाएंगे। साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

**मिथुन:** आज किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। आप परोपकार को काफी महत्व देंगे। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं।

**कर्क:** आज अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं। दोस्तों के साथ आपकी समस्याओं को साझा करेंगे। लोन से जुड़ा हुआ काम अटक सकता है। कोई नजदीकी व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। इसीलिये सावधान रहना चाहिए।

**सिंह:** आज बॉस आपके प्रदर्शन से बहुत खुश होगा और आपको शाबाशी दे सकते हैं। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी। आपको सामाजिक कार्यों से काफी यश प्राप्त होगा। बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे।

**कन्या:** आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है। अधिकारियों से बहसबाजी न करें। महंगी वस्तुओं की खरीदारी से आपके बजट पर असर पड़ने की संभावना है।

**तुला:** आज आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी सफलता मिल सकती है। व्यवसाय में ग्राहक आपसे काफी खुश रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज सभी कार्यों को सावधानी पूर्वक करने का प्रयास करें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। जल्दबाजी के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

**धनु:** आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ मौज मस्ती भरा समय बिताएंगे। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। बुद्धि और विवेक से निर्णय लेंगे।

**मकर:** आज संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। विवाहेतर संबंधों से बचने का प्रयास करें। दूसरों की बातों में न आएं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए। कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं।

**कुंभ:** आज कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सांयकाल पुराने मित्रों के साथ ग्रुप चर्चा कर सकते हैं। साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** आज आपसी संबंधों को खट्टा न होने दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। पैरों में थकावट जैसी अनुभूति हो सकती है। ऑफिस के कार्यों में अपनी दक्षता का परिचय देंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी पूर्ण रात्रि।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
शान — सुबह : 09 .52
अनाड़ी — रात : 07 .00

**Sony Pix**
इट — सुबह : 09 .28
टर्मिनेटर 3 — रात : 09 .00

**Sony Max**
पीकू — सुबह : 10 .48
आंख मिचौली — रात : 07 .00

**Zee Cinema**
अतीत — सुबह : 09 .15
करन अर्जुन — रात : 08 .20

**Colors Cineplex**
ताली — दोपहर : 12 .00
फिर हेरा फेरी — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात : 07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी दौड़ा-दौड़ा डॉक्टर के क्लीनिक में पहुंचा और घबराए स्वर में बोला-डॉक्टर साहब ! प्लीज मेरी जान बचा लीजिए।
डॉक्टर- क्या हुआ?
आदमी-मेरे मुंह में छिपकली घुस गई है।
डॉक्टर हैरान होकर बोला- क्या? जब छिपकली तुम्हारे मुंह में घुस रही थी तब तुमने मुंह बंद क्यों नहीं किया?
आदमी-दरअसल, मैंने सोचा कि पहले जो कॉकरोच मेरे मुंह में घुसा था ,उसे पकड़कर वह वापस आ जाएगी।

लड़की- तू इतना अच्छा है, फिर तेरी कोई गर्लफ्रेंड क्यों नहीं?
लड़का-तू बन जा
लड़की-नहीं, तू तो मेरा बेस्ट फ्रेंड है।
लड़का- बस इसलिए नहीं है।

## एक नजर

### महिला क्रिकेटर श्वेता को डीएम ने किया सम्मानित

**टनकपुर :** चम्पावत जिला कार्यालय सभागार में शुक्रवार को भारतीय महिला क्रिकेटर श्वेता सहरावत को युवा मतदाता सम्मेलन में जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पाण्डे द्वारा चम्पावत आगमन पर स्मृति चिह्न एवं स्थानीय उत्पाद भेंट कर सम्मानित किया गया। महिला क्रिकेटर श्वेता सहरावत द्वारा चम्पावत जनपद के युवा खिलाड़ियों को निजी अनुभवों से अवगत कराते हुए अनुशासन एवं फिजिकल फिटनेस पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। क्रिकेटर सहरावत द्वारा स्थानीय खिलाड़ियों को खेल के साथ साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। इस दौरान युवा मतदाता सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में उनके द्वारा चम्पावत जनपद के समस्त मतदाताओं से विशेष अपील करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की ताकि जिला निर्वाचन अधिकारी की शत प्रतिशत मतदान की संकल्पना मूर्त रूप ले सके। क्रिकेटर सहरावत द्वारा जिलाधिकारी एवं समस्त चम्पावत वासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, सीओ वंदना वर्मा, डीडीओ दिनेश सिंह दिगारी, डीआईओ गिरिजा शंकर जोशी, जिला क्रीडा अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, जीवन कलौनी आदि मौजूद रहे।

# लोगों को मतदान के लिए जागरूक करे मीडिया

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया सेंटर में आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकारों को दी होली की बधाई

**ब्यूरो, देहरादून**

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय देहरादून द्वारा शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया माध्यमों से लोगों को जागरूक करने की अपील भी की।

इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि उत्तराखण्ड में पांच लोकसभा सीटों के लिए अभी तक 9 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। टिहरी लोकसभा सीट के लिए 2, गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए 1, अल्मोड़ा और हरिद्वार लोकसभा सीट के लिए 3-3 नामांकन अभी तक दाखिल हो चुके हैं। सी विजिल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 6357 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिन्हें समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया गया है। अब तक केरल के बाद उत्तराखण्ड में सी विजिल एप के माध्यम से सबसे अधिक शिकायतों का निस्तारण किया गया है। राज्य के 60 हजार से अधिक मतदान कार्मिकों के लिए विशेष वेलफेयर ऑफिसर की नियुक्ति की गई है। प्रत्येक बूथ स्तर पर एक हेल्थ प्लान भी तैयार किया जा रहा है। जिसमें मतदान कार्मिकों को किसी भी चिकित्सकीय आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपचार मिल सके, इसके लिए निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्रों, उप जिला चिकित्सालयों, जिला चिकित्सालयों और हायर सेंटरों को चिन्हित करते हुए बूथवार हेल्थ प्लान तैयार किया जा रहा है।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राज्य के 11729 मतदेय स्थलों के लिए 12 हजार से अधिक वाहनों की आवश्कता रहेगी। इसके लिए परिवहन विभाग से संबंधित सभी कार्मिकों के लिए डाक मतपत्र की व्यवस्था की जा रही है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से एक विशेष पहल की गई है। इसके तहत सभी एआरओ द्वारा संबंधित बीएलओ को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया है। बीएलओ द्वारा अपने बूथों के मतदाताओं को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जोड़ा गया है। जनसामान्य के लिए विशेष जानकारी और मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से ये व्हाट्सएप ग्रुप बनाये गये हैं।



सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेतीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी। ● अमृत विचार

### 27 मार्च तक केन्द्र को भेज दें धनराशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदित कार्यों के सापेक्ष संबंधित विभागों द्वारा धनराशि अवमुक्त कराने तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने की स्थिति की जानकारी दी गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023- 24 के अंतर्गत नाबार्ड पोषित योजनाओं के अंतर्गत विभागों हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष नए कार्यों की स्वीकृति और प्रतिपूर्ति लक्ष्यों के सापेक्ष नाबार्ड से धनराशि और अवमुक्त/ प्रतिपूर्ति कराने की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि भारत सरकार से जो धनराशि प्राप्त हुई है, उसका पूर्ण सदुपयोग सुनिश्चित करें तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र 27 मार्च तक वित्त विभाग को अवश्य भेज दिए जाएं। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंदवर्धन, अपर सचिव सी रविशंकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में ज्वैलर्स से लूट का आरोपी घायल

**संवाददाता, देहरादून**

**शिकंजा**

- पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती
- पुलिस ने किया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बाइक, तमंचा बरामद

**अमृत विचार :** ऋषिकेश में ज्वैलर्स के साथ हुई लूट में शामिल एक बदमाश को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटर साइकिल, तमंचा, कारतूस व ज्वैलरी बरामद की गई है। उसके साथी की तलाश की जा रही है।

ऋषिकेश के गढ़ी रोड निवासी प्रवीण वर्मा की दुर्गा ज्वैलर्स नाम से दुकान है। 18 मार्च को प्रवीण वर्मा अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। रास्ते में गली न0-7 में बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचा दिखाकर धमकाते हुए बैग लूट लिया। बैग में 25-30 हजार रूपये तथा ज्वैलरी थी। लूट का मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई। घटना के खुलासे को एसएसपी के निर्देश पर कई पुलिस टीमें गठित की गई। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। बदमाशों की तलाश में टीमों को दूसरे राज्यों व जिलों के रवाना किया गया। पुलिस को पता चला कि घटना को मेरठ क्षेत्र के दो बदमाशों ने अंजाम दिया है। इस पर एक टीम मेरठ भेजी गई, जिसने संदिग्ध बदमाशों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई।

इधर, पुलिस को जानकारी मिली कि ऋषिकेश ज्वैलर्स लूट में शामिल अभियुक्त मनोज सिरोही दुबारा किसी घटना को अंजाम देने को देहरादून की ओर गया है। आशारोडी बैरियर पर चैकिंग में जुटी पुलिस टीम ने सहारनपुर की ओर से आ रही एक मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया, तो उसने भागने का प्रयास किया। घेराबंदी होने पर बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भाग गया। जवाबी फायर में अभियुक्त के पैर पर गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया।

# चोरी की चीर बरामद, 4 का चालान

**संवाददाता, चम्पावत**

**अमृत विचार :** होली के श्रीगणेश के दिन बांधी जाने वाली चीर (निशान) की चोरी हो गई। चम्पावत के मल्लीहाट में 21-22 मार्च की रात को हुई चीर चोरी से लोग सकते में आ गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने चीर की खोजबीन शुरू की और शुक्रवार पूर्वान्ह 11 बजे तक चीर की बरामदगी भी हो गई। बाद में आरोपियों के माफी मांगने पर मामला सुलझ गया। पुलिस ने चारों आरोपियों का पुलिस एक्ट में चालान किया।

मल्लीहाट की चीर 100 साल से भी पुरानी है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुधीर साह बताते हैं कि एक साल को छोड़ यह चीर लगातार मल्लीहाट के तयशुदा जगह पर बांधी जाती रही। होलिका दहन के दिन इसे दहन किया जाता है। एक बार इसे नागनाथ मंदिर में बांधा गया था।



चम्पावत में लोगों को समझते हुए सीओ और कोतवाल। ● अमृत विचार

इस बार होलिकाष्टमी के दिन 20 मार्च को मुहूर्त के हिसाब से चीर का बंधन किया गया। 22 मार्च की सुबह चीर मय पाइप गायब थी। मल्लीहाट होली कमेटी के अध्यक्ष विकास साह, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा, पूर्व चेयरमैन सुनील शाह, सुधीर साह, डब्बू पचौली, भानु तड़ागी, प्रतीक साह सहित बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी बीसी पंत, कोतवाल योगेश उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जूप से चीर और लोहे के पाइप को बरामद किया। आरोपियों के माफी मांगने और चीर को मल्लीहाट में उसी जगह बांधने पर मल्लीहाट होली कमेटी ने मुकदमा दर्ज नहीं कराया। कोतवाल योगेश उपाध्याय का कहना है कि चारों आरोपियों का चालान किया गया।

### बच्चों ने मनाई ग्रेजुएशन सेरेमनी

**बनबसा, अमृत विचार:** मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में यूकेजी के बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केन्द्रीय विद्यालय की प्रधानाचार्य श्वेता टम्टा एवं मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल के अध्यक्ष क्लिफटन शिपवे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन शशि चंद्र सोराडीं द्वारा किया गया।

एलकेजी के बच्चों द्वारा स्वागत गीत तथा यूकेजी के बच्चों ने अपने अनुभव कविता स्लोगन आदि के माध्यम से व्यक्त किए। इस अवसर पर यूकेजी के बच्चों को परीक्षा फल भी बांटा गया। यूकेजी कक्षा में प्रथम स्थान वंश अग्रवाल, द्वितीय स्थान तनुज बोरा तथा तृतीय स्थान शिवन्या ने प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक गिरीश जोशी ने अतिथियों का स्वागत किया।

# पूर्णागिरि धाम क्षेत्र में बनाई जा रही रुद्राक्ष वाटिका

**देवेन्द्र चन्द देवा,टनकपुर**

अमृत विचार : चम्पावत वन विभाग के अथक प्रयासों से धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र मां पूर्णागिरि धाम क्षेत्र में रुद्राक्ष वाटिका लगाए जाने का कार्य इस समय जोर शोर से चल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में यह पहला अवसर है जब इस तरह के रुद्राक्ष की वाटिका तैयार की जा रही है। फिलहाल चम्पावत वन विभाग पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ से ठुलीगाड़ यानि 2 किलोमीटर के दायरे में मार्ग के दोनों ओर में रुद्राक्ष के 600 पौधे लगाकर प्लांटेशन लगा रहा है। जिस क्षेत्र में रुद्राक्ष का प्लांटेशन हो रहा है उसके करीब ही बह रही शारदा नदी के काकड़ घाट का भी अपना महत्वपूर्ण स्थान है। इस स्थान पर पवित्र जनेऊ संस्कार कार्यक्रम भी किया जाता है।कमोवेश पड़ोसी देश नेपाल में रुद्राक्ष का उत्पादन अधिक संख्या में होता है। रुद्राक्ष को भगवान शिव से जोड़ा जाता है, मान्यता है कि भगवान शिव के नेत्र की जल धारा से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई थी। आध्यात्मिक और धर्म से भी रुद्राक्ष को जोड़ा जाता है। मान्यता है कि रुद्राक्ष पाठ पूजा में ही नहीं बल्कि इसके पहनने से कई रोगों का भी निवारण होता है।वन विभाग द्वारा रुद्राक्ष के 500 पौधे ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन से निशुल्क मंगाए गए हैं। बताया जाता है कि ऋषिकेश परमार्थ निकेतन से ही राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा में भी 2 हजार पौधे यही से रोपित करने के लिए भेजे गए थे।

रुद्राक्ष के 100 अन्य पौधों के लिए वन विभाग द्वारा व्यवस्था की जा रही है। लगभग 11 लख रुपए की लागत से यहां रुद्राक्ष वाटिका तैयार की जा रही है। वही रुद्राक्ष पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जा रहे हैं। जल्दी ही यह वाटिका तैयार हो जाएगी जहां पर्यावरण और वनों की सुरक्षा संबंधी स्लोगन भी लिखे जा रहे हैं।



पूर्णागिरि मार्ग में रुद्राक्ष के पौधे रोपते वन विभाग कर्मचारी। ● अमृत विचार

> मां पूर्णागिरि धाम क्षेत्र के बाटनागाड़ से ठुलीगाड़ तक में रुद्राक्ष प्लांटेशन के लिए पूर्व में विभागीय हेड क्वार्टर को लिखा गया था जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद यहां इस स्थान पर रुद्राक्ष के पौधे रोपित किया जा रहे हैं। होली से पहले ही यह कार्य पूर्ण हो जाएगा। पूर्णागिरि मार्ग के दोनों और रुद्राक्ष के पौधे लगाने का उद्देश्य यह भी है कि मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष पौधे के बारे में भी बेहतर जानकारी हो और वह इसके प्रति जागरूक भी हो।
> **-आरसी कांडपाल**, डीएफओ, चम्पावत

## उत्तर प्रदेश

## सार-संक्षेप

### पाकिस्तान में घटी हिंदुओं की संख्या, अब सिर्फ दो फीसदी

**रामपुर :** उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान में 14 फीसदी हिंदू थे। लेकिन अब दो फीसदी ही रह गए हैं। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को बहुत पहले लागू किया जाना चाहिए था, इसमें देर हुई है। वित्त मंत्री सिविल लाइन क्षेत्र में आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान है कि हर बूथ पर 370 वोट होंगे, जो पंडित दीनदयाल के लिए श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित होंगे। चुनाव आयोग की ओर से लांच एप का इस्तेमाल करें जिनका भी वोट न मिल रह हो, पर्ची न मिल पा रही हो, उनका वोट अवश्य ढूंढकर निकाल कर दें। उन्होंने कहा कि हर लाभार्थी को आप सम्मान दें। सम्मान के साथ ही वोट की अपील करें। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के लिए योगी आदित्यनाथ के रूप में अपने जैसा ही सिपाही दिया है।

### जयाप्रदा के मामलों में दो अप्रैल को होगी सुनवाई

**रामपुर :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के केस दर्ज हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में हो रही है। शुक्रवार को केमरी के मामले में जयाप्रदा को बयान दर्ज कराने आना था, लेकिन वह नहीं आ सकीं। इसके अलावा स्वार के मामले में बचाव पक्ष की ओर से साक्ष्य पेश नहीं हो सके। अब दोनों मामलों में दो अप्रैल को सुनवाई होगी। पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था। यह दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। शुक्रवार को जयाप्रदा को केमरी के मामले में बयान दर्ज कराने आना था, लेकिन वह नहीं आ सकीं।

### दहेज हत्या में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मिलक :** कूप गांव में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मृतका के पिता प्रेम शंकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार वर्ष पूर्व उसने अपनी बेटी बबली की शादी दुगनपाल निवासी ग्राम कूप थाना मिलक के साथ की थी। शादी के बाद दुगनपाल व उसके परिवार वाले दहेज में एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रुपये न देने के कारण सभी लोग उसकी पुत्री के साथ मारपीट करते थे। बुधवार को सुबह आठ बजे उसकी पुत्री ने फोन पर बताया था कि ससुराल वाले उसे जान से मारने की साजिश रच रहे हैं। वह उसे आकर ले जाएं।

### अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते दो गिरफ्तार

**संभल :** सदर कोतवाली पुलिस ने बंद पड़े मकान में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से बंदूक, राइफल सहित आधा दर्जन ने ज्यादा बने, कुछ अधबने हथियार व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये हैं।अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीशचंद्र ने बताया कि सदर कोतवाल पवन कुमार को क्षेत्र में फरमान के बंद पड़े मैंथा प्लांट के पास खंडहरनुमा घर में अवैध शस्त्र फैक्ट्री के संचालन की जानकारी मिली थी। गुरुवार की देर रात पुलिस को दो लोग हथियार बनाते मिले।

### अखिलेश की पत्नी ने योगी से मिलकर जताया आभार

**लखनऊ :** मेघालय में अपहृत लखनऊ निवासी अखिलेश सिंह चौहान के सकुशल मुक्त हो जाने के बाद अखिलेश की पत्नी शीला सिंह चौहान और पुत्र सूरज चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके आभार जताया। मुख्यमंत्री ने अखिलेश के परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है। बता दें कि लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज के निवासी अखिलेश सिंह चौहान (मैकेनिक एवं सुपरवाइजर) मेघालय के साउथ गारो हिल्स में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत हैं।

# पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की याचिका हुई खारिज

**विधि संवाददाता**

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के मामले में यूपी के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी को कोई राहत न देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी।

मामले के अनुसार 6 दिसंबर 2001 को धर्मराज मद्धेशिया नाम के व्यक्ति द्वारा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध आईपीसी की विभिन्न धाराओं और उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1986 की धारा 3 (1) के तहत पुलिस स्टेशन कोतवाली, बस्ती में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसके बेटे राहुल मद्धेशिया का स्कूल जाते समय अपहरण कर लिया गया था। हालांकि याची की ओर से बचाव के तर्क दिए गए लेकिन कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि 'गिरोह' द्वारा किया अपराध गैंगस्टर लगाने के लिए पर्याप्त है। अतः याचिका खारिज कर दी गई।

यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते पारित किया है। मालूम हो कि बुधवार को फैसला सुरक्षित करते हुए कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि वर्तमान मामले में याची ने अपना आपराधिक इतिहास का उल्लेख नहीं किया है, जबकि उसका एक लंबा आपराधिक इतिहास है। इसके अलावा कोर्ट ने पूर्व में पारित अपने आदेश में ट्रायल कोर्ट को पूरी आर्डर शीट एक सील बंद लिफाफे में भेजने का निर्देश दिया था।

### पुलिस पर हमले के दोषी को 5 साल कैद

**बदायूं, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायालय के न्यायाधीश सुनीत चंद्रा ने पुलिस पर हमला करने के आरोपी को दोषी माना है। उसे पांच साल की कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि जमा न करने पर दोषी को एक महीने की अतिरिक्त कैद भोगनी होगी।

21 जनवरी 2019 को थाना कादरचौक में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें बताया गया था कि थाना कादरचौक के तत्कालीन एसओ हरिभान सिंह पुलिस बल के साथ कादरबाड़ी और म्यूनिस नगर के जंगल में एक बदमाश की तलाश कर रहे थे। मुखबिर ने बताया कि वहां गन्ने के खेत में बदमाश छिपे हैं। जिनके पास असलाह भी है। पुलिसकर्मी आगे बढ़े तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की थी।

# एटीएम से छेड़छाड़ कर कैश निकालने वाले दो लोग दबोचे

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**कार्रवाई**

- आजाद रोड स्थित आईडीवीआई के एटीएम से निकालते थे रुपये
- पुलिस ने आरोपियों के पास से मिली कार को कब्जे में लिया

**अमृत विचार:** बैंक कर्मचारियों ने एटीएम से रुपये निकालने के आरोप में दो युवकों को पकड़ लिया। पिटाई करने के बाद उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया। दोनों आरोपी एटीएम में कैश डिस्पेंसर प्लेट लगाकर रुपये निकालने का कार्य करते थे और बार-बार आईडीवीआई बैंक के एटीएम को निशाना बना रहे थे। घटना की तहरीर बैंक प्रबंधक की ओर से दी गई है।

आजाद रोड पर आईडीवीआई बैंक है। शुक्रवार की शाम 6.20 बजे एक बैंक कर्मी बाहर मोबाइल पर बात रहा था। तभी रोडवेज बस स्टेंड की ओर से कार आई तो कार सवार दो युवकों को बैंक कर्मी ने पहचान लिया और बैंक मैनेजर को सूचना देकर कार को रुकवा लिया। दोनों युवकों से पूछताछ शुरू कर दी, तभी बैंक मैनेजर व अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों में कहासुनी हुई तो आसपास के लोगों ने पहुंच युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। कोतवाली पहुंचे बैंक मैनेजर दिवाकर यादव ने बताया कि दोनों युवकों ने कई बैंक के एटीएम से कैश डिस्पेंसर प्लेट लगाकर कई ग्राहकों के रुपये निकाले हैं।

### दो पैन कार्ड मामले में नहीं हो सकी गवाही

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में शुक्रवार को गवाह कोर्ट पहुंचे, लेकिन बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना आ जाने के कारण मामले की सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 27 मार्च को सुनवाई होगी।

अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल की कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को गवाह प्रवीण कटियार कोर्ट पहुंचे, लेकिन बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। इस पर कोर्ट ने बचाव पक्ष को अंतिम अवसर प्रदान किया।

### पिकअप ने दो साल के बच्चे को रौंदा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दौलतपुर अजमतपुर गांव में शुक्रवार सुबह दूध वाली पिकअप ने दो साल के बच्चे को रौंद दिया। उसके सिर पर पिकअप का पहिया उतर गया था। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि पिकअप डेयरी से दूध लेकर लौट रही थी, उसी दौरान गांव के प्रमुख मार्ग पर हादसा हुआ। शान मोहम्मद (2) पुत्र आले नबी को रौंदकर पिकअप मौके से निकल भी गई थी। रौंडा-झौंडा चौकी पुलिस इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने मृतक मासूम के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन ने पिकअप चालक के विरुद्ध तहरीर दी है। आले नबी ने बताया कि उनके पांच बच्चे हैं। जिनमें शान मोहम्मद की हादसे में मौत हो गई है।

# दुष्कर्म और जलाकर मारने के दो दोषियों को उम्रकैद

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** दलित नाबालिग लड़की का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने दोषी पाते हुए आजीवन कारवास की सजा सुनाई है।

एक पर एक लाख रुपये और दूसरे पर 59 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। मामले में तीसरे आरोपी की मुकदमा के दौरान मौत हो गई थी। किशोरी के पिता ने जिला संभल के पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया था, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी 16 साल की बेटी का 4 जुलाई 2014 रात लगभग एक बजे दो लोग बहला-फुसलाकर अपहरण करके ले गए थे। आरोप लगाया कि दोनों आरोपियों ने एक और साथी विजय के साथ मिलकर उनकी बेटी को कई जगह ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। उसे बेचने के लिए ले जा रहे थे। बेटी ने शोर मचाया तो आरोपियों ने तेल छिड़ककर आग लगाकर उसकी हत्या कर दी थी। संभल के पुलिस अधीक्षक के आदेश पर 9 जुलाई 2014 को संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव अहरौला नवाजी निवासी रामबाबू पुत्र ओमप्रकाश, मुकेश पुत्र राजेंद्र और उनके साथी विजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। उन पर हत्या, पॉक्सो एक्ट, एससीएसटी, सामूहिक दुष्कर्म आदि का मुकदमा चलाया गया।

### आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। हालांकि बाद में आंबेडकर पार्क में प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने वहां से हटा दिया।

शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष रविन्द्र भाटिया के साथ कार्यकर्ता आंबेडकर पार्क पर इकट्ठा हुए। यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सभी दलों के नेताओं को ईडी की धमकी देकर भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर कर रही है। जो नेता भाजपा की बात नहीं मान रहे उन्हें झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेज रही है। ऐसा ही हमारे सीएम केजरीवाल के साथ हुआ है।

# साढ़े पांच घंटे नजरबंद रहे आप जिलाध्यक्ष

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरी वाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी की ओर से विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया गया था। पुलिस ने आप जिलाध्यक्ष व सचिव को करीब साढ़े पांच घंटे उनके घर में नजरबंद रखा।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर आप नेताओं ने विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था। इसको लेकर शुक्रवार को जनपद में पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। पुलिस -प्रशासनिक के अफसर दिनभर इनपुट जुटाने में लगे रहे। यहां पहले चरण में मतदान होने से नामांकन प्रक्रिया चल रही है। इसे लेकर जिला प्रशासन सख्त है। इधर, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थक में प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार को जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा व सचिव एडवोकेट संजय सिंह के नेतृत्व में आप कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी के नेतृत्व में पहुंची सुनगढ़ी पुलिस ने आप जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा और सचिव एडवोकेट संजय सिंह को रामवाटिका कॉलोनी स्थित उनके घर में नजरबंद कर दिया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन लीo 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# 2025 में भारत का परिदृश्य सकारात्मक होगा

## वित्त मंत्रालय ने निजी निवेश में बढ़ोतरी के चलते आर्थिक समीक्षा में जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी




वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है।

आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया कि सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की है।

मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। समीक्षा में कहा गया कि कुल मिलाकर, भारत को वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत सकारात्मक रहने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग निर्माण गतिविधियों के लिए अच्छा संकेत है।

### आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने वर्ष 2024 25 के लिए बजट को दी मंजूरी




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2024-25 के लिए बजट को भी मंजूरी दी। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 607वीं बैठक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में नागपुर में संपन्न हुई। आरबीआई ने कहा-निदेशक मंडल ने भू-राजनीतिक विकास और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। इसके अलावा, निदेशक मंडल ने आरबीआई की गतिविधियों पर भी चर्चा की। इनमें चालू लेखा वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता में हुई प्रगति शामिल है। बैठक में केंद्रीय निदेशक मंडल के निदेशक सतीश के मराठे, रेवती अय्यर, सचिन चतुर्वेदी, वेणु श्रीनिवासन और रवींद्र एच ढोलकिया शामिल हुए।

# ई-कॉमर्स मंचों पर भी छा गया आम चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल ऑनलाइन सबसे ज्यादा देखा जा रहा




भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं। बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे।

एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए। उन्होंने कहा-जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं।

विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है। उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है। इस प्रवृत्ति पर समाचार एजेंसी द्वारा अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई। वहीं आपूर्तिकर्ता ने कहा कि पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,500-50,700 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 66,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 65,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 66,200 |
| चांदी आभूषण | 74,500। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 102 मसूरी 92 बासमती 135, **दाल दलहन**-काला चना 103 साबुत चना दाल 95 मूंग साबुत120 राजमा-145 दाल उड़द- 116 साबुत मसूर दाल70 मसूर दाल112 उड़द साबुत 113 काबुली चना 90-140 अरहर दाल 155 लोबिया/करमानी 84 सोयाबीन- 45-60 मूंगफली 76 मटर 48-61 मक्का 19 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद : 98 रुपये।

# सोने के भाव में 875 और चांदी में 760 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 875 रुपये की गिरावट के साथ 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 760 रुपये की गिरावट के साथ 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 875 रुपये की गिरावट दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,167 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर की गिरावट है।

## नीति आयोग ने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक टन कृषि फसल पैदा करने के लिए कई विकासशील देशों के मुकाबले 2-3 गुना अधिक पानी का उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि कई विकसित और विकासशील देशों ने कृषि क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन पर जोर दिया है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा विश्व जल दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया। कहा कि बढ़ती जनसंख्या और आय वृद्धि के कारण भोजन और पानी की मांग बढ़ रही है।

# जेनएआई में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पूरी तरह बदलने की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीडब्ल्यूसी इंडिया ने रिपोर्ट में जताया अनुमान

उत्पादक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनरेटिव-एआई) में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पूरी तरह से बदलने की क्षमता है जो चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज करने की दक्षता में सुधार कर सकती है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

'भारतीय स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र पर जेनएआई के प्रभाव का आकलन' शीर्षक वाली वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में जेनएआई का उपयोग करने वाले अग्रणी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा शामिल है और इस नवाचार का उद्योग पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है। वित्त, ई-कॉमर्स और विनिर्माण जैसे भारतीय उद्योग परिचालन दक्षता बढ़ाने और प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए धीरे-धीरे जेनएआई एवं अन्य एआई तकनीकों को अपना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक-स्वास्थ्य सेवा में जेनएआई उन्नत विश्लेषण को बढ़ा सकता है और रोगियों के लिए नैदानिक सिफारिशों को बेहतर बना सकता है। भारत में 2021-23 के बीच जेनएई स्टार्टअप की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है।

## राष्ट्रीय

### बुरा न मानो होली है...



अमृतसर के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में शुक्रवार को छात्रों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बसंत उत्सव की बधाई दी। ● एजेंसी

## द्रमुक नेता पोनमुडी को राज्यपाल रवि ने मंत्री पद की दिलाई शपथ

**चेन्नई।** उच्चतम न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के एक दिन बाद द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शुक्रवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई। पोनमुडी ने 19 दिसंबर 2023 को आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दोषी करार दिये जाने पर मंत्री पद गंवा दिया था। इसके तीन महीने बाद वह फिर से तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री बनाये गए हैं। राजभवन में एक समारोह में रवि ने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन तथा उदयनिधि स्टालिन और मा सुब्रमण्यन सहित अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में पोनमुडी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पोनमुडी को उच्च शिक्षा विभाग दिया गया है,जो संक्षिप्त अवधि के लिए पिछड़ा वर्ग मंत्री आर एस राजाकनप्पन के पास था।

# परामर्श प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश तय करेंगे

## सभी राज्यों के लिए उच्चतम न्यायालय ने संबंधित मामले में दायर याचिका पर की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह सभी राज्यों में लोकायुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्रियों, संबंधित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों तथा नेता प्रतिपक्षों द्वारा अनुसरण की जाने वाली परामर्श प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश तय करेगा।

शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया कि इस मामले में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से परामर्श नहीं किया गया था। इस मुद्दे के देशव्यापी प्रभाव के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने कहा कि कुछ प्रक्रियागत तौर-तरीके तय करने होंगे। पीठ ने कहा-देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस न्यायालय के लिए ऐसे मामलों में प्रभावी परामर्श के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करना उचित होगा। न्यायालय ने कहा कि इसका देशव्यापी प्रभाव है कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या होनी चाहिए। इसने कहा-यद्यपि कानून में यह प्रावधान है कि नेता प्रतिपक्ष भी एक सदस्य होगा, लेकिन फिर भी परामर्श प्रक्रिया के तौर-तरीके तय करने होंगे और आपको उस व्यक्ति (नेता प्रतिपक्ष) को कम से कम नामों पर विचार विमर्श के लिए एक अवसर देना ही होगा। शीर्ष अदालत नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) कांग्रेस के उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### मप्र में लोकायुक्त की नियुक्ति मामला



### कपिल सिब्बल ने नियुक्ति को मजाक बताया



सिंघार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसे प्रक्रिया का 'पूरी तरह से मजाक' बताया, क्योंकि इसके लिए कोई परामर्श नहीं किया गया था। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया गया और पूरी फाइल नेता प्रतिपक्ष को भेज दी गई। सिंघार ने मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 का हवाला देते हुए कहा था कि लोकायुक्त की नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से की जाती है। उन्होंने कहा था, इसलिए, संबंधित अधिनियम की धारा-तीन के अनुसार, नियुक्ति करने से पहले राज्य सरकार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के बीच उचित परामर्श किया जाना आवश्यक था।

## एक नजर

### चेन्नई में विस्फोट से एक किशोर की मौत

**चेन्नई।** 12वीं कक्षा के 17 वर्षीय एक छात्र की अपने आवास पर कुछ रसायनों के साथ प्रयोग करने के दौरान हुए विस्फोट में मौत हो गई। पुलिस ने बताया-छात्र कोलाथुर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत आने वाले एक निजी स्कूल में पढ़ता था। अपनी पढ़ाई संबंधी रुचि के चलते यह प्रयोग किया था, लेकिन उसमें विस्फोट हो गया। पुलिस के द्वारा बृहस्पतिवार को जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया गया कि इस घटना के बाद विशेषज्ञ छात्र द्वारा इस्तेमाल किए गए रासायनिक पदार्थ की जांच कर रहे हैं। इसमें कहा गया-ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ित ने अपनी शैक्षणिक रुचि के चलते अपने घर पर लापरवाही के साथ कुछ प्रयोग किए थे।

### भाजपा नेता ने किया संदेशखालि का दौरा

**कोलकाता।** उत्तरी 24 परगना जिले के हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा करने के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में पूर्ण अराजकता है। इस दौरे के दौरान घोष ने 25 से अधिक महिलाओं से बातचीत की जिन्होंने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के गुर्गों द्वारा कई वर्ष तक किये गये शारीरिक उत्पीड़न की कहानी बयां की। शेख फिलहाल जेल में बंद है।

## प्रधानमंत्री मोदी की वजह से फिर टल गई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय दिल्ली से बाहर हैं, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला नहीं हो सका। अनुमान है कि रविवार को भूटान से लौटने के बाद मोदी की उपस्थिति में चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें लगभग सभी नाम घोषित कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को तमिलनाडु के 14 व पुदुचेरी के एक उम्मीदवार की एक सूची और जारी की गई है। भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को दिनभर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री एवं विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों, मुख्यमंत्री व टिकट दावेदारों से विचार-विमर्श चलता रहा। उत्तर प्रदेश की 24 सीटों को लेकर भाजपा सूत्रों से पता चला है कि प्रधानमंत्री के आने के बाद ही इन सीटों के उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

## ए राजा, अन्य के खिलाफ अपील पर सुनवाई करेगी कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

### 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाले के मामले में पूर्व दूरसंचार मंत्री ए. राजा और अन्य को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की अपील को शुक्रवार को विचारार्थ स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि उपलब्ध सामग्री और विभिन्न पक्षों के वकीलों की दलीलों के आधार पर सीबीआई ने प्रथम दृष्टया एक मामला बनाया है और सभी साक्ष्यों के गहन अध्ययन की तथा अपीलों पर विस्तार से सुनवाई की जरूरत है।

न्यायाधीश ने कहा, '' अपील की अनुमति दी जाती है। अपील को मई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।'' 'अपील की अनुमति' अदालत द्वारा किसी पक्ष को किसी फैसले के खिलाफ किसी उच्च अदालत में अपील करने के लिए दी गई औपचारिक मंजूरी है। उच्च न्यायालय ने सीबीआई की छह साल पहले दायर 'अपील की अनुमति' याचिका पर यह फैसला सुनाया। सीबीआई ने 2018 में अपील दायर की थी। इस पर न्यायाधीश ने 14 मार्च को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। विशेष अदालत ने 21 दिसंबर, 2017 को राजा, द्रमुक सांसद कनिमोई और अन्य को 2जी घोटाले से मामलों में बरी कर दिया था।

## हिमाचल में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले तीन विधायकों ने दिया इस्तीफा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हालिया राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया। निर्दलीय विधायकों में से एक ने संवाददाताओं से कहा कि वे भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा (हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र), होशियार सिंह (देहरा) और के एल ठाकुर (नालागढ़) ने शुक्रवार को शिमला में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर से मुलाकात की और उसके बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया। होशियार सिंह ने संवाददाताओं से कहा-हमने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हम भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

# गिरफ्तारी से पहले अब तक पांच मुख्यमंत्री दे चुके हैं इस्तीफा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे पर बड़ा सवाल



**अमृत विचार:** शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। इस देश में अब तक विभिन्न आरोपों के तहत पांच मुख्य मंत्री गिरफ्तारी से पहले राज्यपाल को इस्तीफा दे चुके हैं। मगर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे।

कानूनविदों ने अपनी अलग-अलग राय व्यक्त करते हुए कहा है कि अभी तक जितने भी नेता गिरफ्तार हुए हैं, उनसे इस्तीफा लेने की एक परंपरा है। मगर बहुत कुछ निर्भर करता है कि संबंधित अदालत और उप राज्यपाल क्या फैसला लेते हैं।

भाजपा नेता उमा भारती सन 2003 में मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थीं। गैर जमानती वारंट के मामले पर धारवाड़ (कर्नाटक) जिले की एसपी डी रूपा उनको गिरफ्तार करने भोपाल पहुंच गई थी। जिसके चलते उमा भारती को भी 23 अगस्त 2004 में इस्तीफा देना पड़ा था।

झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ रक्षा जमीन में घोटाला करने का आरोप था। जांच के दौरान उन्हें समन भेजा गया और उन्होंने गिरफ्तारी से पहले 31 जनवरी 2024 को राज्यपाल को इस्तीफा दे दिया था।

चर्चित चारा घोटाला के आरोप में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव को भी जेल जाना पड़ा था। जेल जाने से पहले 25 जुलाई 1997 को उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के ऊपर बेनामी संपत्ति और आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगा था उन्होंने भी अपनी गिरफ्तारी से पहले 5 दिसंबर 1996 को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था।

उल्लेखनीय है कि सन 2011-12 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन छेड़कर अरविंद केजरीवाल ने केंद्र और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार को घेरा था। कॉमनवेल्थ खेल आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाडी को भी जेल जाना पड़ा था। मगर अब शराब घोटाला एवं मनी लांड्रिंग के आरोप में केजरीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं। केजरीवाल इस्तीफा देंगे या नहीं? इस सवाल पर सर्वोच्च न्यायालय एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के वकीलों की भी एक राय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विराग गुप्ता कहते हैं कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अरविंद केजरीवाल जेल से दिल्ली की सरकार चला सकते हैं और समय-समय पर अपनी कैबिनेट एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दे सकते हैं। लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की इजाजत उन्हें न्यायालय से लेनी पड़ेगी। वहीं दूसरी तरफ सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह कहते हैं कि अभी तक संविधान की शपथ लेने वालों को यह छूट नहीं मिली है कि यदि किसी मामले में वे गिरफ्तार होते हैं तो उन्हें पद पर बने रहने दिया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एसक्यू काजिम का स्पष्ट मत है कि संविधान में ऐसी व्यवस्था है कि किसी भी जन प्रतिनिधि को तब तक अपने पद पर बने रहना चाहिए जब तक उसे आरोपित मामले में दोषी करार नहीं दिया जाता है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजीव वशिष्ट कहते हैं कि न्यायालय में विचाराधीन किसी भी अभियुक्त को यह छूट नहीं मिली है कि उसे गिरफ्तार किया गया हो और उसे अपने सरकारी पद पर बने रहने दिया गया हो। वशिष्ठ ने जन प्रतिनिधि कानून का भी जिक्र किया है। जिसके तहत नैतिकता के आधार पर किसी भी नेता को अदालत से बरी होने तक अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए।

## बालाजी की याचिका पर 28 को फैसला सुनाएगी अदालत

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत द्वारा धन शोधन मामले में आरोपमुक्त करने से संबंधित द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की याचिका पर 28 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में 14 जून 2023 को सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था। यह घोटाला पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान का है जब वह परिवहन मंत्री थे। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने शुक्रवार को 28 मार्च के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया है।

# रॉयल चैलेंजर्स ने सीएसके को दिया 174 रनों का टारगेट

## अनुज रावत और कार्तिक ने की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी

## सीएसके की ओर से मुस्तफिजुर ने झटके 4 विकेट

चेन्नई, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल के ओपनिंग मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स को जीत के लिए 174 रन का टारगेट दिया है। खबर लिखे जाने तक चेन्नई सुपरकिंग्स ने 11 ओवर में तीन विकेट पर 102 रन बना लिए हैं। शिवम दुबे और डेरिल मिचेल क्रीज पर हैं। रचिन रवींद्र 15 बॉल पर 37 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कर्ण शर्मा ने यश दयाल के हाथों कैच कराया। कप्तान ऋतुराज गायकवाड (15 रन) यश दयाल की बॉल पर स्लिप पर खड़े कैमरन ग्रीन को कैच थमा बैठे। वहीं अजिंक्य रहाणे को कैमरन ग्रीन ने मैक्सवेल के हाथों कैच करवाया।

युवा अनुज रावत 48 रन और दिनेश कार्तिकी नाबाद 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 174 रनों का लक्ष्य दिया है। शुक्रवार को एम ए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में मुस्तफिजुर ने दो विकेट झटकते हुए आरसीबी को बैकफुट पर ला दिया। डुप्लेसी 23 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुये। वहीं रजत पाटीदार बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इसके बाद चाहर ने ग्लेन मैक्सवेल को शून्य पर निपटाकर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। विराट कोहली ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान विराट ने टी-20 में अपने 12 हजार रन भी पूरे किये। विराट को भी मुस्तफिजुर ने रविंद्र के हाथों कैच आउट कराया। उन्होंने 20 गेंदों में एक छक्के की मदद से 21 रन बनाये। इसके बाद मुस्तफिजुर ने कैमरून ग्रीन को 18 रन पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। अनुज रावत ने 25 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 48 बनाये। वह मैच की आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। वही दिनेश कार्तिक ने 26 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 रनों की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट लिये 95 रनों की साझेदारी करते हुए टीम को सम्मानजक स्कोर तक पहुंचा। चेन्नई के लिए मुस्तफिजुर रहमान के 29 रन देकर चार विकेट लिये। दीपक चाहर को एक विकेट मिला।

बेंगलुरु की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। मुस्तफिजुर रहमान ने 12वें ओवर की चौथी बॉल पर कमरन ग्रीन को बोल्ड कर दिया। ग्रीन 22 बॉल पर 18 रन बनाकर आउट हुए। दिनेश कार्तिक और अनुज रावत ने आरसीबी की पारी संभाली। दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम की नैया पार लगाई। 18वें ओवर दिनेश ने तुषार देशपांडे की पहली बॉल पर छक्का जमाकर फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की।



### चैलेंजर्स बेंगलुरु

| | |
|---|---|
| कोहली का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 21 |
| डुप्लेसी का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 35 |
| रजत का धोनी बो मुस्तफिजुर | 00 |
| मैक्सवेल का धोनी बो चाहर | 00 |
| कैमरन ग्रीन बो मुस्तफिजुर | 18 |
| अनुज रावत रन आउट | 48 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 38 |

**अतिरिक्त** : 13

**कुल** : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन

**विकेट पतन** : 1-41,2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173

**गेंदबाजी** :

दीपक चाहर 4-0-37-1
तुषार देशपांडे 4-0-47-0
महीश तीक्ष्णा 4-0-36-0
मुस्तफिजुर रहमान 4-0-29-4
रविंद्र जडेजा 4-0-21-0



### ओपनिंग सेरेमनी में दिखी भारत की धमक

चेन्नई, एजेंसी। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल के 17वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड कलाकारों से लेकर बेहतरीन लेजर शो का प्रदर्शन किया गया। चेपॉक क्रिकेट स्टेडियम में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ से लेकर सोनू निगम, एआर रहमान और मोहित चौहान जैसे बड़े कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति पेश की। लेजर शो में विक्रम लैंडर को देखकर फैंस पूरी तरह से अचंभित हो गए। इस लेजर शो में दिखाया गया कि कैसे लैंडर ने साउथ पोल पर लैंड किया था। आईपीएल के ओपनिंग सेरेमनी के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया। चंद्रयान और विक्रम लैंडर के साथ भारत की राजधानी इंडिया गेट का भी लेज शो दिखाया गया। इस दौरान इंडिया गेट पर अशोक चक्रन ने दर्शकों का मन मोह दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। उनके बाद टाइगर श्रॉफ ने जय जय शिव शंकर गाने पर डांस किया। सोनू के बाद एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया। आखिर में 'जय हो' गाने के साथ एआर रहमान ने सेरेमनी का समापन किया।



## खेल डायरी

### साथियान ने पहला डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीता

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15-13, 6-11, 11-8, 13-11 से मात दी थी।

### मियामी ओपन: कालिनिना ने वोज्नियाकी को हराया

**मियामी गार्डन्स।** यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैम्पियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह दो बच्चों की मां बनने के बाद पिछले साल कोर्ट पर लौटी। वह इस महीने इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंची लेकिन दाहिने पैर में चोट के कारण शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक के खिलाफ मुकाबला दूसरे सेट में छोड़ना पड़ा।

### फ्लिंटाफ टी20 विश्व कप के लिए बैकरूम स्टाफ में

**लंदन।** पूर्व आल राउंडर एंड्रयू फ्लिंटाफ को टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड के बैकरूम स्टाफ में शामिल किया गया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब इस पूर्व आल राउंडर को टीम के मुख्य कोच की संभावित उम्मीदवारी के संकेत के रूप में देखते हैं। फ्लिंटाफ 'द हंड्रेड' के इस सत्र में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के कोच होंगे और टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान भी टीम के साथ होंगे। की ने 'टेलीग्राफ' से कहा, ''मुझे लगता है कि वह एक शानदार मुख्य कोच होंगे।''

# लंबे समय तक बल्लेबाजी और हर दिन बेहतर होना चाहता हूं

चंडीगढ़, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब 15 महीने बाद शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स का यह कप्तान इससे पहले भावनाओं के गुबार से गुजर रहा है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं जिसके लिए वह उत्साहित भी हैं लेकिन थोड़ी घबराहट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने टीम के सत्र के पहले मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''घबराया हुआ हूं, उत्साहित हूं, नर्वस हूं, ऐसा सब महसूस कर रहा हूं लेकिन साथ ही खुश भी हूं कि पेशेवर क्रिकेट में वापस खेल रहा हूं। मैं कल अपने पहले मैच में खेलने के लिए उत्साहित हूं।'' पंत जानते हैं कि पुरानी लय में आने में उन्हें समय लगेगा लेकिन वह एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगाना चाहते हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व शिविर के बारे में बात करते हुए कहा, ''हर बार जब भी मैं मैदान पर उतर रहा हूं तो यह बहुत अलग महसूस हो रहा है। मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज जितना हो सके, उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। यह बेहतर भी है क्योंकि मैं जितना ज्यादा देर तक बल्लेबाजी करूंगा, शॉट लगाने के लिए उतनी ही बेहतर स्थिति में रहूंगा। मैं करीब डेढ़ साल से नहीं खेला हूं लेकिन 'मसल मेमरी' (अभ्यास से हासिल की गयी मांसपेशियों की गतिविधियां) तो बरकरार है।'' पंत ने कहा, ''मैं बचपन से ही खेल रहा हूं इसलिये यह इतनी आसानी से नहीं जाती है। इसलिये जितना मैं ज्यदा अभ्यास करूंगा, बतौर क्रिकेटर खुद को उतना ही बेहतर मौका प्रदान करूंगा।'' वह ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते।

**बोले पंत**



### श्रीलंका को समेटने के बाद बांग्लादेशी पारी लड़खड़ाई

**सिलहट।** खालिद अहमद और नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने शुक्रवार पहले टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका को पहली पारी में 280 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट गंवा कर लड़खड़ा गई है। बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और श्रीलंका ने जाकिर हसन नौ रन, कप्तान नजमुल शान्तो पांच रन और मोमिनुल हक पांच रन के विकेट झटक लिये है। दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने पहली पारी में 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिये और वह श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे लड़खड़ा गई है। महमुदुल हसन जॉय नाबाद नौ रन, तैजुल इस्लाम बिना खाता खोले क्रीज पर थे। इससे पहले बांग्लादेश ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# मनु पाल ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

- 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में जीता मेडल
- मनु ने पूरी दुनिया में कन्नौज का नाम किया रोशन

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार :** इत्रनगरी की बेटी ने भारत को कांस्य पदक दिलाकर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में मनु पाल से कांस्य जीतकर मान बढ़ाया है। नगर के मोहल्ला भैनपुरा निवासी लान बाल्स खिलाड़ी मनु पाल ने अंडर 25 आयुवर्ग में 15वीं एशियन लान बाल्स चैंपियनशिप थाईलैंड में सहभागिता की। इसका आयोजन तीन से दस मार्च तक थाईलैंड के पटाया में किया गया। इस चैंपियनशिप में 13 एशियाई देश इंडिया, श्रीलंका, मकाउ, फिलीपींस, थाईलैंड, हांगकांग, चीन, सिंगापुर, जापान, कोरिया, ईरान, ब्रूनेई, दारुस्सलाम ने प्रतिभाग किया। मनु को वुमेन फोर्स में कांस्य पदक मिला है। इस सफलता की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, तो ख़ुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने पिता रामनारायन पाल व मां हरिप्यारी देवी को बधाई दी। कांस्य पदक जीतने के बाद मनु पाल दूरभाष पर बताया कि आगे भी देश का नाम इसी प्रकार सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।




## बॉलीवुड हलचल

# अमित सियाल बोले- रणदीप के साथ मिलकर घिसे हैं बर्तन



**मुंबई, एजेंसी।** मिर्जापुर और महारानी जैसी वेब सीरीज में अपनी दमदार अदाकारी का लोहा मनवा चुके एक्टर अमित सियाल जल्द ही फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में नजर आएंगे। फिल्म में उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर (रणदीप हुड्डा द्वारा अभिनीत) के छोटे भाई, नारायण दामोदर का किरदार निभाया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने रणदीप हुड्डा से अपनी दोस्ती के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि रणदीप से उनकी दोस्ती तकरीबन 29 साल पुरानी है। दोस्त कम, हम भाई ज्यादा हैं। सालों पहले हम ऑस्ट्रेलिया में एक साथ थे। एक ही घर में रहते थे। वहां साथ में टैक्सियां चलाते थे। इतना ही नहीं, हमने वहां होटल में एक साथ बर्तन भी घिसे हैं। वेटर की जॉब करते थे। रणदीप की तारीफ करने हुए कहा कि रियल लाइफ में मैं उनसे केवल एक साल बड़ा हूं। लेकिन स्वाभाविक तौर पर वे मुझसे बड़े हैं। रणदीप बहुत ही मैच्योर व्यक्ति हैं। बतौर एक्टर भी उनका अनुभव मुझसे ज्यादा है। स्क्रीन पर हमारा ये पुराना बॉन्ड देखने को मिलेगा। स्क्रीन पर दोनों भाई की केमिस्ट्री दिखाने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

# अब राजनीति में भी चार चांद लगाएंगी उर्वशी रौतेला!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की स्टाइल आइकन उर्वशी रौतेला ने लोकसभा चुनाव 2024 की चर्चा के बीच हिंट दिया है कि वह भी चुनाव लड़ सकती हैं। उर्वशी ने कहा है कि उन्हें टिकट मिला है। हालांकि किस सीट से मिला है ये उन्होंने नहीं बताया है और ये भी नहीं बताया कि वह इलेक्शन लड़ रही हैं या नहीं। इस खबर से उर्वशी के फैंस काफी खुश हैं। उर्वशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह खुद इस बात के बारे में बताती नजर आ रही हैं। वह कह रही हैं, "टिकट मिली है मुझे लेकिन मुझे तय करना है कि मैं ये करने वाली हूं या नहीं। मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं या नहीं? आप लोग मुझे कमेंट सेक्शन में राय दें कि क्या मुझे राजनीति में शामिल होना चाहिए या नहीं।" दरअसल उर्वशी से राजनीति में उनकी दिलचस्पी के बारे में पूछा गया था, जिसके जवाब में उन्होंने टिकट मिलने की बात कही है। उर्वशी के राजनीति ज्वाइन करने की बात से हर कोई हैरान है।

# आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी मुखर्जी ने किया खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** रानी मुखर्जी ने हाल ही में खुलासा किया कि आदित्य चोपड़ा के बारे में उन्हें सबसे अच्छी बात क्या लगी थी। उन्होंने कहा कि दो लोगों के बीच में प्यार से ज्यादा सम्मान जरूरी होता है। रानी मुखर्जी ने 'सही कारणों' से शादी करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वे कई ऐसी महिलाओं को जानती हैं, जो अपनी पूरी लाइफ में भयानक रिश्तों को झेलती हैं। रानी मुखर्जी, आदित्य की ईमानदारी और उनकी लीडरशिप क्वालिटी से अट्रैक्ट हुई थीं। रानी बोलीं- मुझे लगता है कि वो वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। सच कहूं तो मेरे लिए ये काफी था। मैं अपने माता-पिता के साथ एक घर में पली-बढी हूं, और मैंने उनके रिश्ते को बहुत महत्व दिया है। मेरी लाइफ में, आसपास अच्छे लोगों का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे लोगों का सम्मान करना पसंद है। आदित्य के बारे में कहूं तो वो एक बहुत ही दयालु इंसान, एक अच्छे इंसान और अपनी टीम के लिए एक महान नेता हैं। रानी ने आगे कहा- आदित्य अपनी नैतिकता और निर्णय के मामले में बहुत निष्पक्ष हैं। एक समय के बाद आप प्यार से बाहर हो सकते हैं, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान होना बहुत जरूरी होता है। वो कभी नहीं खोना चाहिए। मेरे लिए ये बहुत जरूरी है। अगर मैं किसी के करीब रहना चाहती हूं तो मुझे उनका सम्मान करना ही होगा। मैंने दुनिया को बहुत करीब से देखा है, मैंने फिल्म इंडस्ट्री में कई वर्षों तक काम किया है। इसलिए, अगर मुझे इस इंडस्ट्री से किसी व्यक्ति का चुनाव करना था, तो वो व्यक्ति आदित्य के अलावा और कोई नहीं हो सकता था।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

